विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार

# दैनिक जागरण

वर्ष 72 | अंक 287 | पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 15 जुलाई, 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर | मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com


"सुंदरता, सत्य की मुस्कान है, जब वह खुद को एक पूर्ण दर्पण में देखती है।"
–रवीन्द्रनाथ ठाकुर

**ऑफ बीट**

## ये हैं दुनिया की पांच सबसे महंगी कॉफी



*चाहे सुस्ती महसूस हो या थकान हो गई हो, एक कप गर्मा-गर्म कॉफी पीना ऊर्जा पाने का सबसे बढ़िया तरीका होता है। यह पेय सदियों से दुनियाभर के लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। वैसे तो कॉफी बेहद किफायती होती है, लेकिन उसके प्रकार के अनुसार दाम बदलते हैं और जिनका स्वाद भी लाजवाब है।*

***फिंका एल इंजेर्टो:*** *ग्वाटेमाला में स्थित कॉफी का खेत है, जो अपनी असाधारण गुणवत्ता वाली कॉफी के लिए प्रसिद्ध है। यह कॉफी 94,000 रुपये प्रति किलो में बिक सकती है।*

***कोपी लुवाक:*** *इंडोनेशिया की पहचान है, जिसे सिविट कॉफी भी कहा जाता है। यह कॉफी एक प्रजाति की बिल्ली की पॉटी से तैयार होती है। यह 21,000 से 51,000 रुपये किलो में बिकती है।*

***ब्लैक आइवरी:*** *ब्लैक आइवरी दुनिया की सबसे दुर्लभ कॉफी है, जो थाईलैंड में ही मिलती है। यह अपनी अनोखी उत्पादन प्रक्रिया के लिए जानी जाती है, जिसमें हाथियों का उपयोग किया जाता है। एक किलो ब्लैक आइवरी कॉफी बनाने के लिए 33 किलो चेरी की जरूरत होती है। इसीलिए, इसकी कीमत 42,000 रुपये प्रति किलो है।*

***हैसिंडा ला एस्मेराल्डा:*** *पनामा के ठंडे पहाड़ी इलाकों से एक ऐसी कॉफी आती है, जिसका स्वाद फूलों के रस जैसा होता है। इसकी कीमत लगभग 29,000 रुपये प्रति किलो तक पहुंच सकती है।*

***सेंट हेलेना:*** *सेंट हेलेना कॉफी एक दुर्लभ और अत्यधिक मूल्यवान किस्म है। इसे अटलांटिक महासागर के मध्य में बसे सेंट हेलेना नाम के छोटे से द्वीप पर उगाया जाता है।*

**फर्जी रिफंड के खेल:** मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में इनकम टैक्स का बड़ा एक्शन, 13 ठिकानों पर छापेमारी

# देशभर के सीए और एलआईसी एजेंट के 200 ठिकानों पर छापे

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आयकर विभाग ने सोमवार को फर्जी इनकम टैक्स रिफंड के मामलों में देश भर के 200 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की है। इनमें मध्य प्रदेश के 10 और छत्तीसगढ़ के 3 ठिकाने भी शामिल हैं। मध्य प्रदेश में इंदौर, जबलपुर, रीवा, रतलाम और उज्जैन में, जबकि छत्तीसगढ़ में मनेंद्रगढ़, चिरमिरी और कोरिया में छापेमारी की गई। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 9 स्थानों पर सर्च (छापेमारी) और 4 स्थानों पर सर्वे की कार्रवाई अभी भी जारी है। इन शहरों में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), आयकर सेवा प्रदाताओं (आईटी प्रैक्टिशनर) और एलआईसी एजेंटों के ठिकानों पर गहन छानबीन चल रही है। अब तक इन ठिकानों से डिजिटल डिवाइस, लेन-देन के महत्वपूर्ण दस्तावेज और बैंकों की स्टेटमेंट जब्त की गई हैं। छापे की यह कार्रवाई मंगलवार तक जारी रहेगी, जिसके बाद ही पूरी जानकारी सामने आ सकेगी।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ सीए, आईटी प्रैक्टिशनर और एलआईसी एजेंट करदाताओं से आयकर रिटर्न भरवाने के बाद, टीडीएस के रूप में जमा राशि का फर्जी रिफंड करा रहे थे। रिफंड का खेल फर्जी दस्तावेजों के जरिए किया जा रहा था। बदले में करदाता से रिफंड का 10 से 25 प्रतिशत हिस्सा फीस के रूप में ले रहे थे। पिछले वित्त वर्ष में भी ऐसे लोगों पर आयकर विभाग ने मध्य प्रदेश में कार्रवाई की थी। फिलहाल, हजारों टैक्स पेयर्स के फर्जी क्लेम कर करोड़ों का टैक्स रिफंड केवल मध्य प्रदेश में ही लिया गया है। सीए और कंसल्टेंट रिटर्न में टैक्स पेयर की आय कम बताकर भी आयकर विभाग को कम टैक्स अदा करा रहे थे।

### उदाहरण से समझें फर्जी क्लेम का गणित

**नियम यह है**

टीडीएस की राशि कर्मचारियों के वेतन, ठेके की राशि आदि से काटकर सीधे आयकर विभाग के पास जाती है। यदि किसी टैक्स पेयर की आय आयकर की सालाना सीमा से कम होती है, तो उसे यह राशि नियम के तहत रिफंड की जा सकती है।




**ऐसे किया फर्जीवाड़ा**

टैक्स पेयर का पूरे साल का टीडीएस क्लेम करने के लिए मकान किराए, इलाज से लेकर बच्चों की स्कूल फीस से जुड़े फर्जी कागजात, बीमा की प्रीमियम की फर्जी रसीदें बनाकर आयकर से छूट का आवेदन बनाकर रिफंड के लिए भेजते थे।

**10 से 25 फीसदी कमीशन**

विभाग इसे सही मानकर 10 हजार का रिफंड प्रोसेस कर टैक्स पेयर के खाते में भेज देता था। इसके बाद ये टैक्स कंसल्टेंट उनसे तय की गई फीस के नाम पर इस रकम का 10 से 25 प्रतिशत हिस्सा ले लेते थे। ऐसा हजारों मामलों में किया गया है। यह फर्जीवाड़ा पिछले कई सालों से जारी था लेकिन पिछले साल इस पर आयकर विभाग की टेढ़ी नज़र पड़ गई थी।

### इधर, अन्य राज्यों में भी छापामारी | पॉलिटिकल डोनेशन और मेडिकल क्लेम के नाम पर हो रहे घोटाले के खिलाफ एक्शन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश भर में इनकम टैक्स विभाग ने फर्जीवाड़े के खिलाफ जोरदार कार्रवाई शुरू कर दी है। 200 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, जहां पॉलिटिकल डोनेशन, ट्यूशन फीस और मेडिकल खर्चों के नाम पर बड़ा घपला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई उन लोगों के खिलाफ है जो फर्जी बिल बनाकर टैक्स में छूट का गलत फायदा उठा रहे थे। विभाग को शिकायतें मिली थीं कि कई लोग नकली बिलों के जरिए टैक्स बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इनमें पॉलिटिकल डोनेशन के साथ-साथ मेडिकल खर्च और ट्यूशन फीस के नाम पर भी फर्जीवाड़ा शामिल है। यह खेल खास तौर पर बड़े शहरों में चल रहा था, जहां लोग रसूख का इस्तेमाल कर टैक्स चोरी कर रहे थे।



**बड़े शहरों में टैक्स चोरी का गोरखधंधा:** यह घपला खास तौर पर राजधानी और बड़े शहरों में ज्यादा देखा गया। यहां लोग रसूख और रिश्तों का फायदा उठाकर फर्जी बिलों के जरिए टैक्स बचाने में जुटे थे। इनकम टैक्स विभाग ने इन शिकायतों को गंभीरता से लिया और अब सख्ती से कार्रवाई कर रहा है।

#### दान की छूट का उठाया गलत फायदा

इनकम टैक्स एक्ट की धारा 80जीजीसी के तहत पॉलिटिकल पार्टियों या इलेक्टोरल ट्रस्ट को दिए गए दान पर टैक्स में छूट मिलती है। लेकिन कई बिचौलियों ने इस छूट का गलत फायदा उठाया। ये लोग 5 से 10 फीसदी कमीशन लेकर फर्जी बिल बनाते थे, जिनके जरिए टैक्सपेयर्स टैक्स में कटौती का दावा करते थे। यह धांधली सिर्फ पॉलिटिकल डोनेशन तक सीमित नहीं थी। कई लोग ट्यूशन फीस और मेडिकल खर्चों के नाम पर भी नकली बिल बनाकर टैक्स चोरी कर रहे थे। विभाग ने इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करने के लिए देशभर में ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की है।

## पीएस का एक्शन: 5 घंटे के लिए सिया ऑफिस पर ताला

### चेयरमैन का पीएम व एप्को डायरेक्टर पर आरोप

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राजधानी स्थित सिया (स्टेट एनवायरमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी) के चेयरमैन शिवनारायण सिंह चौहान का दफ्तर सोमवार को तकरीबन 5 घंटे सील रहा। जानकारी के मुताबिक पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव (पीएस) डॉ. नवनीत मोहन कोठारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। आखिरकार विदेश प्रवास पर गए मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद पांच घंटे बाद दफ्तर खोला गया।

असल में, कुछ दिनों पहले सिया चेयरमैन शिवनारायण सिंह चौहान ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि नियमों के विरुद्ध 237 आवेदनों पर एनवायरमेंट क्लीरेंस दिया गया। चौहान ने उल्लेख किया था कि परमीशन देने का अधिकार डायरेक्टर या प्रमुख सचिव को नहीं है। इसके बाद भी ऐसा करना अपराध की श्रेणी में आता है। चौहान ने प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन और एप्को के डायरेक्टर उमा आर माहेश्वरी पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने को कहा था। इसके बाद चेयरमैन और पीएस के बीच टकराहट की बात सामने आई थी। सोमवार को चेयरमैन के दफ्तर में ताला लगाने के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक, इसकी सूचना सीएम को दी गई, तो उन्होंने अधिकारियों को ताला खोलने के निर्देश दिए।

ताला खुलने के उपरांत सिया चेयरमैन अपने दफ्तर पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा परमीशन जारी करने पर हुए भ्रष्टाचार को उजागर किया था। इसलिए यह कदम उठाया गया। चौहान ने कहा कि पिछले 65 दिन से सिया की कोई बैठक नहीं बुलाई गई, जबकि नियम यह है कि सिया के खातों का निराकरण 45 दिनों में किया जाना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों का अप्रेजल नहीं हो सकेगा। चौहान ने कहा कि सोमवार को जब वो पत्र तैयार कराने के लिए सिया कार्यालय पहुंचे, तो दफ्तर बंद मिला। इस बारे में प्रशासनिक अधिकारी से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि पीएस का निर्देश है कि सिया के चेयरमैन को कार्यालय के कक्ष में नहीं बैठने दिया जाए। जिस दिन बैठक होगी, उस दिन तक केवल बैठक कक्ष में बैठेंगे, तब तक दफ्तर बंद ही रहेगा। उन्होंने कहा कि जब वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में बात लाई गई, तब जाकर उनका दफ्तर खुलवाया गया।



#### पर्यावरण मंजूरी में अनदेखी, लिखा पत्र

चेयरमैन चौहान ने मुख्य सचिव को जो पत्र लिखा था। इसमें कहा गया था कि खनिज के 200 सहित 450 प्रकरण के अलावा कुछ और मामलों में पर्यावरणीय मंजूरी देने के मामले में सिया की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। पीएम और डायरेक्टर ने 700 से अधिक लंबित प्रकरणों में से 237 पर्यावरणीय मंजूरी गैर कानूनी तरीके से पिक एंड यूज पैटर्न पर जारी कर दी हैं। जबकि सिंहस्थ से जुड़े कई अहम प्रोजेक्ट को लंबित रखा गया है।

#### कोठारी बोले- दो दिन की छुट्टी पर हूं

इस पूरे प्रकरण को लेकर पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत कोठारी ने कहा कि वे दो दिन की छुट्टी पर हैं। आरोपों पर उन्होंने कहा कि, उन्हें लेकर सिया के चेयरमैन क्या कहते हैं, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। जब छुट्टी से वापस आऊंगा। तभी ही इस संबंध में कोई बात कर पाऊंगा।




# बिरसिंहपुर में गैवीनाथ धाम में सावन के पहले सोमवार पर भक्तों का उमड़ा जनसैलाब



**जागरण, सतना।** जिले के बिरसिंहपुर में स्थित गैवीनाथ धाम जिसका वर्णन पद्म पुराण के पातालखंड में भी किया गया है यह उप ज्योतिर्लिंग के नाम से भी जाना जाता है। सावन महीने में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के पहले सोमवार पर भक्तों का उमड़ा जनसैलाब आपको बता दे सुबह के साढ़े पांच बजे से आरती होने के बाद से ही गैवीनाथ धाम में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक एवं दर्शन प्राप्त करने लगभग एक लाख की संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया मेला व्यवस्था की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी अयोध्या प्रसाद द्विवेदी एवं बिरसिंहपुर तहसीलदार डॉक्टर शैलेंद्र बिहारी शर्मा सभापुर थाना प्रभारी शंखधर द्विवेदी व बिरसिंहपुर नगर परिषद अधिकारी सीएमओ सुरेश सोनवानी अपने समस्त स्टाफके साथ मंदिर प्रांगण में मेले के अंत तक उपस्थिति रहे सभी की बहुत ही सराहनीय भूमिका रही। मंदिर प्रबंधक अध्यक्ष पंकज माली एवं गैवीनाथ सेवा समिति के मंत्री मक्खन माली के द्वारा भी मेला व्यवस्था को देखते हुए बहुत ही शानदार व्यवस्था मंदिर में की गई है। महाकाल की तर्ज पर हो रहे जलाभिषेक इस बार बिरसिंहपुर के गैवीनाथ धाम में भगवान भोलेनाथ को कोप्पा में जल डालकर जलाभिषेक करा रहे है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर की मेले व्यवस्था के सहयोग में मानव समाज विकास मंडल के अध्यक्ष रामकृष्ण नामदेव अपने 50 से ज्यादा स्वयंसेवको के साथ मंदिर प्रांगण में मंगलाआरती होने के बाद भीड़ संभालने व श्रद्धालुओं को मंदिर में सुचारू रूप से दर्शन कराने में व्यवस्था में लगे रहे' सावन मास के प्रथम सोमवार को बिरसिंहपुर के गैवीनाथ मंदिर में मंगल आरती के साथ दिखा आस्था और भक्ति का जन सैलाबएहर हर महादेवएएवं बम बम के उद्घोष से गूंजा शिवालय इस बार मेला व्यवस्था की सुरक्षा व्यवस्था हेतु मंदिर प्रांगण में तैनात होमगार्ड के गोताखोर जवान अंकित शुक्ला ने भीड़ में श्रद्धालुओं को दर्शन करने में सराहनीय भूमिका निभाई बिरसिंहपुर तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा ने भी अंकित शुक्ला की अच्छी कार्यशैली को देखते हुए सराहना की ।मंदिर प्रांगण में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी तहसीलदार ने मंदिर प्रांगण में अपना पूरा समय मेले व्यवस्था में दिया है बिरसिंहपुर तहसीलदार डॉक्टर शैलेंद्र बिहारी शर्मा की भी मेला व्यवस्था देखने में शानदार भूमिका रही 2 दिन पूर्व से ही मेले के चुस्त दुरुस्त व्यवस्था में तहसीलदार शैलेंद्र बिहारी शर्मा लगे हुए थे साथ में सभापुर थाना प्रभारी भी अपने समस्त स्टाफके साथ मेले व्यवस्था में अपना पूरा समय दिया।

## रामनगर में बीएलओ के लिए विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को रामनगर जनपद कार्यालय मे विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह ने स्वयं उपस्थित होकर बीएलओ को उनके कार्यों, दायित्वों तथा मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फॉर्म 6,7 और 8 को भरने की सही विधि को भी उदाहरण सहित समझाया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नायब तहसीलदार ललित कुमार धार्वे, प्रशिक्षण अधिकारी रमेश कुमार पटेल, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार दहायत एवं रामनगर निर्वाचन टीम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 16 जुलाई को तहसील मझगवां में

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) द्वारा जिले के भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ के कल्याणार्थ जानकारी देने तथा उनकी समस्याये सुनने के लिये 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे तहसील मझगवां में उपस्थित रहेगें। जिसमें सभी भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# मानस पंचामृत का हुआ विमोचन



**जागरण, सतना ।** रामचरित मानस को संग्रहित कर अधिवक्ता देवेंद्र सिंह तिवारी द्वारा मानस पंचामृत पुस्तक लिखी गई जिसका विमोचन जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विमोचन अवसर पर पुस्तक के लेखक अधिवक्ता देवेंद्र सिंह तिवारी ने बताया कि कोरोना काल में ईश्वर को याद करते हुए उन्होंने अपने परिवार के साथ रामचरित मानस का कई बार पाठ किया जिससे उन्हें प्रेरणा मिली कि आज के इस व्यस्ततम समय में लोगों के पास श्री रामचरित मानस जैसी भव्य ग्रन्थ पढ़ने के लिए लोगों के पास समय का अभाव होता है जिस कारण वह है पूर्व काल में ईश्वर द्वारा दिए गए संदेश को दोहरा नहीं पाते जिससे हम सब इस आधुनिक दुनिया में अपनी संस्कृति और संस्कार से दूर होते नजर आ रहे हैं। इसलिए उन्होंने श्रीरामचरित मानस से प्रमुख प्रमुख श्लोकों का संकलन करके अपने परिवार के साथ बैठकर मानस पंचामृत को लिख डाला जिसका आज भव्य विमोचन किया गया विमोचन अवसर पर मुख्य रूप से व्यवहार न्यायाधीश आनंद बागरी प्रशांत मार्सकोले के साथ अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सूर्यभान सिंह पूर्व अध्यक्ष राम लखन द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष राम शिरोमणि सिंह पुष्पराज सिंह बघेल अतुल त्रिपाठी देवेंद्र नाथ शुक्ला उपेंद्र कुमार पांडेय गीता प्यासी उपस्थित रहे वहीं मंच संचालन अधिवक्ता विष्णुधर भट्ट ने किया आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता रजनीश द्विवेदी हंसराज सिंह तिवारी प्रशांत त्रिपाठी विनोद कुमार पांडेय अशोक कुमार पांडेय शिवमोहन द्विवेदी पुष्पराज शुक्ला भूपेंद्र द्विवेदी प्रकाश पांडेय अरुणेंद्र भारती उमेश शुक्ला शिवाकांत शर्मा अंजनी गौतम शिवेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह शिवशंकर शर्मा एस के एस तिवारी राजेश्वर शुक्ला के साथ समस्त अधिवक्ता गण विमोचन अवसर पर उपस्थित रहे और अधिवक्ता देवेंद्र सिंह तिवारी द्वारा लिखित पुस्तक मानस पंचामृत में लिखी बातों की सराहना की और इस पुस्तक को पढ़कर उसे अपने जीवन में उतारने की बातें कही।

# आदर्श उच्च मा वि रामपुर में बच्चों को पेन कॉपी का हुआ वितरण



**जागरण, सतना।** नगर परिषद रामपुर बघेलान अंतर्गत संचालित आदर्श उच्च मा वि रामपुर बघेलान में नए शैक्षणिक सत्र में जुलाई 2025 मे निः शुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत गरीब बच्चो को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने के लिए विद्यालय प्रबंधन के द्वारा पेन कापी का वितरण किया गया। वहीं प्राचार्य रामचरित सिंह ने बच्चो को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। आज अंग्रेजी माध्यम के बच्चो को शैक्षणिक सामग्री का वितरण करते हुए उन्होंने बताया कि अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन कार्य का पहला सत्र प्रारंभ हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रामचरित सिंह, प्रिंसी शुक्ला, माया वर्मा, प्रियंका, कंचन, सुग्रीव प्रजापति,पंकज सिंह, नैन्सी सिंह, माया प्रजापति, नीरज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# व्यापारी संघ के समर्थन में उतरी नगरपालिका उपाध्यक्ष, कहा अतिक्रमण अब बर्दाश्त नहीं



**जागरण, सतना।** नगरपालिका उपाध्यक्ष शीतल नितिन ताम्रकार ने कहा कि शहर में फैले अतिक्रमण से अब आम जनता व्यापारी सभी परेशान है कई बार इस मामले को मेरे द्वारा सीएमओ और अध्यक्षा के संज्ञान में लाया गया लेकिन केवल आश्वासन ही मिला आजतक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई जिस कारण शहर का व्यापारी वर्ग आम जनता खासी परेशान है। हमारा व्यापारी संघ अतिक्रमण के मामले में जो भी निर्णय लेगा जैसा कि मुझे जानकारी मिली है कि प्रशासन को तीन दिन का अवसर अतिक्रमण हटाने के लिए दिया जायेगा और अगर इसके बाद भी अतिक्रमण पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो पूरा शहर बंद होगा और नगरपालिका से लेकर जिला प्रशासन का घेराव किया जाकर अनिश्चित कालीन जन आंदोलन किया जायेगा। शीतल नितिन ताम्रकार ने कहा कि हद हो गई निठल्ले पन की शहर की तमाम सड़के अतिक्रमण से पटी पड़ी है लोगो का सड़कों में चलना मुहाल हो रहा है पैदल चलने ने लोगों को सोचना पड़ रहा है ओवर ब्रिज सब्जी मंडी बन गई जिसकी जहां जैसी मर्जी दुकान सजा लेता है पूरा प्रशासन सबकुछ देख रहा है लेकिन किसी में हिम्मत नहीं कार्यवाही कर सके। अब व्यापारियों और आम जनता ने मन बना लिया है कि अब यह पुण्य कार्य स्वयं के हाथों से करेगी इस दौरान होने वाली किसी भी घटना दुर्घटना की जिम्मेवार जिला कलेक्टर होंगी सीएमओ नगरपालिका होंगी लेकिन अब अतिक्रमण हम बर्दाश्त नहीं करेंगे जो भी लड़ाई लड़नी पड़ेगी हम तैयार है जेल जाना पड़ेगा तो जायेंगे लेकिन अब यह होने नहीं देंगे।

# पानी में डूबने से मृत हुई दोनों बालिकाओ के परिजनों को दी जाये 20-20 लाख रूपये की सहायता राशि

## पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने मांग करते हुये जताया शोक



**जागरण, सतना।** रैगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हिलौंधा में धान का रोपा लगाने गए परिवार के साथ उनके बच्चों की बोर में फंस जाने से हुई मौत पर रैगांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है श्रीमती वर्मा घटनास्थल में पहुंचकर अधिकारियों के साथ रात को पानी में फंसे शवो को निकलवाने में मदद की व वहां पर उपस्थित अधिकारियों से व एन डीआर एफ की टीम से शवो को तत्काल पानी से बाहर निकालने का आग्रह किया पूर्व विधायक श्रीमती वर्मा ने पानी में डूब जाने से सोमवती साकेत एवं दुर्गा साकेत की हुई मौतों पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से पीड़ित परिवारों को 20.20 लाख रुपए देने की मांग करते हुए श्रीमती वर्मा ने वहां पर उपस्थित पीड़ित परिवारों को ढांढस बधाया व कहां कि आपके परिवार के संकट की इस घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार आपके साथ खड़ा है।

# आगजनी से पीड़ित युवक को उपचार के लिए मुख्यमंत्री ने दी 5 लाख की आर्थिक सहायता

## विधायक चित्रकूट की मांग पर मुख्यमंत्री ने प्रदान की सहायता



**जागरण, सतना।** चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कतकहा पो0 नरदहा के 20 वर्षीय निवासी गुड्डू डोमार आत्मज मथुरा डोमार जो अतिगरीब श्रेणी में आते हैं। गुड्डू महाकुम्भ मेला प्रयागराज में सफाईकर्मी के रूप में काम कर रहे थे। दिनांक 14 फरवरी 2025 को कुम्भ मेला क्षेत्र प्रयागराज में टेन्टो में भयावह आगजनी की घटना हुईए जिसमें भगदड़ के दौरान गुड्डू अचेत होकर गिर गये। जब उन्हे बचाकर निकाला गया तो उनके दोनो पैर बुरी तरह से जल गये थेए तत्समय इस घटना स्वरूप मानसिक विक्षोभ में कुछ समय के लिये उनकी वाणी जाती रही। लावारिस अवस्था में उन्हे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज मे बबलू के नाम से भर्ती कर दिया गया जहां उनका इलाज चल रहा था। इस बीच पीडित के परिजन उसे हरत रह से ढूंढने का प्रयास करते रहे। करीब दो सप्ताह बाद किसी सज्जन के गुड्डू की फोटो खीचकर व्हाट्सएप्प ग्रुप्स में सर्कुलेट करनें के फ्लस्वरूप उनके परिजनों को खोज.खबर मिली और वह प्रयागराज अस्पताल पहुंचे। पहुंचनें पर उन्हे ज्ञात हुआ कि बीते दो सप्ताहो मे अधिक जल जाने के कारण गुड्डू की एक टांग घुटने के उपर से काटनी पडी एवं डाक्टर दूसरी टांग को बचानें के लिये प्रयासरत थे। अगले दो सप्ताह मे इन्फेक्शन अधिक फैल जाने के कारण गुड्डू को अपनी दूसरी टांग भी घुटने के उपर से गंवानी पड़ी। इसके दस दिन बाद गुड्डू के माता पिता उसे वापस अपनें गृह ग्राम कतकहा जिला सतना मध्यप्रदेश लेकर आ गये। गुड्डू की हालत अभी भी बहुत गंभीर थी।

## जीपीएफखाता धारकों के लिए वर्ष 2024-25 के वार्षिक लेखा विवरण ऑनलाइन उपलब्ध होगी

**सतना।** महालेखाकार कार्यालय (लेखा एवं हकदारी)- द्वितीय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर द्वारा राज्य के शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) खातों के वर्ष 2024-25 के वार्षिक लेखा विवरण को अब ऑनलाइन उपलब्ध है। अधिकारी एवं कर्मचारी अब अपना जीपीएफ स्टेटमेंट कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट ूण्हउचण्दपबण्पद पर जाकर अपनी सीरीज, खाता क्रमांक तथा पासवर्ड दर्ज कर सीधे डाउनलोड कर सकते हैं। यह व्यवस्था न केवल पारदर्शिता बढ़ाएगी, बल्कि समय की भी बचत करेगी।

# एकेएस में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के मधुमक्खी पालन केंद्र पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न अंचलों जबलपुर मंडला डिंडोरी सिवनीएसतना अमरकंटक एंव छिन्दवाड़ा क्षेत्र के 30 युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ।प्रशिक्षण का उद्घाटन एकेएस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बी ए चोपाडे द्वारा किया गया। डॉ अशोक कुमार भौमिक संचालक पौध संरक्षण एंव मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ द्वारा मुख्य अतिथि ने मधुमक्खी पालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि मधुमक्खी पालन के बिना फसलों का उत्पादन बढ़ाना सम्भव नहीं है । यह हमारे सबसे महत्वपूर्ण छोटे मित्र कीट हैं। इनके बिना मानव का जीवन संकट मे आ सकता है अतः इनके छत्तो को कभी भी जलाना नही चाहिये। प्रशिक्षण मे शामिल सभी युवाओं को मधुमक्खी पालन की बारीकियों को समझने के लिये प्रोत्साहित किया एवं विश्वविद्यालय की शहद वाटिका में मधुमक्खी पालन देखा। डॉ भौमिक ने सरल भाषा में चित्रों के माध्यम से मधुमक्खी पालन पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया । मंच संचालन डॉ विष्णु उमर एंव आभार प्रदर्शन डॉ लाल ने किया । व्यवहारिक ज्ञान के लिए एकेएस शहद वाटिका एंव मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण केन्द्र में रखे मधु मक्खी बक्सो को डॉण् लाल बहादुर सिंह ने खोलने की विधि विस्तार से बताई एंव सभी प्रशिक्षुओं ने बक्सों को खोलकर डर दूर किया। डॉ भौमिक ने रानी मधुमक्खी के बारे में जानकारी दी। डॉ विष्णु उमर आदित्य पटेल एंव अमित बागरी ने मिलकर मधुमक्खी पालन में उपयोग आने वाले विभिन्न उपकरणों के उपयोग के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

## अतिवृष्टि वाले क्षेत्रों में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बिजली बहाल करें : कमिश्नर

**छतरपुर ।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के अतिवृष्टि वाले क्षेत्रों में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ विद्युत की आपूर्ति बहाल करने के निर्देश ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को दिए। कमिश्नर श्री सुचारी ने निर्देश दिए है कि सागर संभाग के छतरपुर और टीकमगढ़ जिले के कुछ क्षेत्रों में अतिवृष्टि होने के कारण बिजली के खंभे गिरने और ट्रांसफार्मरों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे छतरपुर और टीकमगढ़ जिले के प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रभावित गांवों में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी जिलों में लोगों को समुचित बिजली की आपूर्ति होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए है ।

**संसद भवन में ग्रामीण विकास और पंचायती राज समिति की बैठक में सतना सांसद ने कहा**

# भूमि अधिग्रहण के दौरान प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा मिले



**जागरण,** सतना। संसद भवन नई दिल्ली में ग्रामीण विकास और पंचायती राज संबंधी स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गईए जिसमें सांसद गणेश सिंह ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक का मुख्य विषय भूमि अधिग्रहण पुनर्वास और पुनरू पुनर्वास में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के कार्यान्वयन और प्रभावशीलता पर केंद्रित था। इस दौरान सांसद गणेश सिंह ने बैठक में अपने सुझाव प्रस्तुत किए और संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों से अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रगतिए चुनौतियों और प्रभावशीलता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। गणेश सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भूमि अधिग्रहण के दौरान प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करना आवश्यक हैए ताकि ग्रामीण समुदायों के हितों की रक्षा हो सके। बैठक में मंत्रालय के अधिकारियों ने अधिनियम के तहत अब तक की गई प्रगतिए डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण कार्यक्रम डीआईएलआरएमपी जैसी पहलों और ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। सांसदों ने विशेष रूप से पुनर्वास और पुनरू पुनर्वास की प्रक्रियाओं में सुधार भूमि संबंधी विवादों को कम करने और प्रभावित परिवारों के लिए आजीविका के अवसर सुनिश्चित करने पर चर्चा की।

# पौधरोपण में लापरवाही मिली तो खैर नही : संजना जैन

## एनआरएलएम समूह से जुड़ी महिला किसानों को एक बगिया मां के नाम परियोजना का मिलेगा लाभ



**जागरण, सतना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन द्वारा 2025-26 में होने वाले वृक्षारोपण परियोजना एक बगिया मां के नाम अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें एपीओ मनरेगा सहायक यंत्री उप यंत्री एवं एनआरएलएम के विकासखंड प्रबंधक व सहायक विकासखंड प्रबंधक एवं प्रशिक्षित कृषि सखियां उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ द्वारा 2025-26 में होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम की वृहद चर्चा की गई जिसमें वृक्षारोपण के उद्देश्य एवं इसमें चयनित होने वाले हितग्राही कौन होंगे तथा कितने लागत की परियोजना होगी कितने वर्ष की होगी इसका देखभाल कौन करेगा जैसे विषय ऊपर परिदृश्य स्पष्ट किए गए साथ ही ईईआरईएस द्वारा एस्टीमेट कितने का बनेगा तथा कौन.कौन सी सामग्री लगेगी व योजना की सतत मॉनिटरिंग कौन करेगा कि जानकारी दी गई तथा श्रीमती भारती दीक्षित जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम द्वारा अप के माध्यम से होने वाले चिन्ह्यांकन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल द्वारा वृक्षारोपण को कैसे लाभप्रद बनाया जा सकता है के संबंध में विस्तृत चर्चा सभी से की गई जिला पंचायत द्वारा हिदायत दी गई कि वृक्षारोपण पर किसी भी प्रकार की लापरवाही मान्य नहीं होगी कार्य पूर्णता गुणवत्ता युक्त किया जाना है यदि भविष्य में किसी प्रकार की भी लापरवाही पाई जाती है तो जिम्मेदारों के प्रति कड़ी कार्रवाई की जाएगी एवं शासन की मार्गदर्शिका अनुसार हितग्राहियों के चयन किया जाना है जिसमें प्रशिक्षित कृषि सखी हितग्राही द्वारा आजीविका मिशन में पंजीकृत स्व सहायता समूह की महिला किसानों का चयन किया जाना है जिसमें हितग्राही के भूमि का नक्शा खसरा का सत्यापन राजस्व पटवारी से अनिवार्यता करने के निर्देश जिसमें इस बात का भी ध्यान रखा जावे की कर करने की इच्छुक हितग्राहियों का ही चयन इस कार्य में किया जाए सभी हितग्राहियों का फाइनल चयन शासन द्वारा बनाए गए शिपरी सॉफ्टवेयर से किया जाएगा साथ ही कि भूमि पर कौन.कौन से फल आधारित पौधे लगाए जाएंगे इसकी भी सलाह सॉफ्टवेयर के माध्यम से दी जाएगी परियोजना 3 वर्ष की होगी लगभग लागत 284000 प्रति एकड़ प्रति किसान के हिसाब से होगी साथ ही आपो एवं सहायक यत्रियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिए गए ।

# बिहारी रामलीला समाज की बैठक सम्पन्न



**जागरण, सतना।** बिहारी रामलीला समाज सतना की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री बिहारी मंदिर परिसर बिहारी चौक में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष रविशंकर गौरी ने की। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित होने जा रहे 129वें रामलीला महोत्सव की तैयारियों पर विस्तार से विचार.विमर्श किया। विजयदशमी पर्व के उपलक्ष्य में होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन को और अधिक भव्य व सुसंगठित रूप से संपन्न कराने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। महंत बृजेंद्र कुमार दुबे सह महंत शैलेन्द्र कुमार दुबे सुरेश केसरवानी उपाध्यक्ष श्याम लाल गुप्ता सुधीर अग्रवाल कोषाध्यक्ष आशुतोष दुबे नन्नूलाल गर्ग रमाकांत पटेल जगदीश प्रसाद सोनी प्रवेश मिश्रा ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी कमलेश गर्ग बैठक में सभी सदस्यों ने एकमत से आयोजन की पूर्व तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया और कार्यविभाजन व संगठनात्मक सुझावों पर चर्चा कर निर्णय लिए। श्री बिहारी रामलीला समाज का यह आयोजन सतना की सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है जो वर्षों से जनमानस की आस्था और परंपरा से जुड़ा हुआ है।

## डॉ राकेश मिश्रा आज आयेंगे



**सतना।** गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र मंगलवार को आनंद विहार रीवा सुपरफास्ट ट्रेन द्वारा सतना नगर आगमन होगा। सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि डॉ राकेश मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय नेह निकुंज रीवा रोड सतना में आगामी 26 व 27 जुलाई 2025 को आयोजित 45 वाँ मल्टी.स्पेशियलिटी हेल्थ चैक अप कैंप के कार्यक्रम की तैयारियों हेतु व व्यवस्था बैठक में कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। आगे राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया है कि स्वर्गीय शंकर प्रसाद ताम्रकार की पुण्यतिथि पर आयोजित व्याख्यान माला में शामिल होंगे।


**कार्यालय नगर परिषद बिरसिंहपुर जिला सतना म.प्र.**

क्रमांक /....../ न.प./2025 बिरसिंहपुर दिनांक . /2025

नामान्तरण/(हकान्तरण) हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार नामान्तरण / हकान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्राप्त हुआ है।

| हस्तान्तरण कर्ता का नाम | हस्तान्तरण ग्रहिता का नाम | वार्ड क्रमांक | रकवा | नामान्तरण का आधार पर |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री लालमन विश्वकर्मा<br>2. श्री रामगोपाल गुप्ता<br>3.श्री कृष्ण कुमार बुनकर<br>4. सावित्री , रंजना | श्री केदरा विश्वकर्मा श्रीमती सुनीता गुप्ता रामचरण बुनकर स्व. मोहन लाल विश्वकर्मा | 13<br>07<br>03<br>05 | 41×50, 50×25, 17×36, वर्गफुट 10×100, 11×21, 26×40, 10×50, | पिता द्वारा की गई रजिस्ट्री के आधार शहमत शपथ पत्र शहमत शपथ पत्र वरिशाना के आधार पर |

इस संबंध में जिस व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रमाण सहित कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों में कोई भी विचार नही किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बिरसिंहपुर
जिला सतना म.प्र.

▶▶ वर्ष 72 ▶▶ अंक 287 ▶▶ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 15 जुलाई, 2025
▶▶ श्रावण कृष्ण पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
▶▶ नगर ▶▶ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


"हम एक अद्भुत दुनिया में रहते हैं, जो सुंदरता, आकर्षण और रोमांच से भरी हुई है। यदि हम केवल खुली आंखों से उन्हें खोजें तो रोमांचों का कोई अंत नहीं है।
- जवाहरलाल नेहरू

## 'वैदिक उद्घोष' थीम पर निकली महाकाल की पहली सवारी




**जागरण, उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में सावन के पहले सोमवार पर भगवान महाकाल नई पालकी में प्रजा का हाल जानने निकले। पहली सवारी 'वैदिक उद्घोष' की थीम पर निकाली गई। सवारी शिप्रा नदी पहुंची। यहां महाकाल का पूजन किया गया। रात करीब 7 बजे पालकी मंदिर वापस पहुंची। सवारी में अलग-अलग जिलों से आई भजन मंडलियां नाचते-गाते चलीं। इसके पूर्व तड़के 2.30 बजे महाकालेश्वर मंदिर के कपाट खोले गए। कपाट रात 10 बजे शयन आरती तक खुले रहे। शाम तक करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने दर्शनलाभ लिया।

### हाई कोर्ट का निर्णय किया खारिज, सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई पति-पत्नी की बातचीत अब वैध साक्ष्य

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि पति-पत्नी के बीच गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई टेलीफोनिक बातचीत को पारिवारिक मामलों में साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। यह फैसला पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के उस निर्णय को खारिज करता है जिसमें पत्नी की बिना जानकारी रिकॉर्ड की गई बातचीत को निजता का उल्लंघन बताते हुए साक्ष्य के रूप में अस्वीकार कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि ऐसा कोई भी साक्ष्य जो सत्य को उजागर करने और न्याय सुनिश्चित करने में सहायक हो, उसे खारिज नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 का हवाला देते हुए कहा कि यह धारा पति-पत्नी के बीच की संचार को गोपनीय मानती है, लेकिन इसमें अपवाद भी है ङ्क जब पति-पत्नी एक-दूसरे के विरुद्ध मुकदमे में हों। कोर्ट ने कहा कि धारा 122 को संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार के परिप्रेक्ष्य में पढ़ा जाना चाहिए।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा, 'हम नहीं मानते कि इस मामले में कोई निजता का उल्लंघन हुआ है। बल्कि, इस धारा में पति-पत्नी के बीच की गोपनीयता के अधिकार को लेकर अपवाद की व्यवस्था है। यह किसी भी प्रकार से अनुच्छेद 21 में वर्णित निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं करता।'

### टूट चुके रिश्ते में 'जासूसी' भी खुद एक संकेत



कुछ वकीलों ने दलील दी कि इस तरह के साक्ष्य को अनुमति देने से वैवाहिक संबंधों में जासूसी को बढ़ावा मिलेगा और घरेलू शांति भंग होगी। कोर्ट ने इसे नकारते हुए कहा- 'अगर पति-पत्नी एक-दूसरे पर नजर रखने लगे हैं, तो यह अपने-आप में उनके रिश्ते के टूटने और विश्वास के खत्म होने का संकेत है। ऐसे मामलों में सच्चाई को सामने लाना ज्यादा जरूरी है।'

### यह है मामला

बठिंडा के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की रिकॉर्ड की गई कॉल्स को मानसिक क्रूरता सिद्ध करने के लिए प्रस्तुत किया था। पत्नी ने इसे निजता का उल्लंघन बताते हुए हाई कोर्ट में चुनौती दी। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा था कि इस तरह की रिकॉर्डिंग 'गोपनीयता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन' है। साथ ही कोर्ट ने माना था कि ऐसे साक्ष्य के संदर्भ और परिस्थितियों को समझना मुश्किल होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एसीजे सचदेवा मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

**जागरण, जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त कर दिया गया है। इस सिलसिले में भारत शासन, विधि व न्याय मंत्रालय, न्याय विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अनुसार भारत के संविधान में दी गई व्यवस्था के अंतर्गत राष्ट्रपति ने नियुक्ति आदेश जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि मप्र हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत के सेवानिवृत्त होने के बाद रिक्त हुए मुख्य न्यायाधीश के पद पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बतौर वरिष्ठतम न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा को नियुक्त किया गया था। वे 30 मई, 2024 को दिल्ली हाई कोर्ट से स्थानांतरित होकर मप्र हाई कोर्ट आए थे। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत के पदभार संभालने से पूर्व भी यहां कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पद की जिम्मेदारी संभाल चुके थे।



### एआई से झूठी जानकारी फैलाने पर केस दर्ज

**धर्मस्थल (कर्नाटक), जेएनएन।** कन्नड़ यूट्यूबर समीर एमडी पर झूठी जानकारी फैलाने और दंगा भड़काने की नीयत से भड़काऊ वीडियो प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, समीर का वायरल वीडियो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से बनाया गया था और इसमें यौन उत्पीड़न पीड़ितों के कथित गुप्त दफन से जुड़े मामले में कई झूठे और मनगढ़ंत तथ्य प्रस्तुत किए गए थे। यह तथ्य एक वीडियो में हैं, जो 23 मिनट 52 सेकंड का है और इसे शनिवार को यूट्यूब पर अपलोड किए जाने के बाद अब तक 31 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। दक्षिण कन्नड़ पुलिस का कहना है कि यह वीडियो एक पूर्व सफाई कर्मचारी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत से परे जाकर कई असत्य दावों को प्रचारित करता है। वीडियो में अदालत में दर्ज आधिकारिक बयान और न्यायिक प्रक्रियाओं को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है। समीर एमडी पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 192, 240 और 353(1)(ङ्) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सिमी पर जारी रहेगा प्रतिबंध, याचिका खारिज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक न्यायिक न्यायाधिकरण के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ाए जाने की पुष्टि की गई थी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने न्यायाधिकरण के 24 जुलाई, 2024 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। इसके बाद केंद्र सरकार ने 29 जनवरी, 2024 को सिमी पर प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया था जिसके बाद न्यायाधिकरण का गठन गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत किया गया था। सिमी को पहली बार 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान गैरकानूनी घोषित किया गया था और तब से प्रतिबंध को समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा है।

### सोशल मीडिया पोस्ट और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा-

# बंधुत्व से कम होगी नफरत, तोड़ने वाली प्रवृत्तियों पर लगाम जरूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वाले पोस्ट और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यदि नागरिकों में आपसी बंधुत्व होगा, तो नफरत और विभाजनकारी प्रवृत्तियाँ स्वतः कम होंगी।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और केवी विश्वनाथन की पीठ कोलकाता निवासी वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। खान ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर देशभर में दर्ज एफआईआर को एक जगह समेकित करने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि सोशल मीडिया पर नफरत और असहमति को भड़काने वाले कंटेंट देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचाते हैं।

'ऐसी प्रवृत्तियां सीमित की जानी चाहिए। लेकिन सवाल यह है कि राज्य कब तक हस्तक्षेप करेगा? नागरिकों को खुद को नियंत्रित करना चाहिए, नहीं तो राज्य को कदम उठाना पड़ेगा और कोई भी नहीं चाहता कि राज्य ऐसा करे।' न्यायालय ने सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट के दुष्प्रभाव पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा, 'एक बार जब कोई कंटेंट इंटरनेट पर चला जाता है, तो वह हमेशा के लिए रहता है। जिम्मेदारी से राय रखना और किसी को अपमानित करना, दोनों में फर्क होता है।'

पीठ ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर कंटेंट पोस्ट करना आसान है, लेकिन उसका प्रभाव गहरा और लंबे समय तक रहता है। इसलिए इससे उत्पन्न होने वाली अवांछित कानूनी कार्रवाइयाँ न्यायपालिका को अनावश्यक रूप से बोझिल कर रही हैं।

### स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी जरूरी

"यदि नागरिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार चाहते हैं, तो उन्हें उसके साथ आने वाली सीमाओं और जिम्मेदारियों को भी समझना होगा। संविधान का अनुच्छेद 19 राज्य के खिलाफ अधिकार देता है, लेकिन नागरिकों को भी एक-दूसरे के प्रति मर्यादा रखनी होगी।
● जस्टिस नागरत्ना



### कंटेंट नजरअंदाज करें नागरिक

जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि यदि नागरिक खुद ही इस प्रकार के कंटेंट को नजरअंदाज करना शुरू करें, तो ऐसी प्रवृत्तियों को बढ़ावा नहीं मिलेगा। इसका समाधान यही है कि लोग इन ट्वीट्स को देखना, शेयर करना बंद करें। लेकिन सवाल यह है कि लोगों की समझ कब जागेगी?

### वजाहत खान ने मांगी माफी

याचिकाकर्ता वजाहत खान के वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल ने स्वीकार किया कि पोस्ट आपत्तिजनक थे और खान ने सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है तथा पोस्ट हटा दिए हैं। उन्होंने कहा कि खान ने वही गलती की, जिसकी शिकायत पहले उन्होंने दूसरों के खिलाफ की थी।

#### सुप्रीम कोर्ट की फटकार

### कार्टूनिस्ट ने कार्टून हटाने पर दी सहमति

**नई दिल्ली।** इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय, जिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को लेकर आपत्तिजनक कार्टून पोस्ट करने का मामला दर्ज हुआ था, ने सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद अपने पोस्ट हटाने पर सहमति जताई है। सोमवार को हुई संक्षिप्त सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और अरविंद कुमार की पीठ ने मालवीय की हरकत को 'उकसाने वाला और अपरिपक्व' बताया। कोर्ट ने सवाल किया कि क्या वह पोस्ट हटाने को तैयार हैं, जिस पर हेमंत की वकील वृंदा ग्रोवर ने सहमति दी और कहा कि 'मैं बयान देती हूं कि मैं आपत्तिजनक टिप्पणियों का समर्थन नहीं कर रही हूं।' ग्रोवर ने यह भी कहा कि यह मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा है और पुलिस उनके घर आकर दबाव बना रही है। उन्होंने 50 वर्षीय मालवीय के लिए अंतरिम सुरक्षा की मांग की।

# शुरू हुआ शुभांशु का धरती की ओर 23 घंटे का सफर

**फ्लोरिडा/ नई दिल्ली, जेएनएन।** 41 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर भारतीय झंडा अंतरिक्ष में लहराकर लौटने वाला है। वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सोमवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से पृथ्वी के लिए रवाना हो गए हैं। अब उनका 23 घंटे लंबा वापसी सफर शुरू हो चुका है, जो मंगलवार दोपहर लगभग 3 बजे समुद्र में 'स्प्लैशडाउन' के साथ पूरा होगा। यह मिशन भारतीय अंतरिक्ष इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ रहा है। शुभांशु शुक्ला न केवल आईएसएस जाने वाले पहले भारतीय हैं, बल्कि 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय भी हैं।

**अंतरिक्ष में 18 दिन का अद्वितीय अनुभवः** शुभांशु शुक्ला ने 26 जून को आईएसएस पहुंचकर 18 दिन का ऐतिहासिक प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों में भाग लिया, जिनमें भारत के 7 प्रमुख प्रयोग शामिल थे। इस दौरान शुभांशु ने स्पेस में मेथी, मूंग और माइक्रो एल्गी को उगाया। इसके साथ ही हड्डियों की सेहत, और गैस्ट्रो स्वास्थ्य समेत अन्य कई शोध किए।



### धरती से संवाद और देश की पहचान

28 जून को शुभांशु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अंतरिक्ष से संवाद किया। उन्होंने बताया कि 'अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है'। पीएम के गाजर का हलवा पूछने पर बोले - 'हां, साथियों संग मिलकर खाया!' 3, 4 और 8 जुलाई को उन्होंने लखनऊ, बेंगलुरु और तिरुवनंतपुरम के 500 से अधिक छात्रों से रेडियो के जरिए संवाद किया। उनका उद्देश्य विज्ञान और तकनीक में युवाओं की रुचि बढ़ाना था। 6 जुलाई को उन्होंने इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन और वैज्ञानिकों से बातचीत की और अपने अनुभव भारत के गगनयान मिशन से जोड़ने की बात कही।

### गगनयान मिशन की तैयारी में मील का पत्थर

शुभांशु का यह अनुभव भारत के गगनयान मिशन की नींव मजबूत करेगा। 2027 में लॉन्च होने वाले इस मानव मिशन में भारतीय गगनयात्री पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजे जाएंगे। अंतरिक्ष यात्रियों को जहां अमेरिका में 'एस्ट्रोनॉट', रूस में 'कॉस्मोनॉट', चीन में 'ताइकोनॉट' कहते हैं, भारत उन्हें 'गगनयात्री' कहता है और शुभांशु इस गौरव का प्रतीक बन चुके हैं।

## जांच रिपोर्टः नहीं मिले यांत्रिक या मेंटेनेंस दोषः एआई सीईओ

**अहमदाबाद/नई दिल्ली, जेएनएन।** अहमदाबाद विमान हादसे की शुरुआती जांच रिपोर्ट में विमान या इंजन में किसी यांत्रिक या रख-रखाव संबंधी खामी का उल्लेख नहीं किया गया है। यह जानकारी एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने एक आंतरिक ईमेल में कर्मचारियों को दी। विल्सन ने बताया कि दुर्घटना की जांच कर रहे एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की प्रीलिमिनरी रिपोर्ट ने न तो कोई दुर्घटना का कारण निर्धारित किया है और न ही किसी निर्माता या संस्तुति के खिलाफ तत्काल कोई कार्रवाई सुझाई है। रिपोर्ट में ईंधन की गुणवत्ता, टेक-ऑफ रोल और पायलटों के मेडिकल परीक्षणों से भी जुड़ी कोई असामान्यता नहीं पाई गई है। विल्सन ने लिखा, 'पायलटों ने उड़ान से पूर्व अनिवार्य ब्रेथ एनालाइज़र परीक्षण पास किया, और उनकी मेडिकल स्थिति को लेकर रिपोर्ट में कोई आपत्ति नहीं है।'



विल्सन ने कहा कि दुर्घटना के बाद सभी बोइंग 787 विमानों की तुरंत जांच कराई गई थी, जिनमें कोई दोष नहीं पाया गया। उन्होंने आगे कहा, 'जांचकर्ता पूरी तरह से निष्पक्ष और व्यापक जांच कर सकें, इसके लिए हम हर संभव सहयोग जारी रखेंगे। भविष्य में किसी भी नई जांच या संशोधन की मांग आने पर उसे भी प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।'

### दुबई प्रवास के दूसरे दिन निवेशकों से की वन-टू-वन चर्चा

## प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है मप्रः सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है। प्रदेश में निवेश और व्यापार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इन्हीं संभावनाओं को लेकर दुबई में निवेशकों से वन टू वन चर्चा हुई है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आएं है।

सीएम ने यह बातें सोमवार को दुबई में मीडिया से संवाद के दौरान की। उन्होंने बताया कि एयर एंबुलेंस फ्लाइट सेक्टर में अच्छी संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश एविएशन में जो काम कर रहा है दुबई उसमें सहयोग करने के लिए तैयार है। हमारी सरकार विदेश में कैसे आसानी से व्यापार करें, सरकार किन-किन क्षेत्रों में व्यापार कर सकती है, उस पर गहन विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में खदानें भी हैं, उद्योग भी हैं, फूड पार्क भी हैं। निवेशकों से अलग-अलग सेक्टर को लेकर चर्चा की। वन-टू-वन बैठक में भी निवेशकों से अच्छी और सकारात्मक बात की है। बैठकों के दौरान वेलनेस, हेल्थ, एनर्जी, सर्विस सेक्टर में अच्छे सुझाव मिले।



सोमवार को दुबई में 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश-बिजनेस फोरम' का शुभारंभ करते सीएम।

सीएम ने कहा कि दुबई के निवेशकों ने मध्यप्रदेश में गोल्ड एवं डायमंड माइनिंग सहित कई सेक्टर में निवेश करने की रुचि दिखाई। प्रदेश की छवि को ब्रांड इंडिया के अंतर्गत वैश्विक स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने में भारतीय मिशन की भूमिका निर्णायक हो सकती है।

### बेकाबू स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, चार की मौत

**जागरण, श्योपुर।** सड़क पर बैठी गाय को बचाने के प्रयास में जिले में रविवार रात 11.30 बजे एक स्कॉर्पियो खाई में उतरकर पेड़ से जा टकराई। काली तलाई इलाके में हुए हादसे में राजस्थान के रहने वाले बाप-बेटे समेत 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं गाय की भी मौत हो गई है, जबकि गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। दरअसल स्कॉर्पियो से सभी लोग रविवार रात करीब आठ बजे अशोकनगर से राजस्थान के लिए रवाना हुए थे। रात 11.30 बजे तेज बारिश के बीच काली तलाई रोड पर एक गाय बैठी दिखी। ड्राइवर ने गाय को बचाने की कोशिश में अचानक स्टीयरिंग घुमा दी, जिससे गाड़ी कंट्रोल से बाहर हो गई और तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सड़क से नीचे उतरकर खाई में एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई।

**सेहत** | वैज्ञानिक शोध में सामने आई शराब छोड़ने के बाद शरीर में होने वाले बदलावों की वैज्ञानिक टाइमलाइन, पहले दिन से असर हो जाता है शुरू

# शराब से महज एक दिन की दूरी देगी आपकी सेहत को राहत!

**सिडनी, जेएनएन।** शराब छोड़ने का विचार यदि आपके मन में कभी आया है, तो अब उसे टालिए मत। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि शराब से दूरी सिर्फ एक दिन में आपके शरीर को बेहतर बनाना शुरू कर देती है। चाहे आप हल्के, मध्यम या भारी मात्रा में शराब पीते हों, जैसे ही आप इसे छोड़ते हैं, शरीर और दिमाग राहत की ओर बढ़ने लगते हैं। यह रिपोर्ट शराब छोड़ने के पहले दिन से लेकर साल भर तक के समय में शरीर में होने वाले सकारात्मक बदलावों को दर्शाती है।

इस बदलाव की टाइमलाइन को लंबे शोध के बाद बनाया गया है। इसके मुताबिक पहले दिन से ही शरीर पर शराब न पीने का असर दिखने लगता है। शोध में पाया गया कि जो हल्के शराब पीने वाले लोग शराब छोड़ देते हैं, उनमें कैंसर का जोखिम 4 फीसदी तक घटता है, जबकि भारी पीने वालों में 9 फीसदी तक कम हो जाता है। शराब छोड़ने से रक्तचाप भी नियंत्रित होता है जिससे किडनी, आंखों और यौन स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर पड़ता है।



**पहला दिनः शरीर करता है खुद को हल्का महसूस**

शराब पीने के 24 घंटे के अंदर यह शरीर से बाहर निकल जाती है। इसके बाद आपका शरीर फिर से पानी को ठीक से अवशोषित करने लगता है, जिससे डिहाइड्रेशन घटती है। इसका असर आपकी पाचन क्रिया, ऊर्जा स्तर और मस्तिष्क के कार्य पर तुरंत दिखने लगता है। हालांकि, यदि आप रोजाना पीते रहे हैं तो शुरू में बेचैनी, पसीना, नींद की गड़बड़ी या मनोस्थिति में बदलाव हो सकते हैं। लेकिन यह सामान्य लक्षण हैं और अधिकतर एक सप्ताह में समाप्त हो जाते हैं।

**पहला सप्ताहः नींद गहरी, ऊर्जा बढ़ीः** शराब भले ही नींद लाने में मदद करती हो, लेकिन असल में यह नींद के चक्र को बिगाड़ देती है। एक सप्ताह शराब से दूर रहने के बाद आपकी नींद की गुणवत्ता सुधरती है। सुबह आप खुद को ज्यादा ऊर्जावान और ताजगी से भरा महसूस करते हैं। शराब लीवर को भी नुकसान पहुंचाती है, लेकिन लीवर के पास स्वयं को ठीक करने की अद्भुत क्षमता होती है। हल्के नुकसान में एक हफ्ते का विराम भी वसा घटाने और ऊतक सुधारने के लिए काफी होता है।

**दो हफ्ते से एक महीनाः दिमाग और मूड में सुधारः** कुछ दिनों में हल्के और मध्यम पीने वालों का मस्तिष्क बेहतर काम करने लगता है। भारी शराब पीने वालों के लिए भी एक महीना काफी होता है। तीन से चार सप्ताह में आप पाएंगे कि चिंता और अवसाद के लक्षण कम हुए हैं, नींद सुधरी है और समग्र रूप से आप ज्यादा संतुलित और सकारात्मक महसूस कर रहे हैं।

**एक महीनाः वजन, त्वचा और आत्मविश्वास में सुधारः** शराब में अधिक कैलोरी होती है और हम ज्यादा या अस्वस्थ भोजन की ओर झुकते हैं। शराब छोड़ने के एक महीने के अंदर लोग वजन और चर्बी में कमी महसूस करते हैं। त्वचा की भी हालत सुधरती है और डिहाइड्रेशन और सूजन धीरे-धीरे कम हो जाता है। पेट की गड़बड़ियां जैसे गैस, अपच, जलन और डायरिया भी ठीक होने लगती हैं।

**छह महीनेः इम्यून सिस्टम और लीवर को नया जीवन**

मध्यम शराब पीने वालों के लिए छह महीने में लीवर पूरी तरह मरम्मत कर सकता है। इस दौरान भारी पीने वाले भी महसूस करते हैं कि वे कम बीमार पड़ते हैं, उनका प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत हुआ है।

**एक सालः दिल, कैंसर और जीवन के प्रति नजरिया बदलता है**

शराब हृदय रोग, स्ट्रोक, टाइप 2 मधुमेह और 7 प्रकार के कैंसर के जोखिम को बढ़ाती है। लगातार शराब से दूरी बनाए रखने पर इन बीमारियों का खतरा बेहद तेजी से घटता है।

# किसानों के पानी से भरे हुए खेतों का जल्द ही सर्वे कराकर दिया जाए उचित मुआवजा



**टीकमगढ़/पलेरा।** सोमवार को वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश कुमार निरंजन पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व मे मध्य प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नाम तहसीलदार पलेरा कुलदीप सिंह ठाकुर को एक ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में यह मांग की गई की जिला टीकमगढ़ अंतर्गत आने वाली समस्त तहसीले, जैस कि पलेरा, जतारा, खरगापुर, बल्देवगढ़, मोहनगढ़, लिधौरा, टीकमगढ़ आदि सभी तहसीलो की सभी ग्राम पंचायत का सर्वे करा कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए, एवं साथ ही ज्ञापन में यह कहा गया कि टीकमगढ़ मध्य प्रदेश की सभी तहसीलों मे लगातार एक माह से अत्यधिक वर्षा होने के कारण हमारे सभी किसान भाइयों के खेतों मे पानी भर जाने के कारण हमारे किसान भाइयों की फसलें जैसे कि मूंगफली, उरद, मूंग, सोयाबीन, आदि की बुवाई नहीं हो पाई है। जिसके कारण हमारे किसान भाई पलायन एवं आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे है। एवं साथ ही किसान नेता दिनेश कुमार निरंजन ने ज्ञापन सोपते समय चेतावनी देते हुए यह भी कहा कि यदि जल्द से जल्द जिला टीकमगढ़ विशेष रूप से ब्लॉक पलेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायते जैसे कि बखतपुरास, टौरिया, विजयपुर,परा, करोला,बेला, आलमपुरा, लारौन,हनोता, नयागांव, बन्ने बुजुर्ग, दांत गोरा, पुरैनिया, बैंडरी,सैपुरा, एवं जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश की सभी तहसीलों की सभी ग्राम पंचायतो का आप अपने जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की मदद से जल्द से जल्द सर्वे कराकर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। यदि जल्द से जल्द हमारे किसान भाइयों को उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है तो बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं किसान भाई रोड चक्का जाम आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन लेते समय मुख्य रूप से मुकेश पटेल, संतोष पटेल, फूल पटेल, बब्लू राजपूत, गोरेलाल कुशवाहा, महादेव प्रसाद, मुकेश अहिरवार, कुलदीप आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# डूबी ताल कोठी भवन की निचली मंजिल, मढ़खेरा में मकान गिरा

## 3 भैंसों की मौत, 24 घंटों में हुई 10.3 मिमी बारिश

**टीकमगढ़।** सावन के पहले सप्ताह में ही औसत बारिश का 80 प्रतिशत कोटा पूरा हो गया है। जिले में अब तक 828.3 मिलीमीटर यानी 32.6 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले साल की तुलना में 22 इंच अधिक है। टीकमगढ़ और पलेरा तहसील में 1000 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो चुकी है। रविवार को दोपहर 2 बजे के बाद बारिश रुकने से जलभराव वाले क्षेत्रों में राहत मिली। शहर का महेंद्र सागर तालाब पूरी तरह भर गया है। तालाब पर स्थित राजशाही दौर की ताल कोठी भवन की निचली मंजिल पानी में डूब गई है। लगातार बारिश को लेकर टीकमगढ़ पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने भी मौके पर जा कर निरीक्षण किया। पिछले 24 घंटों में जिले में 10.3 मिलीमीटर औसत बारिश रिकॉर्ड की गई। मोहनगढ़ तहसील में सबसे अधिक 20 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके बाद बड़ागांव धसान में 16, टीकमगढ़ में 13, खरगापुर में 12, लिधौरा में 9, बल्देवगढ़ में 8, जतारा और पलेरा में 2-2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।



मोहनगढ़ तहसील के मढ़खेरा गांव में बीती रात एक मकान गिर गया। मकान में बंधी तीन भैंसें दबकर मर गईं। मालिक रामकिशन ने बताया कि बारिश से बचने के लिए भैंसों को मकान के अंदर बांधा था। तहसीलवार कुल बारिश के आंकड़ों के अनुसार, टीकमगढ़ में 1119, पलेरा में 1061, मोहनगढ़ में 940, खरगापुर में 789, बल्देवगढ़ में 782, लिधौरा में 759, जतारा में 611 और बड़ागांव धसान में 565 मिलीमीटर बारिश हुई।


## सैनिक स्कूल रीवा (मध्यप्रदेश), रक्षा मंत्रलय द्वारा संचालित

### -निविदा आमंत्रण सूचना-

सैनिक स्कूल रीवा में सैनिक स्कूल रीवा में टेंट हाउस, खानपान के बर्तन, प्रकाश, ध्वनि और सजावट हेतु सेवा प्रदान करने हेतु पंजीकृत एजेसियों से निविदा आमंत्रित कर रहा है:–

निविदा की विस्तृत जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु जरूरी दस्तावेजों की जानकारी सैनिक स्कूल रीवा की वेबसाइट www.sainikschoolrewa.ac.in देखें।

प्राचार्य
सैनिक स्कूल रीवा (मध्यप्रदेश)

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा

क्रमांक/भण्डार/2025/58 रीवा दिनांक- 09-07-25

### ई-निविदा (पंचम आमंत्रण)

रूसा प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्राप्त अनुदान राशि से विश्वविद्यालय के लिए उपकरण क्रय हेतु पंजीकृत फर्मो से आइटमवाइज निविदा की शर्तो के अधीन आनलाइन ई-निविदा दिनांक 31-7-25 तक आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा का विस्तृत वितरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.apsurewa.ac.in पर तथा https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर भी देखा जा सकता है।

कुलसचिव

## कार्यालय नगर परिषद् बैकुण्ठपुर जिला–रीवा (म.प्र.)

E-mail - cmobaikuntpur@mpurban-gov-in

क्रमांक 738 /न.परि./संपति अन्तरण/2025 बैकुण्ठपुर, दिनांक 14-07-2025

### नामान्तरण सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र.नगर पालिका अधिनियम 1961 के चल, अचल संपत्ति अन्तरण नियम अन्तर्गत इस कार्यालय में संपत्ति कर/ समेकित कर पंजी मे दर्ज भवन को अपने नाम अन्तरण करने का आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। जो निम्न है। यदि किसी के नाम परिवर्तन (अन्तरण) करने पर आपत्ति हो तो प्रमाणित अभिलेख सहित दिनांक 30.07.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्तियों पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

| क्र. | वार्ड क्र. | भवन क्र. | वर्तमान भवन स्वामी का नाम | नामान्तरण का प्रकार | भवन अन्तरित व्यक्तियों का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04 | 04/01 | स्व. भांजा प्रसाद तिवारी पिता रामावतार तिवारी | वारिसाना | योगेन्द्र प्रसाद तिवारी, माया मिश्रा, नागेन्द्र शर्मा, मृगेन्द्र तिवारी सभी के पिता स्व. भांजा प्रसाद तिवारी वार्ड क्र. 04 बैकुण्ठपुर |
| 2 | 07 | 07/09 | स्व. बाबूलाल गुप्ता पिता रामकुमार गुप्ता | आपसी हिस्सा बाट | कमलेश गुप्ता पिता स्व. बाबूलाल गुप्ता वार्ड क्र. 07 बैकुण्ठपुर |
| 3 | 07 | 07/112 | रामपाल गुप्ता पिता पन्नालाल गुप्ता | आपसी हिस्सा बांट | नरेशचन्द्र गुप्ता पिता रामपाल गुप्ता वार्ड क्र. 10 बैकुण्ठपुर |
| 4 | 07 | 07/16 | शकरलाल हलवाई पिता रामप्रसादहलवाई | आपसी हिस्सा बांट | अनीता हलवाई पति शंकरलाल हलवाई, भागवत हलवाई पिता शंकरलाल हलवाई वार्ड क्र. 07 |
| 5 | 08 | 08/65 | मनोरमा गुप्ता पति सुदामा प्रसाद गुप्ता | विक्रय पत्र अनुसार | नीरू गुप्ता पति राजेश कुमार गुप्ता वार्ड क्र. 08 बैकुण्ठपुर |
| 6 | 08 | 08/35 | नरेशचन्द्र गुप्ता पिता रामपाल गुप्ता | आपसी हिस्सा बांट | रजनेश गुप्ता पिता रामपाल गुप्ता वार्ड क्र. 08 बैकुण्ठपुर |
| 7 | 08 | 08/48 | मनोज नामदेव पिता वंशगोपाल गुप्ता | रजिस्ट्री | श्रीकान्त गुप्ता पिता स्व. जवाहरलाल गुप्ता वार्ड क्र. 08 बैकुण्ठपुर |
| 8 | 09 | 09/76 | मो. मन्जूर अहमद पिता मो. खलील | आपसी हिस्सा बांट | मकसूद अहमद पिता मो. खलील वार्ड क्र. 13 बैकुण्ठपुर |
| 9 | 09 | 09/144 | मो. तौहीद पिता स्व. अली मो. | विक्रय पत्र अनुसार | हिमांशु कुमार गुप्ता पिता रमेशचद गुप्ता वार्ड क्र. 07 बैकुण्ठपुर , |
| 10 | 10 | 10/95 | कृष्णप्रताप शर्मा पिता रामसजीवन उपाध्याय | आपसी हिस्सा बांट | रामायण प्रताप शर्मा, कृष्णप्रताप शर्मा दोनों के पिता रामसजीवन उपाध्याय वार्ड क्र.15 बैकुण्ठपुर |
| 11 | 10 | 10/31 | रामपाल गुप्ता पिता पन्नालाल गुप्ता | आपसी हिस्सा बांट | नरेशचन्द्र गुप्ता पिता रामपाल गुप्ता वार्ड क्र. 10 बैकुण्ठपुर |
| 12 | 10 | 10/87 | कृष्णचन्द्र गुप्ता पिता रामविशाल गुप्ता | आपसी हिस्सा बांट | मुकेश कुमार गुप्ता पिता कृष्णचन्द्र गुप्ता वार्ड क्र. 10 बैकुण्ठपुर |
| 13 | 11 | 11/73 | पार्वती गुप्ता पति बृजनन्दन गुप्ता | आपसी हिस्सा बांट | अमृतलाल गुप्ता, प्रेमलाल गुप्ता पिता बृजनन्दन गुप्ता वार्ड क्र. 11 बैकुण्ठपुर |
| 14 | 13 | 13/27 | अ. अजीज पिता जुम्मन मंसूरी | आपसी हिस्सा बांट | मो. मुस्ताकीम पिता अ. अजीज वार्ड क्र. 13 बैकुण्ठपुर |
| 15 | 15 | 15/325 | रामाश्रय सोनी पिता बैजनाथ सोनी | विक्रय पत्र अनुसार | राजेश सोनी पिता रामाश्रय सोनी वार्ड क्र. 15 बैकुण्ठपुर |
| 16 | 15 | 15/156 | ओमदत्त गुप्ता पिता देवदत्त गुप्ता | आपसी हिस्सा बांट | रामनारायण गुप्ता पिता देवदत्त गुप्ता वार्ड क्र. 15 बैकुण्ठपुर |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बैकुण्ठपुर
जिला–रीवा म.प्र.


## नगर परिषद कारी में 20 फीट लंबी रिटेनिंग वॉल धराशायी

**टीकमगढ़।** जिले के नगर परिषद कारी के वार्ड नंबर 9 और 10 में स्थित रिटेनिंग वॉल का करीब 20 फीट हिस्सा धराशायी हो गया। दीवार गिरने से यातायात बाधित हुआ। जेसीबी की मदद से मलबा हटाकर सड़क को खोला गया। इसी दौरान शहर के प्रधानपुरा मोहल्ले में एक कच्चे मकान का हिस्सा बारिश के कारण गिर गया। मकान मालिक मन्नालाल रावत के अनुसार दोपहर में सीढ़ी का पत्थर उनकी पत्नी के पैर पर गिरा। मकान में दरारें आ गई हैं। घटना के समय मकान में मौजूद लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। नगर परिषद कारी के लोगों का आरोप है कि नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य घटिया क्वालिटी के हैं। दीप सागर तालाब से नगर परिषद कार्यालय तक बनी सीसी सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। पिछले साल दीप सागर तालाब पर हॉट बाजार की दीवार भी गिर गई थी, जिसका बाद में पुनर्निर्माण किया गया। मोहल्ले वालों ने वार्ड पार्षद और नगर परिषद कर्मचारियों को घटना की सूचना दी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेंद्र आर्य से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।


## नाम सुधार सूचना

मैं लक्ष्मीनारायण सिंह पिता श्री रामाश्रय सिंह उम्र 58 साल निवासी ग्राम पुर्वा कल्याणपुर थाना पनवार तहसील जवा जिला रीवा म.प्र. का हूं। शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि आधार नं. 324713901632 है मैं उक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरे निवास प्रमाण पत्र डिजिटल एवं कक्षा 12 वीं के अंकसूची में व कक्षा 10वीं के अंकसूची में मेरा नाम लक्ष्मीनारायण सिंह व परिवार समग्र आई डी में मेरा नाम लक्ष्मीनारायण सिंह लिखा है तथा मेरे सेवापुस्तिका में मेरा नाम लक्ष्मीनारायण सिंह लिखा है जो सही व सत्य है जबकि मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम मात्र लक्ष्मीनारायण लिखा है जो मेरे सर्विस रिकार्ड में सुधार करवाने में कठिनाई आ रही है। अत: मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम लक्ष्मीनारायण की जगह लक्ष्मीनारायण सिंह सुधार किया जाए एवं लिखा पढ़ा व जाना जाए।

RN-82702 लक्ष्मीनारायण सिंह

## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)

### भवन नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विन्ध्य विहार कालोनी रीवा स्थित भवन क्र. एच.आई.जी. जूनियर – 40 श्री अशोक कुमार जैन पिता श्री श्यामलाल जैन के नाम आवंटित है। आवंटी की मृत्यु दिनांक 08.08.2024 को हो गई है, एवं लीज अनुबंध के नामजदगी में श्रीमती रश्मी जैन पति श्री अशोक कुमार जैन का नाम दर्ज है। श्रीमती रश्मी जैन पति स्व. श्री अशोक कुमार जैन द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 10.07.2025 को ऑनलाईन आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर भवन क्रमांक एच.आई.जी. जूनियर – 40 विन्ध्य विहार कालोनी रीवा का नामान्तरण अपने नाम किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। अतः उक्त भवन नामान्तरण में यदि मृतक के परिवार के किसी अन्य सदस्य को कोई आपत्ति हो अथवा इसमें किसी प्रकार का स्वामित्व रखता हो तो या मूल आवंटी द्वारा उक्त भवन किसी अन्य व्यक्ति/ संस्था को रहन, दान, विक्रय आदि किया गया हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर ठोस प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समय व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नही किया जावेगा एवं भवन का नामान्तरण श्रीमती रश्मी जैन पति स्व. श्री अशोक कुमार जैन के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)

RN- 82701

## M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED

Office of Addl.Chief Engineer (THC), Sirmour, Distt.- Rewa (M.P.)
E-mail : eehqthc@gmail.com

### NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)

M.P. Power Generating Co.Ltd. Invites e-tenders from reputed contractor/firm on percentage rate basis for the works as detailed below.

| Tender No. | Name of work | Estimated cost/Tender Cost (in Rs.) | EMD in Rs. | Date & Time for Closing of Online Submission | Date & Time e-opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ MPPGC_ 428756_1 | Operation of control room of Tons Barrage Bakiya i/c watching and recording of water level of reservoirs and convey it to all official, cleaning and sweeping of gallery i/c removal of gypsum deposit and petrolling of Link Canal between ch. 0.00 to 12.00 KM (Period of work - 24 Months) | 23.93 Lakh/ 1,000/- | 47900/- | 07.08.2025 Up to 15.30 Hrs. | 08.08.2025 Up to 15.30 Hrs. |

For detailed NIT, eligibility criteria, Other terms & conditions of tender document & for any extension of due date/corrigendum/addendum etc shall be

M.P. Madhyam/121086/2025 // Save electricity // ADDL. CHIEF ENGINEER. (THC)


## बाणसागर बाँध में बढ़ा दबाव, जल निकासी के लिए पुनः खोले गए आठ गेट

**देवलौद।** सोन नदी पर स्थित बहुउद्देशीय बाणसागर बाँध में जल स्तर चिंताजनक रूप से बढ़ गया है। सोमवार 14 जुलाई को बाँध में जल भराव 340 मीटर तक पहुँच रहा है , जो सामान्य औसत से कहीं अधिक है। पिछले वर्षों की तुलना में यह स्तर अपेक्षाकृत जल्दी दर्ज किया गया है। बाँध में वर्तमान में लगभग 1070 क्यूमेक्स पानी की आवक हो रही है, जबकि बांध की अधिकतम संग्रहण सीमा 341.64 मीटर निर्धारित है। जल संसाधन विभाग द्वारा दिनांक 12 जुलाई 2025 दिन दोपहर बाद समय 01:00 बजे बांध के दो दो मीटर सात रेडियल गेटों को खोला गया परन्तु सीधी जिले में दो दर्जन गाय-बैल नदी के टापू में घांस चर रहे थे, जो पानी से चारों ओर से घिर गए थे अतः बाणसागर बांध के अधिकारियों को सूचना मिलने पर सातों गेट बन्द कर दिए गए। संभावित जोखिम को भाँपते हुए पुनः निर्णय लिया गया और सुरक्षा के दृष्टिकोण से बाँध के 18 रेडियल गेटों में से 08 गेटों को दो-दो मीटर तक पुनः खोल दिया गया। खुले गेटों के माध्यम से पानी को नियंत्रित रूप से सोन नदी की ओर प्रवाहित किया जा रहा है। बारिश की तीव्रता और निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति को देखते हुए, फिलहाल बाँध के जलस्तर को 338 मीटर पर स्थिर बनाए रखने की रणनीति अपनाई गई। उल्लेखनीय है कि बाणसागर बाँध से न केवल कृषि व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाती है, बल्कि यह ऊर्जा एवं मत्स्य उत्पादन का भी महत्त्वपूर्ण केंद्र है। बाँध से कुल 425 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है, जिसमें बाँध स्थल इकाई से 60 मेगावाट, रीवा नहर के माध्यम से झिन्ना से 20 मेगावाट, सिलपरा से 45 मेगावाट तथा सिरमौर से 315 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जाता है। बाणसागर परियोजना राज्य की बहुउद्देशीय जल नीतियों का केंद्रबिंदु है, जो हर मानसून में अपनी प्रभावशीलता सिद्ध करती है।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944


### मुख्यमंत्री से की ओरछा में मंत्रिपरिषद की बैठक के आयोजन की मांग

टीकमगढ़। विगत दिवस दिल्ली के मध्य प्रदेश भवन में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भाजपा नेता विकास यादव ने मुलाकात की और श्री राम राजा सरकार की नगरी ओरछा में मंत्री परिषद की बैठक आयोजित करने सहित अन्य विकास कार्यों के संबंध में एक मांग पत्र सौंपा है।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा

क्रमांक/पु.अ./पु.प्र.शा./रीवा/यूनिट अस्पताल / D-1532 /2025 दिनांक 11/07/2025

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पीटीएस रीवा में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु आवश्यक दवाईयों के क्रय किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र0 | स्थान | विवरण | अमानत राशि (ईएमडी राशि) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 01 | P.T.S. रीवा | दवाईयों का क्रय | 10000/–रूपये | 1000/–रूपये |

1. निविदाकार निविदा से संबधित निविदा ऑनलाईन MP Tender portel(https://mptenders.gov.in) पोर्टल पर दिनांक 16.07.2025 से 05.08.2025 के 17.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय/भर सकते हैं।
2. निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक 06.08.2025 को 12.00 बजे एवं वित्तीय बिड 08.08.2025 के 12.00 बजे प्रशासनिक भवन पीटीएस रीवा में समिति के सदस्यों एवं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जायेगी
3. निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की जाने वाली निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।
4. निविदा से संबधित जानकारी के लिये प्रआर0 05 विजय कुमार द्विवेदी के मोबाइल नंबर 7987269834 पर संपर्क किया जा सकता है।

जी- 15623/25

पुलिस अधीक्षक
पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा

क्रमांक/पु.अ./पु.प्र.शा./रीवा/क्वा.मा./ D-1543 /2025 दिनांक 11/07/2025

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में प्रशासनिक भवन (वर्ष 2016 में निर्मित) की पुताई कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र0 | स्थान | विवरण | अमानत राशि (ईएमडी राशि) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 01 | P.T.S. रीवा | प्रशासनिक भवन की पुताई का कार्य | 15000/–रूपये | 1000/–रूपये |

1. निविदाकार संबधित निविदा ऑनलाईन MP Tender portel(https://mptenders.gov.in) पोर्टल पर दिनांक 21.07.2025 से 10.08.2025 के 17.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय/भर सकते हैं।
2. निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक 11.08.2025 को 12.00 बजे एवं वित्तीय बिड 13.08.2025 के 12.00 बजे प्रशासनिक भवन पीटीएस रीवा में समिति के सदस्यों एवं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जायेगी
3. निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की जाने वाली निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।
4. निविदा से संबधित जानकारी के लिये निरी0 श्री रामखेलावन वर्मा के मोबाइल नंबर 8349684582 पर संपर्क किया जा सकता है।

जी- 15628/25

पुलिस अधीक्षक
पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश

लिंक रोड 03, पत्रकार कॉलोनी के सामने, भोपाल म.प्र.
Email:- tendersnhmmp@gmail.com

क्रमांक/एन.एच.एम./स्टोर/2025/ 2665 भोपाल, दिनांक 10 /07/ 2025

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

***

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र भोपाल कार्यालय द्वारा ई–निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकर्ता राशि रूपये 2,000/–(रू. दो हजार मात्र) का ऑनलाईन एम.पी. ई–टेण्डर पर भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है, विवरण निम्नानुसार है:–

निविदा विवरण

| क | निविदा का नाम | निविदा प्रपत्र क्रय/ प्राप्त करने की दिनांक | प्रि–बिड दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारंभ दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | निविदा खोले जाने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Request for Proposal for Selection of Service Provider to work as Patient Provider Support Agency (PPSA) to provide Tuberculosis related services under National Tuberculosis Elimination Program (NTEP) for Gwalior, Indore, Ujjain and Rewa Divisions of Madhya Pradesh | 14.07.2025 | 21.07.2025 | 31.07.2025 | 11.08.2025 | 12.08.2025 |

विस्तृत विवरण/जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in एवं https://www.nhmmp.gov.in पर उपलब्ध है।

(मिशन संचालक, एनएचएम द्वारा अनुमोदित)

जी- 15574/25

उपसंचालक स्टोर
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश

## INDIAN ARMY
www.joinindianarmy.nic.in
66TH SHORT SERVICE COMMISION (TECHNICAL) WOMEN (APRIL 2026)

### HIGHLIGHTS

*(Information given below is for general awareness only& legally invalid)*
*(Course Notification published on - www.joinindianarmy.nic.in - is the only official advertisement applicable for that course)*

| Category | Description | Notification Paragraph No |
|---|---|---|
| Type of Entry | Short Service Entry (Technical) (SSCW(T)-66)Women | Para 1 |
| Age | 20 and 27 Years as on 01 Apr 2026 | Para 2 |
| Open for | Unmarried Female | Para 1 |
| Education Qualification | Engineering Degree in notified stream | Para 3 |
| Acceptable Streams | As listed | Para 3 |
| How to apply | Apply online on www.joinindianarmy.nic.in | Para 11 |
| Application window | 16 July 2025 to 14 August 2025 | Para 15 |
| Medical Standards/ Examination | as given on www.joinindianarmy.nic.in | Para 5 |
| Selection Process | Application > Shortlisting > SSB > Medical > Merit List > Joining Letter | Para 4 |
| Date for publication of cut-off % of marks for Shortlisting | First week of Sep 2025 | - |
| Likely Duration and dates for SSB | Five day SSB between Oct - Dec 2025 (choice for SSB dates open for two weeks in Sep 2025) | - |
| Pre Commission Training Academy | Officers Training Academy, Gaya, Bihar | Para 7 |
| Duration of Training | 49 weeks from April 2026 to Mar 2027 | Para 7(b) |
| Stipend during Training | Rs 56,100 per month | Para 9 |
| Rank after Training | Lieutenant | Para 9(b) |
| Salary on Commissioning | CTC approx 17-18 Lac per annum (Excluding Free Medical cover & Travel to Home town once a year) | - |
| Type of Commission | Short Service Commission | Para 6(a) |
| Minimum Engagement Period | 10 Years | Para 7(g) |
| Maximum Engagement Period | 14 Years | Para 7(g) |
| Option for Release | First - After 5 Years, Second - After 10 Years and Third - After 14 Years | Para 7(g) |
| Option for Permanent Commission | After 10 Years | Para 7(g) |
| Primary Arms / Service for Commission | Corps of Engineers, Corps of Signals and Electronics and Mechanical Engineers. Candidates may get commissioned in other Arms/service as well | - |
| Release Benefits | Depending on service on release | - |

cbc 10601/11/0022/2526

# करोड़ों का नवनिर्मित बस स्टैण्ड मवेशियों का अड्डा

जागरण अव्यवस्था

## बस स्टैण्ड में सफाई और सुरक्षा का अभाव

### चारो तरफ गंदगी का आलम, देखरेख को लेकर लापरवाही



जागरण, सीधी

जिला मुख्यालय में करोड़ों का नवनिर्मित बस स्टैण्ड आवारा मवेशियों का अड्डा बना हुआ है। बस स्टैण्ड में सफाई और सुरक्षा के अभाव में चारो तरफ गंदगी का आलम है। देखरेख के अभाव में यह बड़ी लापरवाही मानी जा रही है। बताते चलें कि मिनी स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत दक्षिण करौंदिया पानी टंकी के समीप श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड सीधी का लोकार्पण 10 दिसम्बर 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य एवं तत्कालीन सीधी की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह की अध्यक्षता में किया गया था। लोकार्पण के पश्चात महीनों नवनिर्मित बस स्टैण्ड का संचालन हैण्डओव्हर नगर पालिका को न होने के पेंच में फंसा रहा। किसी तरह बस स्टैण्ड का संचालन शुरू हुआ तो अव्यवस्थाओं को लेकर सुर्खियों में लगातार बना हुआ है। आरंभ में पेयजल की कोई व्यवस्था न होने पर शिकायतों का दौर चला। पेयजल की व्यवस्था होने के बाद यहां कई अन्य अव्यवस्थाएं देखी जा रही हैं। जिसमें प्रमुख रूप में आवारा मवेशियों का अड्डा यात्री प्रतीक्षालय के बन जाने से काफी अव्यवस्थाएं देखी जा रही हैं। आवारा मवेशी यात्री प्रतीक्षालय में ही गोबर कर रहे हैं। जिसके चलते यात्रियों का यहां समुचित ढंग से बैठना भी दूभर हो चुका है। वहीं बस स्टैण्ड की देखरेख न होने के कारण कुछ फुटपाथी व्यवसायियों द्वारा भी बस स्टैण्ड के अंदर बने यात्री प्रतीक्षालय में अपना व्यवसाय शुरू कर दिया गया है। चर्चा के दौरान न्यू बस स्टैण्ड में उपस्थित कुछ यात्रियों ने कहा कि बस स्टैण्ड का निर्माण तो काफी शानदार किया गया है लेकिन यहां देखरेख के अभाव में चारो तरफ अव्यवस्थाएं नजर आ रही हैं। यहां तक कि कुछ नशेड़ी भी यहां आकर मौका देखकर अपनी महफिलें जमाने लगाते हैं। बस स्टैण्ड का संचालन तभी बेहतर तरीके से होगा जब यहां की देखरेख के लिये कोई स्थानीय कर्मचारी नियुक्त रहे। इसी वजह से यहां की सामग्री भी खुर्द-बुर्द हो रही है।

### क्षतिग्रस्त हो रही नवीन बस स्टैण्ड की सामग्री

नवीन बस स्टैण्ड की सामग्री देखरेख के अभाव में लगाता क्षतिग्रस्त हो रही है। खासतौर से प्रकाश व्यवस्था के लिये जगह-जगह लगाये गये बिजली के स्विच बोर्ड तोड़े जा रहे हैं। इसका उपयोग यात्री प्रतीक्षालय में आने वाले यात्री अपने मोबाइल के चार्जिंग के लिये करते हैं। कुछ असामाजिक तत्वों के निशाने पर यहां लगाये गये बिजली के स्विच बोर्ड भी हैं। वहीं यात्रियों के पेयजल की व्यवस्था जहां की गई है वहां से टोंटियों एवं अन्य सामग्रियों को गायब किया जा रहा है।

### नहीं खुल सका पुलिस सहायता केन्द्र

नवीन बस स्टैण्ड के संचालित होने के बाद से ही यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से यहां पुलिस सहायता केन्द्र खोलने की मांग की जा रही है। इसके लिये पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा आश्वासन भी दिया जा रहा है लेकिन अभी तक पुलिस सहायता केन्द्र का संचालन नवीन बस स्टैण्ड के अंदर नहीं हो सका। इसी वजह से असामाजिक तत्वों की धमाचौकड़ी भी बस स्टैण्ड के अंदर बनी रहती है।

### पेय जल के लिए भी बना भटकाव

नवीन बस स्टैंड की व्यवस्थाओं की देख-रेख के लिए नगर पालिका द्वारा किसी कर्मचारी की ड्यूटी न लगाने के कारण यहां समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। यहां के कुछ व्यवसायी, बस कर्मचारी एवं बाहरी लोगों द्वारा यहां की सामग्रियों को खुर्द-बुर्द कर रहे हैं। हालात यह है कि पेय जल के लिए यहां नलों में लगाई गई टोंटियां गायब हो जाती हैं। ऐसे में पेय जल के लिए पानी की सप्लाई व्यवस्था भी ठप्प रहती है। गर्मी के दिनों में कुछ व्यवस्थाएं बनाई गई थीं अब फिर से पेय जल के लिए भटकाव शुरू हो गया है। यहां आने वाले यात्रियों को पेय जल के लिए होटलों में भटकते हुए देखा जाता है या फिर पानी की बाटल खरीदते हैं।

# स्ट्रीट लाइट सुधार में लगी क्रेन को बस ने मारी टक्कर, नपा का लाइनमैन घायल



## सिंगरौली से इंदौर जा रही थी बस, 70 से अधिक यात्री सवार थे

जागरण, सीधी

शहर के अवध होटल के पास आज दोपहर करीब 2:40 बजे इंदौर से बैढ़न जा रही विजय ट्रैवल्स बस क्रमांक एमपी 19 पी 1972 ने नगर पालिका की क्रेन को टक्कर मार दी। हादसे में नगर पालिका के लाइनमैन भगवानदीन साकेत घायल हो गए। दुर्घटना के समय वह क्रेन के बाकेट से ऊंचाई पर चढ़कर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कर रहे थे। इंदौर से बैढ़न जा रही बस की टक्कर से क्रेन का ऊपरी बाकेट बस पर गिर गया। इससे भगवानदीन भी नीचे गिर पड़े। उन्हें सीधी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विजय ट्रैवल्स की डबल डोर बस में हादसे के वक्त 70 से अधिक यात्री सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस हादसे में क्रेन के बाकेट में सवार लाइमैन बाल-बाल बचा। यदि बस तत्काल न रुकती तो गंभीर हादसा हो सकता था। हादसे में बस का अगला सीसा ड्राइवर के सामने का चकनाचूर हो गया। हादसे के बाद लोगों की काफी भीड़ मौके पर जमा हो गई। जिसके कारण वाहनों का आवागवन भी करीब आधे घंटे तक बाधित रहा। सूचना पाकर मौके पर कोतवाली थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने जाम खुलवाया तथा बस को कोतवाली थाने में खड़ा कराया है।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## अरविन्द कुमार शुक्ल ने नामांकन पत्र किया दाखिल



जागरण, सीधी। आज श्रावण सोमवार को जिला न्यायालय परिसर सीधी में स्थापित देवाधिदेव महादेव जी का आशीर्वाद प्राप्त कर वरिष्ठ अधिवक्ता अरविन्द कुमार शुक्ल द्वारा शुभ मुहूर्त में जिला अधिवक्ता संघ सीधी के अध्यक्ष पद हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद प्रकाश गुप्ता, सुंदर सिंह बघेल, रमाशंकर केशरी, जगदीश प्रसाद उपाध्याय, मनसुख लाल नवैत, अनिमेष शुक्ला, अखिलेश नापित, शिवम भट्ट, श्वेता तिवारी, रावेन्द्र शर्मा, अर्पित त्रिपाठी, विजय कुमार सिंह परिहार सहित अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

## विशेष अभियान चलाकर पुलिस ने 89 वारंटी किए तामील



जागरण, सीधी। फरार अपराधियों की धरपकड़ हेतु जिले भर में व्यापक विशेष अभियान के तहत 89 वारंटों की प्रभावी तामील की गई। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन में 12-13 एवं 13-14 जुलाई 2025 की दरम्यानी रात को समूचे जिले में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए एक व्यापक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव द्वारा किया गया तथा समस्त एसडीओपी और थाना/चौकी प्रभारियों के समन्वित प्रयासों से यह कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अभियान के दौरान पुलिस ने जिले में सघन कॉम्बिंग गश्त कर हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी जैसे गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की तलाश की। इस दौरान कुल 89 न्यायालयीन वारंटों जिसमें 21 स्थायी व 68 गिरफ्तारी वारंट की प्रभावी तामील करते हुए संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना-वार गिरफ्तार वारंटों में कोतवाली 5 स्थायी, 7 गिरफ्तारी वारंट, जमोड़ी 1 स्थायी, 7 गिरफ्तारी वारंट, बहरी 1 स्थायी, 4 गिरफ्तारी वारंट, चुरहट 1 स्थायी, 4 गिरफ्तारी वारंट, रामपुर नैकिन 1 स्थायी, 7 गिरफ्तारी वारंट, कमर्जी 6 गिरफ्तारी वारंट, मझौली 4 स्थायी 11 गिरफ्तारी वारंट, मड़वास 1 स्थायी, 6 गिरफ्तारी वारंट, अमिलिया 6 स्थायी, 7 गिरफ्तारी वारंट, कुसमी 1 स्थायी, 3 गरफ्तारी वारंट, सेमरिया 4 गिरफ्तारी वारंट, भुइमाड़ 2 गिरफ्तारी वारंट गिरफ्ताार हुए। गश्ती दल द्वारा अभियान के दौरान 65 गुंडा बदमाश एवं 52 निगरानी बदमाशों को चिन्हित कर उनकी गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं उन्हें भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई है।

**In The Court Of I Additional Judge To I Additional Motor Accident ClaimsTribunal, District Court, Sidhi**

**Presiding Officer:** श्री राकेश कुमार सोनी

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MACC/0000183/2022)

सीमा साहू.........................................................वादी

VS

दिनेन्द्र प्रसाद तिवारी.........................................................प्रतिवादी

p.no. 637/25
01/07/25
process Id-/2025
पेशी दिनांक :- 18/08/2025

प्रेषिती-

(1) दिनेन्द्र प्रसाद तिवारी पिता शेषमणि राम तिवारी पता निवासी डढिया बेलहा तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी म.प्र.

यह कि प्रार्थी सीमा साहू ने आपके विरूद्ध एमएसीसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 27 June 2025 को मेरे मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**राकेश कुमार सोनी**
**प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी**
**जिला-सीधी (म.प्र.)**




# 17.544 किलोग्राम गांजा सहित एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



जागरण, सीधी। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना बहरी प्रभारी निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। थाना बहरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए 17 किलो 544 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। गांजा की अनुमानित कीमत 2,50,000 है। वहीं मौके से एक बिना नंबर की पिकअप वाहन कीमत 12 लाख और मोबाइल फोन कीमत 10,000 भी जब्त किया गया है। कुल जब्त सामग्री की कीमत लगभग 14.60 लाख आँकी गई है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी बहरी निरी. राजेश पाण्डेय को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक सफेद रंग की बुलेरो पिकअप में भारी मात्रा में अवैध गांजा लेकर पोखरा-तरका रोड से बहरी की ओर आ रहे हैं। सूचना की तस्दीक एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक विशेष पुलिस टीम गठित कर ग्राम चंदवाही के पास घेराबंदी की गई। कुछ समय बाद मुखबिर के बताए अनुसार संदिग्ध वाहन आते दिखा, जिसे रोकने का प्रयास किया गया। वाहन रुकते ही उसमें सवार एक व्यक्ति झाड़ियों का लाभ उठाकर भाग गया, जबकि वाहन चला रहे व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नीरज कुमार रावत पिता रामप्रकाश रावत उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पड़खुड़ी नं. 1 थाना जमोड़ी जिला सीधी बताया। वहीं फरार हुए व्यक्ति की पहचान राघवेन्द्र जायसवाल निवासी पड़खुड़ी नं. 1 के रूप में हुई है, जो पिकअप वाहन का मालिक भी है। वाहन की तलाशी में 17.544 किलोग्राम अवैध गांजा मिला जिसे जप्त किया गया साथ ही परिवहन मे प्रयुक्त एक बिना नंबर पिकअप वाहन तथा एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन, सभी सामग्री को विधिवत जप्त कर आरोपी नीरज रावत को धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। फरार आरोपी राघवेन्द्र जायसवाल की तलाश की जा रही है, जिसे शीघ्र गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। कार्यवाही में निरी. राजेश पाण्डेय, सउनि सुरेश प्रताप सिंह, प्रआर गोविन्द नारायण सिंह, आरक्षक राजकमल, चैतन्य मिश्रा, संदीप सिंह गुर्जर, रामेश्वर सिंह, राधेश्याम, नन्दलाल यादव, चालक आर दिग्यविजय यादव एवं सायबर सेल सीधी से आरक्षक प्रदीप मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री करणी सेना से बात कर समाधान निकालें: अजय

## हर समस्या का हल बल प्रयोग नहीं



जागरण, सीधी

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने करणी सेना के लोगों पर पुलिस लाठी चार्ज को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि हर समस्या का हल बल प्रयोग नहीं है। इससे हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ जाते है और यही हुआ भी। अब करणी सेना का विरोध प्रदर्शन धीरे-धीरे अन्य जिलों में भी फैलता जा रहा है। आगे और अप्रिय स्थिति बने इसके पूर्व प्रशासन को आपसी बातचीत से ही हल निकालना चालिए। अजय सिंह ने कहा कि जिस व्यक्ति ने उसके साथ हीरा खरीदी में हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट पुलिस में कराई थी वह करणी सेना परिवार का ही सदस्य था। पुलिस ने उसे गंभीरता से न लेते हुए गिरफ्तार आरोपी से साधारण पूंछताछ के बाद छोड़ दिया। पुलिस ने मामले में कोई गंभीरता नही दिखाई बल्कि करणी सेना के सदस्यों ने थाने में संपर्क किया तो उन पर ही लाठी चार्ज कर दिया और करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर सहित अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। बस यहीं से स्थिति बिगड़ गयी। अजय सिंह ने मुख्य मंत्री मोहन यादव से आग्रह किया है कि व्यक्तिगत रूचि लेकर पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लें औरधोखाधड़ी के आरोपियों पर कार्यवाही करें। करणी सेना के पदाधिकारियों से बातचीत कर उनकी बात सुनें और शांति बहाल करवायें।

# लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध होगी कठोर कार्यवाही: कलेक्टर



जागरण, सीधी। समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करें तथा प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों को निराकृत करायें। कोई भी शिकायत नॉन अटेण्डेड नहीं रहे और निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम रहे। उन्होंने कहा कि जून-25 की शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए-ग्रेड के लिए प्रयास करेंगे। शिकायतकर्ता से संपर्क कर उनकी वैध समस्याओं का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने हितग्राही मूलक योजनाओं तथा भुगतान लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में उदासीनता या लापरवाही बरतने वाले एल1 तथा एल2 अधिकारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर ने वर्षा के दृष्टिगत जिले में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। बाढ़ आपदा राहत के लिए सभी संबंधित दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी मुस्तैदी से करेंगे। नगरीय क्षेत्रों में जहाँ भी जल भराव की स्थिति हो विशेष सफाई कर जल निकासी सुनिश्चित करें। सभी बसाहटों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने सभी पुल-पुलियों की जांच कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल प्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## तार-फेंसिंग का आधा खर्च सरकार करेगी वहन

जागरण, सीधी। सलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है।

## जिले में औसत वर्षा 564.1 मि.मी. दर्ज

जागरण, सीधी। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 14 जुलाई को सीधी जिले में 10.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 27.0 मि.मी., बहरी में 43.8 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 564.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 14 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 691.6 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 454.0, चुरहट में 495.0, गोपद बनास में 496.8, बहरी में 632.5 मझौली में 642.0 मि.मी. और कुसमी में 537.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 200.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 364.0 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# सावन के प्रथम सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

## श्रद्धालुओं में जलाभिषेक करने दिखा उत्साह

### बढ़ौरा शिव मंदिर में भोर से लेकर शाम तक थी भीड़



जागरण, सीधी

भगवान शिव जी को समर्पित सावन माह के प्रथम सोमवार को आज शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही उमड़ना शुरू हो गई थी। शिव मंदिर बढ़ौरा एवं नीलकंठ मौहार मंदिर में शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए उमड़ रही थी। प्रसिद्ध शिव मंदिर बढौरा में श्रावण मास के पहले सोमवार को जिले भर से श्रद्धालु पहुंचे थे। शिव भक्तों ने पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक किए। लगभग 4 बजे भोर से भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहीं। हजारों श्रद्धालु बढौरा शिव मंदिर में आज सावन के पहले सोमवार पर पहुंचे। बढौरा शिव मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल शिव मंदिर प्रांगण में उपस्थित रहें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा चोरियों की वारदात ना हो इसीलिए पुलिस प्रशासन मौजूद रहें। शिव मंदिर प्रांगण में नारियल एवं चुनरी की सजी दुकानों में जमकर नारियल चुनरी की हुई बिक्री हुई। वहीं प्रांगण में सजी दुकानों में जमकर हुई खरीददारी से व्यापारियों के चेहरे पर खुशी दिखी। बढौरा शिव मंदिर के आधा किलोमीटर पहले ही दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोंक लगा दी गई थी। बढौरा शिव मंदिर में आए श्रद्धालुओं की व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए आधा किलोमीटर दूर से ही चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों को सुरक्षाकर्मियों द्वारा रोक दिया गया था। बढ़ौरा मंदिर के पहले ही वाहनों को रोक लिए थे ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार का अव्यवस्था ना फैले। मालूम रहे कि बढ़ौरा शिव मंदिर की ख्याति सीधी जिले के साथ ही आसपास के जिलों में भी काफी ज्यादा होने से वहां से भी सावन मास में पूजा-अर्चना करनें के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रावण मास के शुभारंभ से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। इसी तरह नीलकंठ मौहार मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता सावन सोमवार के अवसर पर लगा रहा। सावन के महीने में बढ़ौरा एवं नीलकंठ मंदिर परिसर में मेला का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें श्रावण मास में प्रतिदिन काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। श्रावण सोमवार को यहां के मेलों में लोगों की संख्या काफी बढ़ जाती है। इसी वजह से व्यवसायी भी सोमवार के दिन सबसे ज्यादा संख्या में दुकानें सजाने के लिए पहुंचते हैं। श्रावण मास में सीधी जिले में बढ़ौरा शिव मंदिर एवं मौहार नीलकंठ मंदिर में सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ हर वर्ष उमड़ती है। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ग्राम पंचायत की ओर से भी काफी इंतजाम किए जाते हैं। जिससे श्रद्धालुओं को बिना भटकाव के पानी समेत अन्य सुविधाएं मिल सकें।

### सावन के महीने में व्रत त्यौहार

सावन महीने में व्रतों की लंबी फेहरिश्त है। सावन महीने को भक्ति का महीना भी हिंदू धर्म में माना गया है। इसी वजह से लोग श्रावण मास में पूरी आस्था के साथ भक्ति में डूबे रहते हैं। 14 जुलाई सावन का पहला सोमवार और गजानन संकष्टी चतुर्थी, 15 जुलाई सावन का पहला मंगलवार और प्रथम मंगला गौरी व्रत, 16 जुलाई कर्क संक्रांति, 17 जुलाई कालाष्टमी और मासिक कृष्ण जन्माष्टमी, 20 जुलाई मासिक कार्तिगई, 21 जुलाई सावन का दूसरा सोमवार, रोहिणी व्रत और कमिका एकादशी, 22 जुलाई सावन का दूसरा मंगलवार, दूसरा मंगला गौरी व्रत और भौम प्रदोष व्रत, 23 जुलाई सावन शिवरात्रि, मासिक शिवरात्रि और हरियाली अमावस्या, 24 जुलाई सावन अमावस्या, दर्श अमावस्या और आदि अमावस्या, 26 जुलाई चंद्र दर्शन, 27 जुलाई हरियाली तीज, 28 जुलाई सावन का तीसरा सोमवार, विनायक चतुर्थी और अंडाल जयंती, 29 जुलाई सावन का तीसरा मंगलवार, तीसरा मंगला गौरी व्रत और नाग पंचमी, 30 जुलाई स्कंद षष्ठी और कल्कि जयंती, 31 जुलाई तुलसीदास जयंती, 1 अगस्त मासिक दुर्गाष्टमी, 3 अगस्त मित्रता दिवस 4 अगस्त सावन का चौथा सोमवार, 5 अगस्त सावन का चौथा मंगलवार, चौथा मंगला गौरी व्रत, पुत्रदा एकादशी और दामोदर द्वादशी, 6 अगस्त बुध प्रदोष व्रत, 8 अगस्त वरलक्ष्मी व्रत और हयग्रीव जयंती, 9 अगस्त रक्षाबंधन, गायत्री जयंती, नारली पूर्णिमा और सावन पूर्णिमा शामिल हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## रूढ़िवादी समाज की मानसिकता मानवीय मूल्यों पर भारी

एक विकासमान समाज तभी तक आगे का सफर जारी रख सकता है, जब वह बदलते वक्त के नए मूल्यों को आत्मसात करता है। विडंबना यह है कि कई बार समाज की नई पीढ़ी बदलाव में अपनी जगह बनाने के लिए तालमेल बिठाने की कोशिश करती है, लेकिन उसके सामने संकीर्णताएं दीवार बन कर खड़ी हो जाती हैं। जो इतनी सख्त होती हैं कि उसमें मानवीय संवेदनाओं के लिए भी गुंजाइश नहीं बचती। और अपने विवेक से जीवन-मूल्य चुनने वाले किसी युवा को हिंसा के बल पर रोकना हल मान लिया जाता है।

दिल्ली से सटे गुरुग्राम में जिस तरह एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की हत्या कर दी, उसने एक बार फिर सबको यह सोचने पर मजबूर किया है कि आजादी के सात दशक बाद और विकास के तमाम आधुनिक मूल्यों के बीच समाज आखिर विरोधाभासों की कितनी परतों के बीच जीता है! गौरतलब है कि गुरुग्राम में गुरुवार को राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी रही एक लड़की की उसके पिता ने गुस्से में आकर गोली मार कर हत्या कर दी। खबरों के मुताबिक, इसकी वजह यह थी कि बेटी के एक टेनिस अकादमी चलाने की वजह से पिता को समाज में कुछ लोग अक्सर ताने मारते थे। किसी भी स्थिति में क्या यह इतनी बड़ी वजह हो सकती है कि इससे खफा होकर कोई पिता अपनी बेटी की जान तक ले ले? संभव है कि पिता ने अपनी बेटी के टेनिस खिलाड़ी बनने और संघर्ष करके राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के सफर में हरसंभव योगदान दिया होगा। मगर उसके लिए समाज के ताने इतने भारी क्यों हो गए कि वह उसी बेटी का दुश्मन हो गया? यह भी एक तकलीफदेह सच है कि इस समाज का ज्यादातर हिस्सा जिस जड़ता के मानस और पारंपरिक मूल्यों के दायरे में जीता है, उसके बीच एक लड़की का चारदीवारी से बाहर अपनी जगह बनाना, जद्दोजहद से भरा सफर होता है। इसके बावजूद अगर कोई लड़की अपनी क्षमताओं के बूते आगे बढ़ती है, तो इसे समाज की पितृसत्तात्मक दृष्टि अपने पारंपरिक मूल्यों के खिलाफ मानती है। गुरुग्राम में अपने पिता के हाथों जान गंवाने वाली बेटी भी दरअसल इन्हीं पितृसत्तात्मक और सामंती मूल्यों की शिकार हुई। एक ओर, अपने बूते खड़ा होने और सोशल मीडिया पर अपनी मौजूदगी दर्ज करने वाली लड़की समाज की नजर में स्वीकार्य नहीं हुई, तो दूसरी ओर लोगों के ताने से आहत पिता ने बेटी को ही मार डाला।

> आजादी के सात दशक बाद और विकास के तमाम आधुनिक मूल्यों के बीच समाज आखिर विरोधाभासों की कितनी परतों के बीच जीता है! एक पिता के लिए समाज के ताने इतने भारी क्यों हो गए कि वह अपनी ही बेटी का दुश्मन हो गया?

सवाल है कि पिता का अहं उसकी संवेदना पर भारी क्यों पड़ा! यह एक विचित्र विरोधाभासों के बीच जीते समाज की तस्वीर है, जिसमें लोग सोच और मानसिकता के स्तर पर जड़ता से लैस ऐसी रूढ़ियों के वाहक हैं, जो उन्हें हिंसक भी बना देती है। ऐसी हिंसा तक ले जाने वाली कोई भी परंपरा या मानसिकता क्या किसी समाज के मानवीय मूल्यों को बचा सकेगी?

# नेपाल के ईवी कार बाजार में चीन से पिछड़ रहा भारत

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

पुष्परंजन

काठमांडू के एक कैब ड्राइवर, सचिन अधिकारी ने मैसेज भेजा, 'इस बार त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय विमानस्थल पर आपको इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) से रिसीव करूंगा, और होटल छोड़ूंगा। हमने पेट्रोल गाड़ी हटा दी है।' पिछली बार होटल याक एंड यति से एयरपोर्ट छोड़ते समय ड्राइवर सचिन अधिकारी ने मेरा नंबर शेयर किया था। सचिन ने रास्ते भर ईंधन संकट का दुखड़ा रोया था। लगभग एक दशक से पेट्रोल कार से दुखी सचिन, अकेले शख्स नहीं हैं, काठमांडू उपत्यका (घाटी) में कार ड्राइवर भारी रख-रखाव वाले बिल, वाहन कर, और आयातित ईंधन की बढ़ती लागत से बराबर परेशान दिखते हैं।

हमारी आखिरी बातचीत को कोट करते हुए सचिन अधिकारी ने लिखा, 'आपने सही कहा था, ईवी तकनीक दुनिया भर में बेहतर हो रही है। मैं इसका अनुभव करना चाहता था, इसलिए मैंने इलेक्ट्रिक वाहन की ओर जल्दी ही रुख किया। मैं यात्रियों के साथ रोज़ाना लगभग सवा सौ किलोमीटर ड्राइव करता हूं, इससे 11,000 नेपाली रुपये (भारतीय मुद्रा में 6888 रु.) कमाता हूं। चार्जिंग का खर्च मुझे सिर्फ़ 500 रुपये ( 313 भारतीय रुपये) आता है। हमें चार्जिंग स्टेशन ढूंढ़ने की चिंता भी नहीं है, क्योंकि ये हर 50 से 100 किलोमीटर पर उपलब्ध होते हैं। ईवी कंपनियां 1,60,000 किलोमीटर तक मुफ़्त सर्विसिंग प्रदान करती हैं, जिससे हमें पैसे की बचत काफ़ी होती है।' इस हिमालयी देश में 2020 में केवल 250 इलेक्ट्रिक वाहन थे, अब वो 2025 में बढ़कर 15,000 से अधिक हो गए हैं। नेपाल के भौतिक अवसंरचना एवं परिवहन मंत्रालय के सूचना अधिकारी मोहन निरौला बताते हैं, 'नेपाल में ऊर्जा क्षेत्र से होने वाले कुल वार्षिक ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में परिवहन क्षेत्र का योगदान 36 प्रतिशत है। नेपाल सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को व्यापक रूप से अपनाना एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता माना है। हमारा लक्ष्य 2025 तक 20 प्रतिशत सार्वजनिक परिवहन वाहनों को इलेक्ट्रिक बनाना है। साल 2023 में, नेपाल ने पहली बार जलविद्युत से उत्पादित बिजली का शुद्ध वार्षिक अधिशेष हासिल किया था। अनुमान है, कि 2030 तक नेपाल में खरीदी जाने वाली सभी नई माइक्रो और मिनी बसों में से 85 प्रतिशत इलेक्ट्रिक होंगी। इस परियोजना से ई-मोबिलिटी के लिए सीधे तौर पर 299 मिलियन यूरो का लाभ मिलेगा।'



> वर्षों तक, टाटा, महिंद्रा और मारुति का नेपाल में दबदबा रहा। यह देश इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पड़ोसी मुल्क चीन और भारत से आयात पर निर्भर है। लेकिन क्या, भारतीय कम्पनियां मूल्य के मामले में चीन के मुकाबले ठहर पा रही हैं? बीवाईडी, दीपल, स्काईवेल, डोंगफेंग, ओमोडा, नेटा, एमजी और ग्रेट वॉल जैसे चीनी ब्रांड, नेपाली ऑटो मार्केट में देखते-देखते छा गए।

परिवहन मंत्रालय के सूचना अधिकारी बताते हैं, कि सार्वजनिक परिवहन संचालकों को 3,500 विद्युत सूक्ष्म और लघु बसें (इएमबी) चलाने के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। देशव्यापी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन का विस्तार, और डिजिटलीकरण किया जाएगा। सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने के लिए डिजिटल टिकटिंग प्रणाली और एक ऐप पेश किया जाएगा।

दो-तीन दशक पहले तक साफ-सुथरी आबोहवा वाला काठमांडू, अब दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है। काठमांडू के लाखों निवासियों के लिए खराब वायु गुणवत्ता रोजमर्रा की परेशानी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित पीएम 2.5 स्तरों से 20 से 35 गुना अधिक प्रदूषित होने का अंदाजा पर्यावरणविद देते हैं। इसके प्रमुख कारणों में लगभग 17.5 लाख वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, जंगल की आग, ईंट भट्ठों का धुआं, निर्माण स्थलों से निकलने वाली धूल, काठमांडू शहर में कोयले पर पकनेवाली सींक-कबाब की दुकानें, खुले में कचरा जलाने की बुरी आदतों को वो लोग गिनाते हैं, जो शासन में हैं।

विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल में वायु प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष लगभग 26,000 अकाल मौतें होने का अनुमान है। वायु प्रदूषण नेपालियों की औसत आयु को 3.4 वर्ष कम कर देता है। काठमांडू घाटी और तराई क्षेत्र को प्रदूषण के प्रमुख हॉटस्पॉट के रूप में पहचाना गया है, जहां पिछले एक दशक में वायु गुणवत्ता में बहुत कम सुधार हुआ है। नेपाल में दम फूलने और सांस की बीमारी आम हो चुकी है। ठीक से देखा जाए, तो इलेक्ट्रिक वाहन इस देश को दुनिया के सबसे प्रदूषित स्थानों की सूची से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह सबको मालूम है कि नेपाल इलेक्ट्रिक व्हीकल्स निर्माण नहीं कर सकता। चुनांचे, यह देश इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पड़ोसी मुल्क चीन और भारत से आयात पर निर्भर है। लेकिन क्या, भारतीय कम्पनियां मूल्य के मामले में चीन के मुकाबले ठहर पा रही हैं? बीवाईडी, दीपल, स्काईवेल, डोंगफेंग, ओमोडा, नेटा, एमजी और ग्रेट वॉल जैसे चीनी ब्रांड, नेपाली ऑटो मार्केट में देखते-देखते छा गए। नेपाल के उपप्रधानमन्त्री एवं अर्थमंत्री विष्णुप्रसाद पौडेल ऐसा कुछ नहीं बताते कि चीनी कंपनियों को रेड कार्पेट क्या सोच-समझकर बिछाया जा रहा है, मगर उनका कहना था, 'प्रतिस्पर्धा बढ़ने के साथ डीलर्स ने कम लाभ मार्जिन वाले लोगों को लुभाया है और नए, सस्ते मॉडल की घोषणा की है।' अर्थमंत्री पौडेल ने कहा, कि अब समय आ गया है कि सभी वाहनों का आयात जारी रखने के बजाय, उन्हें नेपाल में ही असेंबल किया जाए। उन्होंने कहा, 'अगर निर्माता यहां प्लांट लगाने का इरादा रखते हैं, तो हम उन्हें हर संभव सहायता देने के लिए तैयार हैं।' नेपाल के तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन आयात में 149 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। नेपाल में वित्त वर्ष 16 जुलाई से आरम्भ और दूसरे वर्ष 15 जुलाई को समाप्त होता है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान नेपाल में 29.48 अरब रुपये मूल्य के 11,701 इलेक्ट्रिक वाहन आए। ऑटोमोबाइल व्यापारियों ने बताया, कि नेपाल में यात्री वाहन बाजार का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा इलेक्ट्रिक वाहनों का है। भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन, हालांकि चीन से गुणवत्ता के मामले में बेहतर होते हैं, लेकिन नेपाल में उन्हें अक्सर उच्च आयात शुल्क और करों का सामना करना पड़ता है, जिससे वे चीनी समकक्षों की तुलना में कीमत के मामले में कम प्रतिस्पर्धी हो जाते हैं। हालांकि, पहले भारतीय ब्रांडों का नेपाली बाज़ार पर दबदबा था, लेकिन हाल ही में ईवी के पक्ष में नीतिगत बदलावों, चीनी कंपनियों की आक्रामक कीमतों और उत्पादों की पेशकश ने पूरे परिदृश्य को बदल दिया है। उद्योग विश्लेषक जयंत मुंद्रा ने कहा, 'यह भारतीय वाहन निर्माताओं के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। वर्षों तक, टाटा, महिंद्रा और मारुति का नेपाल में दबदबा रहा। अब, वह पकड़ खत्म हो गई है।' तो फिर, चीन ने क्या नेपाली ऑटो उपभोक्ताओं के बजट को समझा है? भारत में प्राइसिंग यानी कीमत स्तर ने भी इलेक्ट्रिक वाहनों को आम आदमी से दूर रखा है। चीन यदि नेपाल के ईवी कार बाजार पर पूर्ण रूप से कब्जा जमा लेता है, तो बाकी दक्षिण एशियाई देशों को हथियाने में उसकी सक्सेस स्टोरी कारगर साबित होगी। चीनी वाहन निर्माता इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया और वियतनाम जैसे दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में तेजी से उपस्थिति बढ़ा रहे हैं, और पारंपरिक जापानी-कोरियाई कार निर्माताओं के प्रभुत्व को चुनौती दे रहे हैं।

# मध्य और निम्न वर्ग को जीएसटी पर राहत मिलने की उम्मीद

आर्थिक नीति

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

माना जा रहा है कि केंद्र सरकार के इस स्लैब पर नए इरादे से बाजार में इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और मांग बढ़ने से काफी मात्रा में राजस्व पूर्ति हो सकेगी। जानकारों के अनुसार जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में 12 प्रतिशत वाले स्लैब को या तो विलोपित करने पर विचार किया जा सकता है या फिर इसमें से आम उपभोग की वस्तुओं को पांच प्रतिशत की स्लैब के दायरे में लाया जा सकता है। यदि इस स्लैब को विलोपित नहीं भी किया जाता तो सीधे आम उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं को अन्य स्लैब में समायोजित किया जा सकता है। बढ़ती मंहगाई के कारण आम नागरिकों खासतौर से मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत दिलाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। समूचे देश में कर की एकरूपता के लिए पहली जुलाई 2017 को जीएसटी को लागू किया गया था। अब तक जीएसटी काउंसिल की बैठकों में अनवरत सुधार व बदलाव किया जा रहा है। अगली बैठक होने से पहले ही 12 प्रतिशत के स्लैप में बदलाव की चर्चा को सकारात्मक माना जाना चाहिए। जीएसटी यानी एक राष्ट्र एक कर की अवधारणा अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय सामने आई थी। यह लागू हुई प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल में। हालांकि आम नागरिकों की मांग के बावजूद पेट्रोल-डीजल को अभी तक जीएसटी के दायरे में नहीं लाया जा सका है। पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ने पक्ष-विपक्ष हल्ला तो बोलते हैं पर कभी इन पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने के सार्थक प्रयास नहीं करते। समान कर प्रणाली की अवधारणा सबसे पहले फ्रांस में आई। 1954 में फ्रांस में जीन वेप्टिस्ट कालवर्ट जीएसटी की अवधारणा सामने लाए और इस समान कर प्रणाली की सकारात्मकता का ही परिणाम है कि दुनिया क 160 देशों में जीएसटी जैसी समान कर प्रणाली प्रचलन में है। भारत में 12 प्रतिशत का स्लैब इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी कर दायरे में आती हैं। एक हजार रुपये से अधिक के कपड़े, जूते से लेकर घी, तेल, मक्खन, डेयरी उत्पाद,सब्जियां, फल, मेवे सहित खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, 20 लीटर पैक में पीने के पानी की बोतल, कॉटन हैंड, बैग जूट का सामान, पत्थर और लकड़ी आदि की मूर्तियां, चश्मा, बच्चों की पेंसिल, स्लेट, खेल का सामान, यहां तक कि क्लीन एनर्जी डिवाइस सहित बहुत सारी वस्तुएं इस दायरे में आती है।




> देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के चार स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत में से दूसरे की इस समय जमकर चर्चा हो रही है। इससे मध्य व निम्न वर्ग में आशा का संचार होने लगा है। दरअसल समाज का मध्यम और निम्न वर्ग सबसे अधिक प्रभावित इसी स्लैब से है। इसका कारण भी है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी स्लैब में आती है। खाने-पीने की वस्तुओं के साथ ही जूते-चप्पल, कपड़े आदि भी इसी स्लैब में आते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार 12 प्रतिशत के स्लैब पर निर्णय से सरकार पर 40 से 50 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का असर पड़ेगा।

जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में सरकार जनता को जीएसटी पर राहत दे सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, काउंसिल 12 परसेंट टैक्स स्लैब को खत्म करने पर बड़ा फैसला ले सकती है। बताया जा रहा है कि त्रस्ञ काउंसिल की मीटिंग पर इस पर चर्चा हो सकती है। यह कदम जीएसटी रेट स्ट्रक्चर को आसान बनाने के लिए उठाया जा सकता है। मौजूदा समय में देश में जीएसटी के चार स्लैब (5 परसेंट, 12 परसेंट, 18 परसेंट और 28 परसेंट) हैं। इसे घटाकर तीन किए जाने पर विचार किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट में दी गई जानकारी के मुताबिक, इस प्रस्ताव कोजी जीएसटी काउंसिल के सलाहकार अधिकारियों से समर्थन मिल चुका है और अब काउंसिल को फैसला लेना है।

अगर मीटिंग में 12 परसेंट टैक्स स्लैब को हटाने का फैसला लिया जाता है, तो इसमें आने वाले आइटम्स 5 परसेंट या 18 परसेंट स्लैब में शिफ्ट हो सकते हैं। ऐसे में 5 परसेंट के स्लैब में जाने वाली चीजें जैसे कि फ्रूट जूस, नमकीन, मसाले, पेंसिल, छाता जैसी चीजों की कीमतें कम हो सकती हैं। वहीं, 18 परसेंट के स्लैब में जाने वाली चीजें जैसे कि कारपेट, डिटर्जेंट, कॉन्टैक्ट लेंस, प्लास्टिक के सामानों की कीमत बढ़ सकती है।

**क्यों हटाया जा रहा 12 परसेंट टैक्स स्लैब?** : ऑस्ट्रेलिया, यूएई, कनाडा, सिंगापुर जैसे कई देशों में एक या दो ही टैक्स स्लैब हैं। ऐसे में भारत में तीन टैक्स स्लैब स्ट्रक्चर को अपनाए जाने से यह भी ग्लोबल स्टैंडर्ड के करीब पहुंच सकता है। इसके अलावा, एक्सपर्ट्स का मानना है कि 12 परसेंट स्लैब अब अप्रासंगिक हो चुका है इसलिए भी इसे चार से कम कर तीन करने की बात चल रही है। जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक इसी माह में होने की संभावना है। जबकि पिछली बार बैठक दिसंबर 2024 में हुई थी।

आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में अगर राहत दी जाती है तो यह देश की अर्थव्यवस्था को राहत देने वालानिर्णय होगा।

प्रसंगवश

## उत्साहवर्धक है अक्षय ऊर्जा का जीवाश्म ऊर्जा से अधिक उत्पादन

ऊर्जा मंत्रालय का यह आकलन, कि अगले कुछ महीनों में और अधिक से अधिक इस साल के अंत तक अक्षय या नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन जीवाश्म ऊर्जा से अधिक हो जायेगा, बेहद उत्साहवर्धक और पेरिस समझौते की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। फिलहाल देश में कुल बिजली उत्पादन 472 गीगावाट है, जिसमें जीवाश्म ऊर्जा (कोयला, गैस, लिग्नाइट और डीजल) की हिस्सेदारी 240 गीगावाट, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा (जलविद्युत, पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और अपशिष्ट से ऊर्जा) की हिस्सेदारी 232 गीगावाट है। प्रतिशत में देखें, तो कुल बिजली उत्पादन में जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत और नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 48 फीसदी है. इस वर्ष कुल बिजली उत्पादन के 526 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि भारत का लक्ष्य 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाकर 500 गीगावाट करना है, जो कुल ऊर्जा उत्पादन का 50 फीसदी होगा। अभी सबसे अधिक लगभग 45 फीसदी बिजली कोयले से बनती है, जबकि सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी करीब 23 प्रतिशत और जल विद्युत व पवन ऊर्जा की हिस्सेदारी 10-10 फीसदी है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ने पिछले एक दशक में भारी वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2014 में स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता मात्र 2.82 गीगावाट थी, जो 2025 में बढ़कर 100 गीगावाट से अधिक हो गयी। चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक है और सौर पैनल, सौर पार्क तथा रूफटॉप सौर परियोजनाओं जैसी पहलों का इसमें महत्वपूर्ण योगदान है। सवाल यह भी है कि पर्यावण और भविष्य की पीढ़ी के मद्देनजर भारत की आगे की रणनीति क्या होनी चाहिए। दुनिया भर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरंतर बढ़ रही है। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देने, इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2040 तक दुनिया की ऊर्जा खपत लगभग पचास प्रतिशत बढ़ जाएगी।

> चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक है। इसे देखते हुए सरकार ने 2.5 गीगावाट के दो बिजली संयंत्रों (एक कोयला और एक गैस) को फिलहाल बंद करने का फैसला किया है।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना रूफटॉप सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है। जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल कम होने से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम होता है और वायु तथा जल प्रदूषण भी कम होता है। इससे पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

इसी को देखते हुए सरकार ने 2.5 गीगावाट के दो बिजली संयंत्रों (एक कोयला और एक गैस) को फिलहाल बंद करने का फैसला किया है। हालांकि विशेषज्ञों का आकलन है कि वायु प्रदूषण के कारण भविष्य में सौर ऊर्जा का उत्पादन प्रभावित हो सकता है। कुल 500 गीगावाट के लक्ष्य तक पहुंचने और नेट जीरो की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा को हासिल करने के लिए देश के सभी राज्यों को योगदान देना होगा।



## ।।गीता।।



**श्लोक**

यदा सत्त्वे प्रवृद्धे तु प्रलयं याति देहभृत्।
तदोत्तमविदां लोकानमलान्प्रतिपद्यते॥

**भावार्थ**

जब यह मनुष्य सत्त्वगुण की वृद्धि में मृत्यु को प्राप्त होता है, तब उत्तम कर्म करने वालों के निर्मल दिव्य स्वर्गादि लोकों को प्राप्त होता है।

जीवन दर्शन

## जैसा व्यवहार आप चाहते हैं, वैसा दूसरों से करें

हर इंसान जीवन में स्नेह, सम्मान और समझ की अपेक्षा करता है। हम चाहते हैं कि लोग हमारे साथ अच्छा व्यवहार करें, हमारी भावनाओं को समझें और मुश्किल समय में साथ दें। लेकिन इस विषय पर कभी विचार किया है- क्या हम भी दूसरों के साथ वैसा ही बर्ताव करते हैं जैसा अपने लिए चाहते हैं? यही विचार जीवन के एक महत्वपूर्ण सिद्धांत की ओर इशारा करता है। वह सिद्धांत कहता है कि जैसा व्यवहार आप अपने लिए चाहते हैं, वैसा ही दूसरों से करें। यह केवल नैतिक शिक्षा नहीं, बल्कि आत्मिक विकास का मार्ग भी है। जब हम दूसरों की पीड़ा, भावनाओं और जरूरतों को समझने की कोशिश करते हैं, तब हमारे भीतर करुणा, दया और सहानुभूति जैसे गुण विकसित होते हैं, जो हमें ईश्वर के और निकट लाते हैं। अगर हम किसी पर कठोर शब्द कहने से पहले सोचें कि वही शब्द अगर हमें कोई कहे तो हम कैसा महसूस करेंगे, तो हमारा व्यवहार खुद-ब-खुद विनम्र हो जाएगा। यह आत्म-चिंतन हमारे व्यवहार को संवेदनशील, सहयोगपूर्ण और मानवीय बनाता है। दुनिया के सभी प्रमुख धर्मों में इस सिद्धांत को अपनाया गया है। हिंदू धर्म में यह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से जुड़ा है, जो समस्त जगत को परिवार मानने की प्रेरणा देता है। सभी जीवों के प्रति दया और प्रेम की भावना जगाता है। यह विचार बताता है कि हम सभी परस्पर जुड़े हुए हैं, और हर मनुष्य, पशु-पक्षी, प्रकृति सब हमारे ही परिवार का हिस्सा हैं। इसलिए हमें सबके साथ समानता, करुणा और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करना चाहिए। यह विचार इस्लाम, यहूदी धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म आदि में भी अलग-अलग रूपों में मिलता है। ईसाई धर्म में इसे 'गोल्डन रूल' कहा गया है। बाइबल में इसे इस प्रकार कहा गया है- जैसा व्यवहार आप चाहते हैं कि लोग आपके साथ करें, वैसा ही व्यवहार आप उनके साथ करें। यह जीवन का एक नैतिक नियम है जो हमें दूसरों की भावनाओं, अधिकारों और जरूरतों का उसी तरह सम्मान करने के लिए प्रेरित करता है, जैसा हम अपने लिए चाहते हैं। इससे हमारे संबंध मजबूत होते हैं और समाज में सौहार्द का वातावरण बनता है। नकारात्मक भाव जैसे ईर्ष्या, क्रोध और द्वेष घटते हैं, जबकि प्रेम, क्षमा और संतोष बढ़ते हैं। सच्चे संत और महापुरुष हमेशा यही सिखाते हैं कि यदि हमें दुनिया बदलनी है, तो शुरुआत खुद से करनी होगी। अगर हम चाहते हैं कि हमें सम्मान मिले, तो पहले दूसरों को सम्मान देना होगा। यह सिद्धांत कोई साधारण उपदेश नहीं, बल्कि एक जीवन जीने की कला है। इसे अपनाकर हम समाज में भी शांति, प्रेम और मानवता की खुशबू फैला सकते हैं।

**संजय तेवतिया**

# आठ साल बाद भोपाल फिर देश का दूसरा स्वच्छ शहर बना

## इंदौर सुपर लीग में अव्वल, पहली बार प्रदेश के आठ शहरों को मिलेगा पुरस्कार



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** देश के स्वच्छता अभियान में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल सहित आठ नगरों ने अलग-अलग कैटागिरी में टॉप 10 में स्थान हासिल किया है। भोपाल स्वच्छ शहरों के मामले में आठ साल बाद दूसरा मुकाम हासिल कर पाएगा। पिछले वर्ष भोपाल पांचवे स्थान पर था। इसके अलावा देश की सर्वश्रेष्ठ राजधानी में भोपाल सबसे आगे है। जबकि सुपर लीग में इंदौर को आठवीं बार सम्मानित किया जाएगा, तो उज्जैन ने भी सुपर लीग में स्थान बनाया है। केंद्र सरकार द्वारा जारी स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के नतीजों में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल को देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। अहमदाबाद पहले और लखनऊ तीसरे स्थान पर रहा। भोपाल नगर निगम को 17 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। भोपाल वर्ष 2016-17 के सर्वेक्षण में दूसरे स्थान पर रहा था। इसके बाद भोपाल इस मामले में फिसलता गया, लेकिन पिछले साल भोपाल देश के सबसे स्वच्छ शहरों के मामले में पांचवे स्थान पर था और इस साल तीन स्थान की छलांग लगाते हुए भोपाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

### इंदौर आठवीं बार होगा सम्मानित

पिछले सात सालों से देश की सबसे स्वच्छ शहर का तमगा हासिल करने वाला इंदौर इस बार स्वच्छता सुपर लीग में शामिल होने के कारण मुख्य रैंकिंग से बाहर है। उसे सुपर स्वच्छ लीग में शामिल किया गया है। बताया गया है कि इस मामले में इंदौर आठवीं बार सम्मानित होगा। उसे पिछले 7 सालों में बेहतर प्रदर्शन और भविष्य की संभावनाओं के आधार पर स्वच्छ लीग पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में उज्जैन और 20 हजार से कम जनसंख्या वाले नगरों में बुधनी भी सुपर लीग में जगह बनाने में सफल रहे हैं। इनके अलावा देवास और शाहगंज प्रेसिडेंशियल अवार्ड के लिए, जबलपुर मिनिस्ट्रीयल कैटेगरी में और ग्वालियर स्टेट लेवल अवार्ड के लिए चुने गए हैं।

### 17 को राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के विजेता शहरों को राष्ट्रपति दोपद्री मुर्मू नई दिल्ली में आयोजित होने वाले समारोह में पुरस्कृत करेंगी। इस कार्यक्रम में नगरीय विकास और आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अलावा प्रदेश के 8 शहरों के मेयर, अध्यक्ष, आयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी समारोह में पुरस्कार ग्रहण करेंगे। भोपाल की महापौर मालती राय और नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण सिंह भी पुरस्कार ग्रहण करेंगे।

## मध्यप्रदेश फिर होगा गौरवान्वित : सीएम

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार में मध्यप्रदेश एक बार फिर से गौरवान्वित होगा। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा मध्यप्रदेश के आठ शहरों को स्वच्छता की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने इस उपलब्धि पर सभी स्वच्छता कर्मी, नगरीय निकायों के महापौर, अध्यक्ष, पार्षद, अधिकारी और कर्मचारियों सहित नागरिकों को बधाई दी है। डॉ. यादव ने बताया कि इंदौर शहर को स्वच्छता के लिए सुपर स्वच्छ श्रेणी लीग में आठवीं बार सम्मानित किया जाएगा। इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। विगत वर्षों में श्रेष्ठ प्रदर्शन और भविष्य की संभावनाओं के आधार पर स्वच्छ लीग पुरस्कार इस वर्ष इंदौर को दिया जाएगा। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त होगा, जो गर्व का विषय है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर को भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी भोपाल प्राकृतिक सुंदरता के अलावा स्वच्छता के क्षेत्र में भी आदर्श बना है और इस आधार पर देश की सर्वश्रेष्ठ राजधानी के रूप में सम्मानित होगा। विभिन्न श्रेणियों में ग्वालियर, देवास, शाहगंज और जबलपुर भी पुरस्कृत किए जाएंगे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता का जो संकल्प लिया है, उसमें मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के इस मापदंड के आधार पर अपने घर, मोहल्ले, कॉलोनी और नगर को स्वच्छ रखें और इस आदर्श जीवन शैली को दुनिया के बीच प्रदर्शित करने का प्रयास करें।

**उज्जैन का सुपर लीग श्रेणी में सम्मानित होना गर्व का विषय**

## अधूरे बायो सीएनजी, चारकोल प्लांट व तालाब में मिल रहे सीवेज ने बिगाड़ी भोपाल की रैंकिंग

### स्वच्छता में छोटे शहरों का भी सिरमौर नहीं बन सका भोपाल

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** केंद्र सरकार द्वारा दो दिन पहले स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। लंबे समय से स्वच्छता का सिरमौर बनने का सपना देख रहे भोपाल नगर निगम को इस बार भी नंबर दो के खिताब से ही संतुष्ट करना पड़ा है। खास बात यह है कि भोपाल को यह खिताब तब मिला है, जब देश के सबसे स्वच्छ शहरों जैसे इंदौर, नवी मुंबई और सूरत जैसे 15 शहरों को एक अलग कैटेगिरी बनाकर सुपर स्वच्छता लीग में डाल दिया गया, ताकि लगातार कमजोर प्रदर्शन कर रहे शहरों को अपनी रैंकिंग सुधारने का मौका मिले। लेकिन स्वच्छता रैंकिंग में लगातार पिछड़ने के कारण भोपाल नगर निगम को इस बार सुपर स्वच्छता लीग से भी बाहर रहना पड़ा। जबकि सुपर लीग में इस बार मध्य प्रदेश से इंदौर, उज्जैन और बुधनी जैसे नगरीय निकायों ने भाग लिया। वहीं भोपाल को 10 लाख से अधिक आबादी वाले स्वच्छ शहरों की श्रेणी में दूसरा स्थान मिला।

### भोपाल से आगे अहमदाबाद

इस बार सबसे स्वच्छ शहरों में नंबर वन का खिताब अहमदाबाद को मिला है, जबकि भोपाल दूसरे और लखनऊ तीसरे स्थान पर रहा। बता दें कि 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में अहमदाबाद को 15वां, लखनऊ को 44वां स्थान मिला था। जबकि भोपाल 5वें से दूसरे स्थान पर ही पहुंच पाया, यदि भोपाल कुछ और प्रयास करता तो उसे स्वच्छता में पहला स्थान मिल जाता। यह भी बता दें कि भोपाल पूरे आठ साल बाद स्वच्छता सर्वेक्षण में दूसरा स्थान हासिल करने में कामयाब रहा है, लेकिन आठ साल में लगातार पहले स्थान पर रहा इंदौर अब सुपर स्वच्छता लीग में न केवल स्थान बना चुका है, बल्कि यहां भी पहले स्थान पर बना रहने के लिए दावा कर रहा है। प्रेसिडेंशियल अवार्ड के लिए भोपाल को दूसरे स्थान पर चुने जाने को नगर निगम के अधिकारी इसे अपनी उपलब्धि बता रहे हैं, लेकिन अगर आंकड़ों और कैटेगरी के हिसाब से देखा जाए, तो भोपाल का मुकाबला देश के सबसे स्वच्छ शहरों से था ही नहीं।

### इस कारण पिछड़ रहा भोपाल

इंदौर और भोपाल नगर निगम द्वारा 2021 में शहर से निकलने वाले गीले कचरे की प्रोसेसिंग के लिए बायोसीएनजी प्लांट बनाने की नींव




रखी गई थी। इस दौरान दावा किया गया था कि भोपाल और इंदौर में एक साथ बायो सीएनजी प्लांट काम करना शुरू कर देंगे। इस अवधि में इंदौर का बायो सीएनजी प्लांट तो शुरू हो गया, लेकिन भोपाल का प्लांट आज तक पूरा नहीं हो सका है। पहले चरण में 200 टन प्रति दिन क्षमता वाला प्लांट प्रस्तावित था, लेकिन एक साल बाद इसकी क्षमता बढ़ाकर 400 टन प्रतिदिन कर दी गई। इस प्लांट के शुरू न होने से निगम को सालाना 6.5 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। शहर के वातावरण में लगभग 3 लाख टन से ज्यादा का कार्बन उत्सर्जन भी हुआ है।

### इंदौर में कचरे से तैयार सीएनजी से चल रहे वाहन

इंदौर के देव गुराड़िया स्थित टीचिंग ग्राउंड में 550 टन क्षमता का बायो सीएनजी प्लांट लगभग डेढ़ साल की अवधि में ही बनकर तैयार हो गया था। वर्तमान में इससे इंदौर नगर निगम की सिटी बसें सहित अन्य वाहन चलाए जा रहे हैं और बाकी की गैस कंपनी द्वारा सीएनजी प्लांट से व्यावसायिक उपयोग के लिए बेची भी जा रही है। इसी तरह एनटीपीसी के सहयोग से शुरू होने वाला चारकोल प्लांट भी आज तक शुरू नहीं हो सका है। यदि यह दो प्लांट शुरू हो जाते हैं, तो निगम के 100 फीसदी गीले कचरे से चारकोल और बायो सीएनजी बनेगी।

### तालाबों में सीधे मिल रहे नाले

शहर के कई तालाबों में अब भी नाले सीधे मिल रहे हैं। रवीन्द्र भवन से निकलने वाले नाले से रोजाना 33 एमएलडी सीवेज सीधे छोटे तालाब में मिल रहा है। जिसके कारण तालाब में साल भर गंदगी और पॉलीथिन भरी होती है, जिसके चलते यहां भारी तादाद में मछलियों की भी मौत हो रही है। यही स्थिति शहर के अन्य तालाबों की भी है।

## संक्षिप्त खबरें

### 9 माह से परिवीक्षा खत्म होने का कर रहे इंतजार

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** शिक्षक भर्ती 2018 के तहत नियुक्त शिक्षकों को 2 साल बाद नियुक्ति मिली। स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग में अक्टूबर 2021 से मार्च 2022 तक लगभग 20 हजार शिक्षकों की परिवीक्षा विधि पूर्ण हो चुकी है। लेकिन जिला एवं संभागीय स्तर पर उदासीनता एवं लेटलतीफ से यह कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से नवनियुक्त शिक्षकों को जुलाई में इंक्रीमेंट और तीन बार का डीए एरियर्स नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा ग्वालियर एवं रीवा में पिछले 9 माह से 3 साल पूर्ण कर चुके शिक्षकों को आज भी 90 प्रतिशत सैलरी दी जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी की मनमानी की वजह से शिक्षकों को वेतन का नुकसान हो रहा है। न्यूली अपॉइंटेड टीचर एसोसिएशन मप्र कई बार अधिकारियों को पत्र लिख चुका है। संगठन अब शिक्षा मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग एवं मंत्री जनजातीय कार्य विभाग से मिलने का समय मांगा है।

### एक दिन में ड्राई ऐश निष्पादन में कीर्तिमान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना दोंगलिया (खंडवा) के 660-660 मेगावाट क्षमता के पॉवर हाउस नंबर-2 ने गत दिवस कुल 140 बल्कर ट्रक ड्राई ऐश निजी कंपनियों को भेजकर निष्पादन का नया रिकार्ड कायम किया। यह पावर हाउस नंबर-2 की स्थापना के बाद ड्राई ऐश निष्पादन का सर्वश्रेष्ठ रिकार्ड है। उल्लेखनीय है कि पावर हाउस नंबर-2 की प्रथम यूनिट 18 नवम्बर 2018 को और द्वितीय यूनिट की कमीशनिंग 28 मार्च 2019 को हुई थी। पूर्व पॉवर हाउस नंबर-2 द्वारा 27 दिसंबर 2023 को अधिकतम 126 बल्कर ट्रक द्वारा ड्राई ऐश का निष्पादन किया गया था। परियोजना में पूर्व में ड्राई ऐश के निष्पादन में कई तकनीकी समस्या आ रही थीं।

## आयुर्वेद में स्नातक के लिए 50 परसेंट की बाध्यता खत्म

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन करने के लिए बारहवीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत पीसीबी मार्क्स की बाध्यता भारतीय चिकित्सा पद्दति राष्ट्रीय आयोग ने समाप्त कर दी है। एनसीआईएसएम सचिव सच्चिदानंद प्रसाद ने जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि आयुर्वेद स्नातक शिक्षण के न्यूनतम मानक सभी श्रेणियों के लिए न्यूनतम अंक प्रतिशत पात्रता मानदण्ड वापस ले लिया गया है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि इसके पूर्व 12वीं में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान में सामान्य ओपन श्रेणी में न्यूनतम 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग की श्रेणियों के लिये 40 प्रतिशत मार्क्स अनिवार्य थे तभी छात्र आयुर्वेद बीएएमएस में नीट के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता था। अब बारहवीं कक्षा फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी या बायोटेक्नोलॉजी विषय के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है। नीमा के अध्यक्ष हरेन्द्र भदौरिया का कहना है कि यह फैसला आरक्षित वर्गों सहित सभी विद्यार्थियों के हित में है। अब केवल 12वीं या समकक्ष परीक्षा में भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान या जैव प्रौद्योगिकी विषयों के साथ उत्तीर्ण होना ही पर्याप्त होगा। यह निर्णय वर्षों से चली आ रही जटिलताओं और छात्रों पर पढ़ने वाले अनावश्यक मानसिक दबाव को समाप्त करेगा। एनसीआईएसएम ने बायोटेक्नोलॉजी एक नया विषय जोड़ा है।

## डोमा सम्मेलन से उठी सामाजिक समरसता की आवाज

## कॉलेजियम व्यवस्था पर सवाल, आज तक एमपी हाईकोर्ट में एससी-एसटी का जज नहीं बना: कैत






**जागरण, भोपाल।** राजधानी के समन्वय भवन में दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यक एवं आदिवासी संगठनों के परिसंघ (डोमा) का सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में मप्र हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत, परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद उदित राज, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष एआर सिंह मौजूद रहे। मप्र के पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने कॉलेजियम व्यवस्था पर हमला बोला। कैत ने सवाल उठाया कि मप्र का हाईकोर्ट 1956 से है। मप्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार राज्य में एसटी-एससी और पिछड़ा वर्ग 90 प्रतिशत से ऊपर है। लेकिन, आज तक एक भी एसटी-एससी जज मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में न तो सर्विस से आया है और न ही एडवोकेट जज बना है। यह कॉलेजियम व्यवस्था की बेईमानी है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस वाइब्रेशन से यह मंच चल रहा है, वह मेरे भाषण में नहीं दिखेगा एक वकील के तौर पर भी, मैंने कुल 6 चुनाव लड़े। मैंने उनमें से तीन नहीं, बल्कि तीन चुनाव हारे, बल्कि हर हार में भी मैं विजयी रहा। कैत ने कहा कि मैं दिल्ली हाईकोर्ट का पहला एससी, एसटी, बीसी जज हूं। मैं ओबीसी की बात नहीं कर रहा, मैं इन वर्गों से आने वाला पहला हाईकोर्ट जज हूं और आज तक कोई भी एससी, एसटी वकील जज नहीं बना। यह सोचने वाली बात है। हम ये नहीं कहते कि हमारी तरक्की नहीं हुई। आप को यहां बैठे देखकर पता लगता है कि आप अच्छे कपड़े पहने ठीक से बैठे हैं लेकिन ये कुछ नहीं हैं। क्योंकि ये देश किसी एक जाति का नहीं बल्कि सभी जातियों और सभी धर्मों का है। उसमें भागीदारी जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी भागीदारी मिलनी चाहिए। कैत ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के आंकड़ों के अनुसार, एससी-एसटी और पिछड़े वर्गों की संख्या भारत में सबसे ज्यादा है। यह 90 प्रतिशत से ऊपर है। सरकारी आंकड़ा 93 प्रतिशत का है, लेकिन हम 90 प्रतिशत ही कह रहे हैं। हाईकोर्ट में कोई भी आज तक एससी, एसटी का एक भी जज न सर्विस से और न ही एडवोकेट से जज बना।

## सीएम ने अरब संसद के अध्यक्ष को दिया मध्य प्रदेश में आने का न्यौता

### अरब के 22 देशों में मध्यप्रदेश में निवेश के लिए करेंगे मदद : यामाहि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने दुबई प्रवास के दौरान रविवार को अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि से शिष्टाचार भेंट की और उनसे मध्यप्रदेश की उद्योग हितैषी, सरल एवं सुगम नीतियों और निवेश को प्रोत्साहन देने वाली सुविधाओं की जानकारी साझा की। इस मौके पर यामाहि ने राज्य के साथ व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने की इच्छा भी जताई। मुख्यमंत्री ने यामाहि को बताया कि किस तरह से मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास के क्षेत्र के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने अल यामाहि को प्रदेश में आयोजित होने वाली एनर्जी समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रण भी दिया। डॉ. यादव ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों की सराहना करते हुए आशा जताई कि प्रदेश इन द्विपक्षीय साझेदारियों में सक्रिय और महत्वपूर्ण भागीदार बनेगा।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश को मोस्ट वेलकमिंग स्टेट के रूप में जाना जाता है, जो हमारे आतिथ्य सत्कार को दर्शाता है। हमारे राच्य में खजुराहो, सांची और भीमबेठका जैसे तीन यूनेस्को विश्व विरासत स्थल हैं।

### यामाहि ने प्रतिबद्धता व्यक्त की

अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि ने मध्यप्रदेश के साथ दीर्घकालिक संबंधों को लेकर अपनी गहरी रुचि और प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे मध्यप्रदेश को निवेश के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे एवं अरब के 22 देशों में मध्यप्रदेश की मदद करेंगे। उन्होंने राज्य के साथ व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने की इच्छा भी जताई। यामाहि ने यूएई में बसे प्रवासी भारतीयों द्वारा देश के निर्माण में सहयोग के बारे में चर्चा की और उनके योगदान को सम्मानपूर्वक रेखांकित किया। उन्होंने डॉ. यादव को आत्मीयता से उम्म-ए-अली कहकर संबोधित किया। उन्होंने डॉ. यादव और परिवार को घर आमंत्रित भी किया।

### राजधानी के एनएलआईयू के बीबीएएलएलबी और बीयू के बीएएलएलबी को मान्यता नहीं

## कॉलेज-विवि बिना मान्यता छात्रों को लॉ कोर्स में दे रहे प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) ने प्रदेश के स्वशासी और निजी विश्वविद्यालय, सरकारी और निजी कालेज में संचालित होने वाले सभी लॉ कोर्स की मान्यता रोकने के बाद सूची जारी कर दी है। इसमें भोपाल का राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय (एनएलआईयू) और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय शामिल हैं। बीसीआई से मान्यता नहीं मिलने के बाद भी दो दर्जन से ज्यादा निजी विवि विद्यार्थियों को प्रवेश दे रहे हैं। सरकारी कालेज तो बिना मान्यता के ही लॉ कोर्स का संचालन कर रहे हैं। इससे लॉ डिग्रियों पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

प्रदेश की लॉ एजुकेशन के साथ मजाक किया जा रहा है। कई संस्थान बिना मान्यता और संबद्धता के ही विद्यार्थियों को प्रवेश देने में लगे हुए हैं। इससे विद्यार्थियों की लॉ डिग्री की वैधानिकता पर सवाल खड़े हो सकते हैं। इसी संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के एसीएस अनुपम राजन को हाईकोर्ट में उपस्थित होकर जवाब देना पड़ा है। इसके बाद भी कालेजों और विवि ने बीसीआई से मान्यता लेना जरूरी नहीं समझा। उनकी मान्यता सिर्फ गत वर्ष तक के लिए जारी की गई है। एनएलआईयू के बीबीएएलएलबी की दो साल और बीयू के बीएएलएलबी को तीन साल से मान्यता नहीं दी गई है। वहीं जबलपुर के धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के बीकाम एलएलबी को वर्तमान सत्र की मान्यता नहीं दी गई है।




### तीन रंग में जारी हुई है सूची

बीसीआई ने तीन रंग में सूची जारी की है। इसमें हरे रंग की सूची में उन कॉलेज और विवि का नाम है जिन्होंने दस्तावेज जमा कर दिए हैं। जल्द ही उन्हें मान्यता दी जाएगी। वहीं नारंगी रंग की सूची बताती है कि किसको मान्यता देने की प्रक्रिया चलन में है। वहीं लाल रंग की सूची में जिन कालेजों का नाम है उनकी मान्यता निरस्त बताई गई है।

### बीयू के दायरे में आ रहे दो दर्जन कालेज

बीयू के लॉ विभाग के बाद दो कालेज हैं, जिनकी मान्यता जारी नहीं की गई है। इसमें सरकारी कालेजों में सीहोर, पठारी, बरेली, नर्मदा कालेज नर्मदापुरम, पीजी कालेज पिपरिया, स्टेट लॉ कालेज भोपाल, नर्मदा पीजी कालेज शामिल हैं। बीयू के लॉ विभाग की डीन डॉ. मोना पुरोहित का कहना है कि उन्होंने बीसीआई को मान्यता संबंधी सभी दस्तावेज भेजने के साथ मेल कर दिया है। ताकि बीसीआई जल्द मान्यता जारी कर सके। वहीं महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर के पीजी नेहरू कालेज में 1998 के बाद मान्यता नहीं दी गई है। इसके अलावा कुछ निजी और सरकारी कालेज हैं, जिन्होंने दस साल से मान्यता ही नहीं ली है।

### दो दर्जन निजी विवि भी शामिल

बीसीआई की सूची में प्रदेश के सभी निजी विवि को शामिल किया गया है। इसमें करीब दो दर्जन विवि में संचालित होने वाले करीब आधा दर्जन कालेजों को मान्यता नहीं दी गई है। आयोग के सचिव केपी साहू का कहना है कि जब तक निजी विवि को बीसीआई की मान्यता नहीं आ जाती है तब तक आयोग उन्हें 9बी के तहत प्रवेश की अनुमति नहीं देगा।

**बयान** | कांग्रेस बोली-तानाशाही हमला, भाजपा ने कहा- पर्दे के पीछे कांग्रेस

## करणी सेना पर पुलिस की कार्रवाई पर सियासत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** हरदा में शनिवार को करणी सेना के प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्रवाई पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। उनके नेताओं का कहना है कि शांतिपूर्ण आंदोलन करने वालों पर पुलिस ने तानाशाही हमला किया है। इस पर भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे कांग्रेस की राजनीति करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश के हरदा जिले में करणी सेना और राजपूत समाज के शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर की गई पुलिस की बर्बर कार्रवाई अत्यंत निंदनीय, अमानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि भाजपा की सरकार में न्याय और अधिकार की बात करना अब अपराध बन चुका है। उन्होंने कहा कि लाठीचार्ज, वाटर कैनन, गिरफ्तारियां और धमकियों के माध्यम से सरकार ने यह दिखा दिया है कि वह जनता की आवाज को कुचलने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। विशेष रूप से यह दुखद है कि प्रदर्शनकारियों में वरिष्ठजन, महिलाएं और युवा भी शामिल थे, जिन पर बलपूर्वक हमला किया गया। उन्होंने कहा कि लोगों की शांतिपूर्ण बातें सुनने की बजाय लाठियों से मारना अलोकतांत्रिक तरीका है, जो यह तानाशाही रवैया का स्पष्ट परिचायक है। पटवारी ने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए एवं इस पूरे मामले को सीएम द्वारा स्वयं संज्ञान में लेकर पीड़ितों को न्याय ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने शांति और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे लोगों पर दर्ज मुकदमों को तुरंत वापस लिया जाए। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज, संविधान और न्यायपूर्ण संघर्ष के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी।

### कांग्रेस भ्रमित और क्राइसिस में है : राजपाल

इस संबंध में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजपाल सिंह सिसौदिया ने कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस भ्रमित और क्राइसिस में है, इसीलिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अपनी खोई हुई साख को चमकाने के लिए हरदा जैसी घटनाओं के पर्दे के पीछे होते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता घटना घट जाने के बाद सोशल मीडिया में व्यक्तिगत विवाद को सामाजिक विवाद का रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा सामाजिक ताने बाने को बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। सिसौदिया ने कहा कि सामाजिक आंदोलनों में भाग लेने वाले भोले-भाले युवाओं को कांग्रेस के नेता टूल बनाकर उनका उपयोग कर रहे हैं, जो बेहद निंदनीय और युवा पीढ़ी के लिए भी घातक है। पहले भी कमलनाथ और दिग्विजय सिंह राजनीतिक स्वार्थों के लिए इस तरह के प्रयास कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समाज के भोले-भाले युवाओं का राजनीतिक उपयोग बंद करे। हरदा की घटना में कांग्रेस के एक विधायक स्वयं वहां मौजूद होकर जिस प्रकार से घटना को फैब्रिकेटेड कर राजनीतिक रूप देने का कार्य किया है, वह समाज के लिए बहुत घातक है। कांग्रेस का यह कृत्य किसी दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर चलाने जैसा कृत्य है। कांग्रेस जब-जब सत्ता से बाहर होती है, तब तक इस प्रकार से सामाजिक ताने-बाने को बिगड़ने का काम करती है।

## ज्योतिषियों के सम्मलेन में भविष्यवाणी वर्ष 2027 में एक साथ ही होंगे चुनाव

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** केंद्र सरकार की मंशा के अनुसार देश में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने की कवायद तेजी से चल रही है। लेकिन गुरु की सक्रियता से 2027 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होंगे। यह भविष्यवाणी उत्तराखंड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व केबिनेट मंत्री (दर्जा) डॉ. नंदकिशोर पुरोहित ने मैपकास्ट भोपाल में आयोजित दो दिवसीय कालिदास राष्ट्रीय महर्षि ज्योतिष सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान कही। उन्होंने कहा कि गुरु ग्रह तेज गति से चल रहा है। ज्योतिष इसको पहले ही प्रमाणित कर चुका है। हमारे यहां एक साल का पंचांग उपलब्ध है। आगामी जो चुनाव होगा वह महाभारत बेस पर होगा। प्रधानमंत्री मोदी को स्वयं से लड़ना है। विपक्ष तब भी कमजोर रहेगा। इस अवसर पर पंचांगकर्ता पंडित प्रकाश गौतम ने कहा कि देश में एक तिथि एक पंचांग जल्दी से लागू होना चाहिए। दिल्ली से पधारी दीप्ति सालवान ने शिवोहम की महिमा की व्याख्या करते हुए कहा कि शिवोहम एक महामंत्री है इसे सभी लोगों को करना चाहिए। सम्मेलन के आयोजक पंडित विनोद गौतम ने कहा कि आगामी सिंहस्थ में भोपाल से 1100 ब्राह्मण जाएंगे।

# नशा मुक्त भारत अभियान में हो जन सहभागिता : कलेक्टर



**जागरण, मंडला ।** नशा मुक्त भारत अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक जिले में नशे के विरूद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने नशा मुक्त भारत का संदेश फैलाने, संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित करने और जन जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और इनसे बचाना है, बल्कि इस अभियान को नशे के खिलाफ एक जन आंदोलन का रूप देना है। ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि नशे पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए व्यापक कदम उठाए जायें। इसके लिए बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नशा मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन के रूप में चलाया जाये। इसके तहत लोगों को नशे के प्रकार, नशा एक बीमारी है, नशे की बीमारी से मुक्ति, नशा व मादक पदार्थों का प्रयोग करने वाले व्यक्ति के मुख्य लक्षणों आदि की जानकारी विस्तार से देकर नशा नही करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाये। नशा मुक्त भारत अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके अंतर्गत क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थाओं के सौ मीटर के दायरे में तम्बाकू एवं अन्य उत्पादों का विक्रय नहीं हो इसके लिए औचक निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को इस अभियान के तहत गतिविधियों के संचालन के लिए जारी कैलेण्डर के अनुसार सभी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के अंतर्गत आगामी 15 दिनों में की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बिंदुवार जानकारी दी। इस क्रम में मंगलवार को सुबह 9:30 बजे पुलिस लाइन से स्टेडियम तक रैली आयोजित की जा रही है इसमें सभी सामाजिक संगठन स्कूली छात्र-छात्राएँ, विद्यार्थी, एनएसएस, स्काउट गाइड, नेहरु युवा केंद्र, जनप्रतिनिधि और मीडिया संस्थान के प्रतिनिधि इस रैली में जरूर पहुँचें। जिला स्तरीय नशामुक्त भारत अभियान की बैठक में उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री रोहित बड़कुल द्वारा अभियान के अंतर्गत आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई के अंतर्गत तैयार किए गए प्रकरण एवं ज़ब्त की गई अवैध मदिरा की जानकारी दी गई।

## सीएम हेल्पलाईन की लम्बित शिकायतों के निराकरण की गति तेज करें : कलेक्टर

**मंडला ।** समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाईन में लम्बित शिकायतों के निराकरण की गति तेज करें। नगरीय निकाय, पीएचई, राजस्व, पंचायत तथा पीडब्ल्यूडी जैसे विभागों में अधिक संख्या में शिकायतें लम्बित हैं। संबंधित विभाग आगामी 3 दिवस में ग्रेडिंग मंथ की शिकायतों पर विशेष फोकस करें। जिन विभागों की ग्रेडिंग मंथ की शिकायतें इकाई की संख्या में है, वह 50 दिवस से अधिक की शिकायतों पर भी समानांतर रूप से ध्यान देकर विभागीय ग्रेडिंग बेहतर करें। विभागों की संतुष्टि के निराशाजनक प्रतिशत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सीपी ग्राम में लम्बित शिकायतें आगामी 2 दिवस में बंद कराएं, बुधवार को कमिश्नर जबलपुर संभाग द्वारा इसकी समीक्षा की जाएगी। किसी भी शिकायत का निराकरण यदि भोपाल स्तरीय कार्यालय से संबंधित है ऐसी स्थिति में संबंधित विभाग डीओ लेटर प्रेषित कराएं। उन्होंने कहा कि सीएम मॉनिट एवं सीएस मॉनिट के प्रकरणों का समय पर समुचित निराकरण कराएं। सीएम डैशबोर्ड के बिन्दुओं को ध्यान से पढ़ें एवं तत्संबंध में समय पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। समग्र ई-केवाईसी में जिले की रैंकिंग संतोषजनक नहीं होने पर कलेक्टर ने कहा कि आगामी बुधवार से विशेष अभियान चलाकर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में नगरीय क्षेत्रों में पानी की निकासी, विद्युत आपूर्ति, फूड ई-केवाईसी, ई-ऑफिस, छात्रवृत्ति, पौधारोपण, छात्रावास की सीटें तथा अंतर्विभागीय बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री अरविंद सिंह, श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित जिला अधिकारी मौजूद रहे। समस्त तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगरपालिका तथा बीएमओ वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## घुघरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**जागरण, मंडला ।** शासकीय कन्या उच्च.माध्य.शाला घुघरी में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी महिला एवं बाल विकास विभाग मण्डला के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को परियोजना अधिकारी सुश्री प्रेरणा मर्सकोले द्वारा महिला हेल्पलाईन नंबर 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाईन नं. 1098 के बारे में छात्राओं को सुरक्षा के लिये जागरूक करने हेतु समझाईश दी गई। साथ ही गुड टच और बैड टच के बारे में जागरुक करने की आवश्यकता का महत्व बताया गया। वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जाने वाली सहायताओं से भी सभी को अवगत कराया और पीसीपीएनडीटी एक्ट गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन साथ ही लिंग संवेदीकरण के प्रति जागरूक रहने, इसके अलावा साईबर सुरक्षा अभियान चलाकर लोगों को साईबर हेल्पलाईन नंबर 1930 के प्रति भी जानकारी दी गई।

## थाना सिविल लाइन पुलिस ने इन्वेस्टमेंट प्लान में अच्छा रिटर्न देने का लालच देकर पैसों की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

**जागरण, छतरपुर ।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत आवेदिका निवासी किराए के मकान सिंचाई कॉलोनी छतरपुर की इंस्टाग्राम में प्रॉफिट मनिया नाम की आईडी द्वारा इन्वेस्टमेंट प्लान में पैसा लगाने तथा अच्छा रिटर्न देने का लालच देकर पैसों की धोखाधड़ी संबंधी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। खाते के ट्रांजैक्शन रिपोर्ट व एकत्रित तकनीकि साक्ष्य के अनुसार अपराध सिद्ध पाया गया था। पुलिस टीम द्वारा राजस्थान राज्य सहित अन्य राज्यों में आरोपी की तलाश निरंतर की जा रही थी। आरोपी विभिन्न क्षेत्रों में मूवमेंट कर रहा था, पुलिस टीम द्वारा जयपुर सहित अन्य स्थानों में में भी दविश दी जा रही थी। एकत्रित साक्ष्य एवं सूचना के आधार पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने उक्त धोखाधड़ी करने वाले *आरोपी इंस्टा आईडी प्रॉफिट मनिया यूजर विजय कांवडिया पिता दामोदर कांवडिया निवासी ग्राम मनसा रामपुरा निवारू जिला जयपुर राजस्थान* को रेलवे स्टेशन छतरपुर के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया, एवं धोखाधड़ी की घटना में सम्मिलित गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी दी गई। अभियुक्त के पास से ?30000 नगद राशि प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया गया। अन्य आरोपियों की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक नेहा गुर्जर, उप निरीक्षक कादिर खान, प्रधान आरक्षक राजू वर्मा, जय वेदी, आरक्षक हरेंद्र एवं साइबर सेल से प्र आर किशोर, आर विजय, धर्मराज एवं राजीव की भूमिका रही।

## कलेक्टर-एसपी ने रनगुंवा डैम सहित प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**छतरपुर ।** सोमवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल और एसपी अगम जैन ने अधिकारियों के साथ रनगुंवा डैम एवं प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, तहसीलदार धीरज गौतम, सीईओ राजनगर राकेश शुक्ला, ईई पीडब्ल्यूडी आर.एस. शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर एवं एसपी ने किसानों से वार्तालाप कर उन्हें समझाईश देते हुए कहा की कोई भी पेनिक स्थिति में ना रहें। प्रशासन उनके लिए आपात स्थिति में सुरक्षा, बचाव एवं हर संभव मदद के लिए तत्पर है। उन्होंने किसानों की बाढ़ से हुई फसलों की क्षति के लिए फसल नुकसान का आंकलन कराकर शीघ्र ही राहत राशि उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को शीघ्र फसल आंकलन के निर्देश दिए।

## खजुराहो मे 17 अगस्त को खजुराहो हेल्थ केयर द्वारा लगाया जाएगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कैम्प

**खजुराहो ।** विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो के अम्बे मैरिज हाऊस मै खजुराहो हेल्थ केयर के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का कैम्प का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी प्रकार के मरीजो को उपचार के लिए परामर्श दिया जाएगा। जिसमे डॉक्टर किरन गौरव अग्रवाल भी उपस्थित रहेगी जो कि विशेष रूप से महिलाओं का उपचार करेगी। साथ ही आपको बता दे कि डॉक्टर गौरव अग्रवाल छतरपुर जिला अस्पताल में पदस्थ है जो कि खजुराहो मे शनिवार को शाम 6 बजे 9 बजे तक और रविवार सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक अपनी सेवाएं दे रहे है।

## कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक सम्पन्न



**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सही समय पर पहुंचे। उन्होंने अवैध मरम्मत/अनुकरण/परिवहन की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु स्थापित चेक पोस्ट की प्रभावशीलता की समीक्षा की गई और निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन पर कार्यवाही की जानकारी ली। डुप्लिकेट और समय पर ई-केवाईसी से संबंधित प्रगति पर विभागीय समीक्षा की। पेंशन, समग्र रजिस्ट्रेशन, बीज-खाद वितरण जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। नामांकन ड्रॉपआउट की दर को कम करने हेतु रणनीति पर चर्चा की गई और राजस्व एवं वन अधिकार पत्रकों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के रकबे की गिरदावरी एवं समय संबंधित केन्द्रों के संचालन की स्थिति पर चर्चा की। लंबित पत्रों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए।

## सावन का पहला सोमवार: मतंगेश्वर महादेव में उमड़ा भक्तों का सैलाब, शिवभक्तों ने की विशेष पूजा-अर्चना



**जागरण, खजुराहो ।** सावन के पहले सोमवार को खजुराहो के मतंगेश्वर महादेव में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से ही मंदिरों के बाहर भक्तों की लंबी लाइन लग गई। शिव भक्त बड़ी तादाद में विशेष पूजा-अर्चना करने पहुंचे। साथ ही हर-हर महादेव के जयकारे से शिवालय गूंज उठा। सोमवार सुबह से ही मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की लंबी लाइन देखी गई, खजुराहो का मतंगेश्वर महादेव का मंदिर प्रमुख आस्था का केंद्र है। मंदिर मे शिवलिंग की एक विशेषता यह भी है की यह 18 फीट का शिवलिंग 9 फीट जमीन के ऊपर और 9 फीट जमीन के नीचे तक है जो अपने आपमें बेहद अलौकिक है। इस दौरान मंदिर में आने वाले भक्तो की संख्या को ध्यान मे रखकर खजुराहो थाना प्रभारी सुरभि शर्मा पुलिस बल तैनात किया गया जिसमे सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये। घाट और मंदिर के आस पास खजुराहो नगर परिषद सीएमओ बसंत चतुर्वेदी व नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी द्वारा एक दिन तालाब के घाट की साफ सफाई कराई गई जिसमे भक्तो को स्नान और पूजा अर्चना मे समस्या नही हुई। इस दौरान हजारों की संख्या मे भक्तगण मतंगेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर दर्शन किये।

## मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ सौंपेगा जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन

**छतरपुर ।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला इकाई छतरपुर स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छतरपुर को गुरुवार 17 जुलाई 2025 को सायं 4 बजे ज्ञापन सौंपगा। ज्ञापन में मुख्य रूप से कर्मचारियों की ऐसी समस्याओं के निराकरण की बात होगी जो कई महीनों से लंबित है एवं बार-बार पत्राचार करने पर भी जिनका समाधान नहीं किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के द्वारा बताया गया कि यदि नियत समय के अंदर कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ वृहद आंदोलन की तैयारी करेगा। उक्त ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अशोक पटेरिया मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र हिंगवासिया एवं संभागीय उपाध्यक्ष कृपा शंकर पाठक की उपस्थिति में दिया जायेगा।

**Kalyan Singh Super Speciality Cancer Institute**
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-(226002)
Website: https://cancerinstitute.edu.in, Email: jdmm.sscih@gmail.com

**TENDER NOTICE**

On-line offers are invited through GeM Bidding/Bidding from Manufacturer/Direct Importers/Authorized distributors/Dealers/ Accredited Agents for the supply and installation of **Batteries for Electric Engineering Section of the Institute.**
The vendors are required to submit their offers on GeM portal only in two bid system i.e. Technical and Financial Bid as per terms and conditions of bid document.
For detailed information like Name of item, Date of Submission and opening of bid etc. you may please visit the Gem portal. The offer will be accepted On-line only on GeM portal with terms and conditions as mentioned against each bid.
The Director reserves the right to accept or reject any tender in part or full without assigning any reason thereof. In case any legal dispute; the legal jurisdiction shall be court of law at Lucknow (UP), India.
Advt No:- KSSSCI/Tender-08/2025-26 Director

## रिक्त सरपंच पद के निर्वाचन में लगने वाली ईव्हीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन सम्पन्न

**जागरण, बैढ़न ।** बैढ़न जनपद पंचायत क्षेत्रांतर्गत एवं चितरंगी जनपद पंचायत अंतर्गत अकस्मिक रूप से रिक्त हुये सरपंच पद के उप निर्वाचन हेतु लगने वाली ईव्हीएम मशीनो का प्रथम रेण्डमाईजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला एवं अभ्यर्थियो तथा उनके प्रतिनिधियो के उपस्थित में ईव्हीएम मशीनो के प्रथम रेण्डमाईजेशन का कार्य पूर्ण किया गया।

## नदी के बीच फंसे देवरी गांव में बीमार ग्रामीणों के लिए नाव से पहुंची रेस्क्यू टीम



**जागरण, छतरपुर ।** बिजावर विकासखण्ड के देवरी ग्राम में बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की सूचना पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग तुरंत हरकत में आया। देवरी गांव तक कोई पक्का पहुंच मार्ग न होने के कारण रेस्क्यू टीम को नाव की मदद से गांव तक पहुंचना पड़ा। यह गांव धसान और काठन नदी के बीच बसा है, जिससे वहां तक पहुंचना बेहद मुश्किल होता है। सोमवार को तहसीलदार अभिनव शर्मा, बीएमओ डॉ. महेश त्रिवेदी, एसडीआरएफ प्लाटून कमांडर विनीत तिवारी सहित मेडिकल टीम नाव से गांव पहुंची। बीएमओ डॉ. त्रिवेदी ने बताया कि देवरी गांव में 20 से 25 परिवार निवास करते हैं और इनमें से कई महिलाएं एवं बच्चे बीमार पाए गए। कुछ को दस्त और उल्टी जैसे लक्षण थे, तो कुछ को बुखार एवं अन्य संक्रमण थे। सभी का प्राथमिक इलाज कर उन्हें जरूरी दवाएं दी गई हैं। ग्रामीण मुन्नालाल तिवारी ने प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि रेस्क्यू टीम समय पर गांव पहुंची और बीमार लोगों का इलाज किया। साथ ही उन्होंने प्रशासन से अपील की कि गांव तक स्थायी सड़क मार्ग जल्द से जल्द बनाया जाए ताकि ऐसी परिस्थितियों में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि हर साल बरसात के मौसम में देवरी गांव का संपर्क आसपास के इलाकों से पूरी तरह कट जाता है। ग्रामीणों की यह मांग अब और अधिक गंभीर हो गई है कि प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाए।

## ट्रिपर वाहन के चालक द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र नो एन्ट्री में परिवहन करते पाये जाने पर की गई कार्यवाही



**जागरण, बैढ़न ।** ट्रिपर वाहन के चालक द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र नो.एन्ट्री मे परिवहन करते पाये जाने पर कार्यवाही की गई आम जनता के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की ट्रिपर वाहन प्रतिबंधित क्षेत्र नो.एन्ट्री में रेत का परिवहन कर रहा है सूचना पर तत्काल यातायात पुलिस द्वारा उक्त वाहन मालिक एंव चालक की जानकारी प्राप्त कर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 115,194/1 का उल्लंघन करते पाये जाने पर वाहन मालिक के विरूद्ध राशि 5000/.जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

### 1 जनवरी से 30 जून तक 56 वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही

यातयात पुलिस के द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में परिवहन करने वाले वाहन चालको/मालिको के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले 56 वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही कर 280000/. दो लॉख आस्सी हजार रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया है। यातायात पुलिस ने वाहन मालिक/चालको से अपील की है कि शहरी क्षेत्र में भारी वाहनो के संचालन हेतु जिला मजिस्ट्रेट सिंगरौली द्वारा जारी समय सारणी का पालन करे एंव प्रतिबंधित समय मे वाहनो का संचालन न करे। कार्यवाही में थाना प्रभारी यातयात सउनि उत्तम सिंह प्रआर उमेश बागरी आर प्रवेश तिवारी एंव अन्य समस्त यातायात स्टॉप की सराहनीय योगदान रहा।

## जीपीएफ खाताधारकों के लिए वर्ष 2024-25 का वार्षिक लेखा विवरण ऑनलाइन उपलब्ध

**पन्ना ।** महालेखाकार कार्यालय (लेखा एवं हकदारी)-द्वितीय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर द्वारा राज्य के शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि खातों के वर्ष 2024-25 के वार्षिक लेखा विवरण को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। अधिकारी-कर्मचारी अब अपना जीपीएफ स्टेटमेंट आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी सीरीज, खाता क्रमांक तथा पासवर्ड दर्ज कर सीधे डाउनलोड कर सकते हैं। जीपीएफ विवरण में यदि किसी भी प्रकार की विसंगति या त्रुटि पाई जाती है, तो अभिदाता ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन सर्विसेस विकल्प पर क्लिक कर संबंधित जानकारी और दस्तावेज अपलोड किए जा सकते हैं। शिकायतों का निराकरण एक माह के भीतर महालेखाकार की निगरानी में किया जाएगा। शिकायत दर्ज करने के लिए कर्मचारी दूरभाष नंबर 0751-2432457 या व्हाट्सएप नंबर 8827409410 पर भी संपर्क कर सकते हैं

भारतीय थल सेना
JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

अधिकारी प्रविष्टियाँ

1. निम्नलिखित कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-
(क) 66वाँ अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स (पुरूष) अप्रैल 2026 के लिए।
(ख) 66वाँ अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स (महिला) अप्रैल 2026 के लिए।

2. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित अवधि तक खुले रहेंगे:-
(क) अल्पकालिक सेवा कमीशन(तकनीकी) कोर्स - पुरूष - 16 जुलाई से 14 अगस्त 2025
(ख) अल्पकालिक सेवा कमीशन(तकनीकी) कोर्स - महिला - 16 जुलाई से 14 अगस्त 2025

OFFICER ENTRIES

1. Applications are invited for the following courses:-
(a) 66th Short Service Commission (Tech) Men Course Apr 2026.
(b) 66th Short Service Commission (Tech) Women Course Apr 2026.

2. Online applications will open as under:-
(a) SSC (Tech) Course - Men - 16 Jul to 14 Aug 2025
(b) SSCW (Tech) Course - Women - 16 Jul to 14 Aug 2025

नोट :-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।
Note :-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.
CBC 10601/11/0025 /2526

### 19 जुलाई के पश्चात सड़क पर निराश्रित गौवंश मिलने पर दर्ज होगी एफआईआर

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा कर दिए निर्देश

## अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में सर्वेक्षण दल गठित करें

जागरण, पन्ना

कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि जिले में भू-माफियाओं के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए। अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में सर्वेक्षण दल का गठन भी किया जाए। राजस्व अधिकारी निरंतर रूप से अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई जारी रखें। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा उक्ताशय के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अधिकारियों को स्कूल, छात्रावास, शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं स्वास्थ्य केन्द्रो के नियमित रूप से निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही नाला एवं तालाब से अतिक्रमण हटवाने, जलभराव की स्थिति पर रोकथाम तथा हैण्ड पंप एवं बोरिंग स्थल के आसपास गंदे पानी का रिसाव चेक कराने के लिए भी निर्देश दिए गए। साथ ही वर्षा के कारण प्रभावित सड़क व पुलिया के संधारण और निकाय अधिकारियों एवं पीएचई के अधिकारी को दूषित जल की समस्या के निराकरण के लिए यथोचित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम और विभिन्न गौवंश एवं पशुओं की सुरक्षा की दृष्टिगत वर्तमान में धारा 163 प्रभावशील है, जिसके तहत निराश्रित गौवंश को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर गौ शालाओं में शिफ्ट करने की कार्रवाई की जाना थी। इसके बावजूद कतिपय स्थानीय निकायों द्वारा गौवंश को अब तक सड़क से विस्थापित करने की कार्रवाई नहीं की गई है। इसलिए अविलंब गौशालाओं की व्यवस्थाओं का पूर्व अवलोकन कर निराश्रित गौवंश को तत्काल गौशालाओं में शिफ्ट करें। आगामी 19 जुलाई के पश्चात जिले के मुख्य मार्गों अथवा शहरी या ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर निराश्रित गौवंश मिलने की स्थिति में संबंधित लोकसेवक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसलिए समस्त सचिव, सरपंच, जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ द्वारा समय पूर्व आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गौशाला से पशुपालकों को गौवंश की वापसी के दौरान अर्थदण्ड वसूलने के साथ ही हिदायत भी दी जाए। साथ ही पुनः निराश्रित गौवंश मिलने पर संबंधित पशुपालक के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करें। गौशाला में पहुंचे प्रत्येक गौवंश की टैगिंग कराएं। जिला कलेक्टर ने थाना प्रभारियों को भी जिम्मेदारी के साथ तस्दीक उपरांत भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए गए।




**सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई :** कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन मामलों के निराकरण में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। वर्तमान में सी एवं डी श्रेणी के विभाग 20 तारीख के पूर्व शिकायतों के निराकरण के लिए सटीक प्रतिवेदन दर्ज कराएं। प्रमुख रूप से श्रम विभाग की शिकायतों के निराकरण के लिए स्थानीय निकायों के अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। श्रम विभाग के अधिकारी द्वारा भी निराकरण की स्थिति की समीक्षा की जाए। इस दौरान बीएमओ अजयगढ़ को आकांक्षी विकासखण्ड के संकेतकों के अनुरूप ग्रामवार प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी तहसीलदार को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही की स्थिति पर एवं खराब रैंक आने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इसके लिए सभी पटवारियों को ग्रामवार लक्ष्य सौंपकर निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सिविल सर्जन, जिला संयोजक, आरटीओ एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को भी आगामी पांच दिवसों में सीएम हेल्पलाइन में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने मत्स्य पालन विभाग के निरीक्षक को जनपद पंचायत सीईओ पवई से समन्वय कर प्रतिबंधित अवधि में मत्स्याखेट करने वालों के विरूद्ध छापामार कार्यवाही कर मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सभी राजस्व अधिकारियों को समय सीमा में आवेदनों का तत्परता से निराकरण, टीएल विषय से संबंधित प्रकरणों की विषयवार नस्तियां तैयार करने, स्कूली छात्र-छात्राओं के शेष 9 प्रतिशत छात्रवृत्ति के प्रकरणों में त्वरित भुगतान, निकायवार समग्र ई-केवायसी कार्य में निरंतर कार्यवाही, मध्यान्ह भोजन शाला निरीक्षण और नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से सभी राशन दुकानों पर समयावधि में खाद्यान्न की उपलब्धता इत्यादि के संबंध में भी निर्देश दिए।

**ई-ऑफिस के क्रियान्वयन में जिला 43वें स्थान पर :** कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन में पन्ना जिला प्रदेश में 43वें स्थान पर है। यह स्थिति ठीक नहीं है। अब तक 10 विभागों द्वारा ऑनबोर्ड नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधितजनों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह एमएलसी एवं पोस्टमॉर्टम की ऑनलाइन रिपोर्ट बड़ी संख्या में लंबित रहने पर संबंधित चिकित्सकों के विरूद्ध भी कार्रवाई के निर्देश दिए। समस्त एसडीएम को छः माह से अधिक अवधि के पंजीबद्ध एवं न्यायालय में दर्ज दाण्डिक प्रकरणों के संबंध में प्रथम चरण में आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा आरटीओ को यातायात प्रभारी से समन्वय कर विभिन्न मार्गों की यात्री बसों के रूट और टाइम निर्धारण के लिए जरूरी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने विभागवार स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा कर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संविदा मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर कार्य में सुधार के लिए नोटिस देकर संविदा सेवा समाप्ति के निर्देश भी दिए। टीएल बैठक में राशन मित्र पोर्टल पर केवायसी से वंचित खाद्यान्न हितग्राहियों के संबंध में निराकरण दर्ज कराने तथा नवीन पात्रता पर्ची के संबंध में भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत हितग्राहियों के ऑनलाइन आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए पात्रता अनुसार कार्यवाही तथा आवश्यकता होने पर नगरीय निकाय अधिकारियों को एसडीएम से समन्वय कर बसाहट के लिए पट्टा स्थल आवंटित कराने की बात कही।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाएं :** कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष भी जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाना है। गत वर्ष के लक्ष्य मुताबिक ही विभागीय अधिकारियों द्वारा इस संबंध में आगामी कार्यवाही की जाए और इस महत्वाकांक्षी अभियान को सफल बनाएं। वन विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों द्वारा अपनी कार्ययोजना और लक्ष्य मुताबिक चिन्हांकित स्थलों पर पौधरोपण कराया जाए। साथ ही अंकुर एप पर फोटो भी अपलोड करें। टीएल बैठक में केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत पुनर्वास पैकेज राशि के विरतण के संबंध में भी कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि विभाग के अनुविभागीय अधिकारियों से कोई भी पात्र परिवार के पैकेज से वंचित अथवा शेष नहीं होने के संबंध में प्रमाणीकरण प्राप्त किया जाए। इस संबंध में स्पष्ट किया गया कि धारा 11 के नोटिफिकेशन तिथि से पहले महिलाओं के विवाह होकर अन्यत्र स्थान पर जाने की स्थिति में 12 लाख 50 हजार रूपए के पुनर्वास पैकेज की पात्रता नहीं है। इसके लिए जनपद पंचायत सीईओ को वांछित जानकारी से अवगत कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बरसात के बाद विस्थापन कार्यवाही के लिए समय पूर्व सभी आवश्यक तैयारी कर ली जाए। इसी तरह रेलवे के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा कर एसडीएम पन्ना एवं गुनौर को प्रभावित परिवारों को बैंक खाता संग्रहण और अवार्ड राशि के वितरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक कुमार चतुर्वेदी, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# पढ़ूंआ ग्राम अब भी बुनियादी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**जागरण, पवई।** आज़ादी के 78 वर्ष बीत जाने के बावजूद ग्राम पंचायत/ कृष्णगढ़ जगदीशपुरा के अंतर्गत आने वाला आदिवासी बाहुल्य गाँव पहुआ अब भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी मूलभूत आवश्यकताएं आज भी यहां के ग्रामीणों के लिए सपना बनी हुई हैं ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता वादों की झड़ी लगा देते हैं, लेकिन जीतने के बाद कोई पीछे मुड़कर देखने तक नहीं आता। गांव में आने-जाने के लिए पक्की सड़क तक नहीं है, बारिश के मौसम में कीचड़ व जलभराव से हालात और भी बदतर हो जाते हैं। हमारे गांव के मार्ग से पैदल निकलना मुश्किल हो जाता हैं. जिसका अंदाजा बर्तमान स्थिति कोई देखकर लगाया जा सकता हैं। बिजली की आपूर्ति अनियमित है, और स्वच्छ पेयजल की भी भारी कमी है। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं का तो नामोनिशान तक नहीं — एक छोटी सी बीमारी के लिए ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। पैदल बहा तक पहुंच पाना बड़ा मुश्किल होता हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सरपंच व पंचायत जनप्रतिनिधियों की चुप्पी, ग्रामीणों के आक्रोश को और बढ़ा रही है।अब समय आ गया है कि सरकार और प्रशासन इस गाँव की सुध लें और वास्तविक विकास का वादा निभाएं। इस ग्राम के सड़क निर्माण कोई लेकर विगत वर्ष उपसरपंच दीपेंद्र त्रिपाठी ने भी आबाज उठाई थी परन्तु आज तक किसी ने इन ग्रामवासियो की तरफ ध्यान नहीं दिया। वही जनपद सदस्य कमलेश तिवारी ने भी चितावनी दी हैं की यदि यहाँ के विकास की तरफ प्रशासन ने धयान नहीं दिया तो धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

# सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों मे उमड़ी शिवभक्तों की भीड़



## सोमवार से मंदिरों में भजन कीर्तन एवं घरों मे शिवार्चन शुरू

**जागरण, पवई।** सावन के पहले सोमवार को कलेही मंदिर परिसर स्थित प्राचीन शिव मंदिर बाबा कैलाशी सर्वेश्वर नाथ बिरसिंहपुर सहित अन्य शिव मंदिरों मे सुबह से जलाभिषेक पूजा अर्चना करने बडी संख्या में शिव भक्तो भीड़ रही। ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव की उपासना के लिए सावन माह विशेष लाभकारी है जिसमे सावन सोमवार का सबसे अधिक महत्व है। सावन मे पार्थिव शिवलिंग लिग रूद्राभिषेक शिवार्चन महामृत्युंजय जाप का अनुष्ठान कराने से बड़ी से बडी समस्याओ का निवारण होता घर परिवार मे सुख समृद्ध जीवन मे शान्ति एवं मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। सावन माह के उपलक्ष्य मे सोमवार से सिद्धेश्वरी मंदिर मिलोनीगंज,बाला जी मंदिर झंडाबाजार व अन्य मंदिर में महिलाओं द्वारा प्रतिदिन शाम को भजन कीर्तन श्रीराम चरित मानस पाठ शुरू हो गया है।

# नगर के मध्य में स्थित प्राचीन धर्म सागर तालाब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा

## महाराजा छत्रसाल के नाती महाराजा सभा सिंह द्वारा निर्मित तालाब



**जागरण, पन्ना।** नगर के मध्य में स्थित जीवन दायक धर्म सागर तालाब वर्षों से नगर की जनता को पानी प्रदान करता आ रहा है ऐतिहासिक भूमिगत नालियों के द्वारा शहर के प्रमुख कुँओ में पानी प्रदान किया जाता था जैसे भगवान बल्देव मंदिर का कुआं, भगवान किशोर जी मंदिर का कुआं, पुराना कलेक्ट्रेट महेंद्र भवन के अंदर का कुआं आदि प्रमुख रूप से लाभान्वित होते थे सन 60 के दशकों में नल जल योजना के अंतर्गत शहर में पानी जनता को प्रदाय किया जाता है। प्रमुख त्योहारों पर नगर की जनता धर्म सागर तालाब में ही स्नान करती है और अर्घ देती है। प्रदेश सरकार के आदेश एवं पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह के प्रयास से क्लब घाट पर महाराजा छत्रसाल की मूर्ति स्थापित करने का निर्णय हुआ था जिसका निर्माण कार्य जारी है। विडंबना यह है कि तालाब के चारों ओर स्थित धार्मिक मंदिर उदासीनता के कारण छत विच्छत हो रहे हैं। घाटों पर असामाजिक तत्व आपत्तिजनक गतिविधियां संचालित करते हैं जिससे घाटों में गंदगी फैली रहती है जिसका कारण प्रशासन की उदासीनता है। अपेक्षा है कि नगर प्रशासन इस पर ध्यान देगा और सुधार कार्य करेगा।

## सलेहा पुलिस ने जूआ फड़ पर मारा छापा, आठ जुआरी गिरफ्तार

**पन्ना।** सलेहा थाना क्षेत्र के ग्राम बछरवारा में कुछ दिनों से जुआ फड़ संचालित हो रहा था यह जुआ फड़ झुर्रा चौधरी के घर में हो रहा था। जिसकी सलेहा पुलिस को जानकारी मिली सलेहा थाना प्रभारी बलवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने झुर्रा चौधरी के घर में छापामारा और आठ जुआरियों को जुआ में हार जीत का दांव लगाते गिरफ्तार किया जुआरियों से 4190 रू नगद 4 एंड्रॉयड मोबाइल की पैड मोबाइल एवं एक मोटर साइकिल जप्त की सभी जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट अधिनियम के तहत कार्रवाई की जुआ खेलते पकड़े गए जुआरियों बृजकिशोर द्विवेदी उर्फ भोला पिता राम सुआवन द्विवेदी निवासी बछरवारा कामता पाठक पिता शम्भू पाठक निवासी बछरवारा पुसआ चौधरी पिता मुलइया चौधरी बछरवारा जीतेन्द्र पिता हीरा लाल सोनी निवासी भमरहा छोटे लाल वर्मा पिता वैसाखू वर्मा नाती लाल पिता ललुआ चौधरी निवासी बछरवारा नत्थू लाल चौधरी पिता छोटे लाल निवासी बछरवारा झुर्रा चौधरी पिता जिठुआ चौधरी निवासी बछरवारा को गिरफ्तार किया है।

# असाक्षर व्यक्तियों का सर्वे के जरिए हो सही चिन्हांकन : कलेक्टर

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक




**जागरण, पन्ना।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 15 वर्ष से अधिक आयु एवं औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके व्यक्तियों को साक्षर करने के उद्देश्य से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत लक्षित असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता का ज्ञान प्रदान कर प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभागार में बैठक हुई। इस दौरान अवगत कराया गया कि जिले में दो लाख से अधिक असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य है। इस महत्वपूर्ण अभियान में स्कूल शिक्षा विभाग सहित महिला बाल विकास, जन अभियान परिषद, उच्च शिक्षा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आजीविका मिशन और स्वास्थ्य विभाग की भी महती भूमिका है। जिला कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सर्वे के जरिए शत-प्रतिशत असाक्षर व्यक्तियों का चयन कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। अक्षर साथियों के चयन एवं प्रशिक्षण सहित गतिविधियों का हर स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाए। साथ ही सामाजिक चेतना केन्द्रों और अध्ययन केन्द्रों का संचालन एवं मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी से कार्यक्रम अंतर्गत मूल्यांकन प्रणाली के संबंध में जानकारी लेकर इस सामाजिक कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा टीम एवं अक्षर साथियों के सहयोग से पोर्टल में दर्ज व्यक्तियों के अलावा अन्य छूटे हुए असाक्षर व्यक्तियों का चिन्हांकन करने के निर्देश भी दिए।

# जवाहर नवोदय विद्यालय की पुस्तिका का किया विमोचन



**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्टर कक्ष में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रमखिरिया की विद्यालय स्तरीय पुस्तिका का विमोचन किया। पन्नोदय अनुभूति नामक पत्रिका के प्रवेशांक 2024-25 अंक के विमोचन के अवसर पर प्राचार्य आर.के. पटेल एवं पीजीटी डॉ. व्ही.के. तिवारी भी उपस्थित रहे। इसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की विभिन्न रचनाओं के साथ स्कूल की विभिन्न गतिविधियों का समावेश भी है। इस दौरान पुस्तिका की प्रति भी भेंट की गई। आगामी दिवसों में पुस्तिका का व्यापक स्तर पर वितरण कराया जाएगा। जिला कलेक्टर ने मैगजीन की सराहना कर इसे विद्यालय परिवार के लिए उपयोगी बताया।

### शाहनगर में समाजसेवियों की अनूठी पहल

# गायों को रेडियम पट्टा पहनाने चलाया अभियान

**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार के निर्देशानुसार पन्ना जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163 प्रभावशील की गई है, जिसके तहत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं और गौवंश को सुरक्षित आश्रय स्थल भेजा जा रहा है। इससे सड़क दुर्घअनाओं पर रोकथाम के साथ ही पशुओं की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी। जिला कलेक्टर के निर्देश पर निराश्रित पशु और गौवंश को विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा गौशाला में भेजने की कार्यवाही वर्तमान में संपादित की जा रही है। इसके अलावा अब समाजसेवियों द्वारा भी रात के समय सड़कों पर घूमने वाली आवारा गायों को दुर्घटनाओं का शिकार होने से बचाने के लिए नवाचार किया गया है। शाहनगर में स्थानीय समाजसेवियों ने गायों की जान बचाने के लिए उन्हें रेडियम पट्टे पहनाने का अभियान शुरू किया। यह पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। अब तक 100 से अधिक गायों को रेडियम पट्टे पहनाए जा चुके हैं, जो रात में वाहन की लाइट पड़ते ही चमकने लगते हैं। इससे वाहन चालक दूर से ही गायों को देख पाते हैं और समय रहते अपनी गाड़ी की रफ्तार नियंत्रित कर लेते हैं। समाजसेवियों ने चर्चा के दौरान बताया कि हर रोज किसी न किसी गाय के एक्सीडेंट की खबरें सुनकर मन व्यथित हो जाता था। तभी सोचा कि कुछ ऐसा किया जाए, जिससे इन मासूम जीवों की जान बच सके। रेडियम पट्टा एक सस्ता और असरदार उपाय निकला। इस अनूठी पहल को क्षेत्रीय लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोग खुद आगे बढ़कर इस अभियान में आर्थिक और स्वैच्छिक रूप से सहयोग कर रहे हैं। पशु प्रेमियों, युवाओं और ग्रामीणों की टीम मिलकर गायों को पकड़ती है और उन्हें रेडियम पट्टा पहनाती है। स्थानीय प्रशासन और जनपद पंचायत, पुलिस विभाग ने भी इस प्रयास की सराहना की है। आने वाले समय में इसे पूरे जिले में लागू करने की योजना पर विचार किया जा रहा है।



रेडियम पट्टा एक खास प्रकार का चमकने वाला पट्टा होता है, जिसे जानवर की गर्दन या सींग पर बांधा जाता है। वाहन की हेडलाइट जैसे ही इस पर पड़ती है, यह तेज़ी से चमकता है, जिससे दूर से ही जानवर की उपस्थिति का आभास होता है। कान्हु गुप्ता स्थानीय निवासी ने कहा कि ऐसी पहल आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है। रात में सड़क पर जानवर दिखते नहीं और दुर्घटनाएं हो जाती हैं। अब कम से कम समय रहते बचाव हो सकेगा। इसी तरह सलीम खान, ट्रक ड्राइवर ने बताया कि मैं रोज रात में ट्रक चलाता हूं। अब ये पट्टे देखकर दूर से ही जानवरों का अंदाज़ा हो जाता है। एक्सीडेंट की आशंका बहुत कम हो गई है। इस पहल ने यह साबित कर दिया है कि छोटी-छोटी कोशिशें भी बड़े बदलाव ला सकती हैं। यदि समाज के अन्य लोग भी इस दिशा में कदम उठाएं तो न केवल जानवरों की जान बचेगी, बल्कि वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी। समाजसेवा की इस अनोखी मिसाल ने यह दिखा दिया है कि इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच से समाज में बदलाव संभव है।

## कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 29 जुलाई तक होंगे ऑनलाइन पंजीयन

**पन्ना।** जवहर नवोदय विद्यालय रमखिरिया पन्ना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आगामी 29 जुलाई तक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा शनिवार, 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित की जाएगी। जवाहर नवोदय विद्यालय भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित सह शिक्षा आवासीय विद्यालय है। इसमें प्रवेश पर छात्रों को निःशुल्क शिक्षा के साथ आवास और भोजन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। विद्यालय में 75 प्रतिशत सीट ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए और एक तिहाई सीट लड़कियों के लिए आरक्षित है। ओबीसी, एससी, एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए भी भारत सरकार के मानदंडो के अनुसार आरक्षण मिलेगा। गत सत्र में विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा के लिए 4 हजार से अधिक पंजीयन हुए थे। इस वर्ष अभी तक मात्र 136 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी को प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय से न्यूनतम 10 छात्रों का परीक्षा के लिए पंजीयन कराने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

# लंबित प्रकरणों का समय सीमा के अंदर निराकरण करें : कलेक्टर

## जिला एवं विकास खण्ड में भी ई आफीस के माध्यम से नस्तियो को किया जाये संधारण

जागरण, बैढ़न



सीएम हेल्प लाईन समाधान विदु सीएम आवास सीएम कार्यालय सहित आयोगो से प्राप्त पत्रो का समय सीमा के अंदर निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जायें। साथ ही जिला स्तर के साथ साथ विकास खण्ड स्तर के कार्यालयो में भी ई आफीस के माध्यम से नस्तियो का संधारण किया जाना सुनिश्चित करे। उक्त आशय का निर्देश समय सीमा के बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा विभागीय अधिकारियो को दिया गया। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतो के साथ साथ समाधान विंदु तथा सीएम आवासए सीएम कार्यालय सहित विभिन्न आयोगो के प्राप्त होने वाले पत्रो के निराकरण के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि अभी भी शिकायतो का निराकरण शत प्रतिशत नही किया गया है। इसे गंभीरता से लिया जायें तथा आगामी बैठक में निराकरण की प्रगति की जानकारी भी दिया जाना सुनिश्चित करे। उन्होने छात्रावासो के साथ साथ विद्यालय भवनो आगनवाड़ी केन्द्रो की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि जर्जर भवनो में छात्रो को नही बैठाये इसके लिए उचित प्रबंध करे। साथ ही छात्रावासो में रहने वाले छात्राओ की नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराये। साथ ही छात्रावासो में साफ सफाई के साथ भोजन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करे। बैठक में ही कलेक्टर द्वारा पूर्व में जर्जर भवनो के जॉच हेतु गठित दल को निर्देश दिए कि उपरोक्त भवनो का निरीक्षण कर वास्तु स्थिति से अवगत कराये। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि आईटीआई छात्रावास भवन का निरीक्षण कर भवन के स्थिति से अवगत कराये। वही संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि अगर भवन की स्थिति बेहतर नही है तो तत्काल छात्रो के लिए दूसरे जगह पर उचित प्रबंध करे। वही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि नियमित रूप से विद्यालयो का संचालन हो इसकी मानीटरिंग कराये। तथा पुस्तको एवं सायकलो का वितरण भी कराया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि धात्री एवं गर्भवती महिलाओं का समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराये तथा समय समय पर पोषण आहार भी उपलंब्ध कराये। उन्होने निर्देश दिए कि कुपोषित बच्चे को चिन्हित का उन्हे एनआरसी में भर्ती कराये। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि बार्षात के सीजन में डायरिया सहित अन्य बिमारियो को रोकने के लिए अभियान चलाकर जल स्त्रोतो में क्लोरिकीन दवाओ का छिड़काव कराये तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र में समुचित दवाओ का स्टाक उपलंब्ध रहे यह सुनिश्ति करे साथ ही उपायुक्त सहकारिता एवं कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि खाद वितरण केन्द्रो का निरीक्षण करे निर्धारत दर पर ही किसानो को यूरिया एवं डीएपी खाद उपलंब्ध कराये। यदि निर्धारित दर से अधिक राशि किसी के द्वारा किसानो से ली गई तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करे। उन्होने निर्देश दिए कि खाद वितरण केन्द्र में यूरिया डीएपी की दर तथा खाद की उपलंब्ध की जानकारी चार्ट के माध्यम से अंकित कराये। कलेक्टर ने जिलाधिकारियो को निर्देश दिए कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लक्ष्य के अनुसार दिलाया जाना सुनिश्चित करे। उन्होने जिलाधिकारियो को इस आशय के भी निर्देश दिए कि अपने अधिनस्थ कार्यरत अधिकारी कर्मचारियो को अपने समग्र को आईएफएम आईएस पोर्टल पर लिंक कराये। ताकि उनका वेतन आहरण हो सके। साथ ही उपखण्ड अधिकारी चितरंगी को निर्देश दिए कि बाणसागर बाध का गेट खुलने के कारण सोन नदी के जल स्तर बड़ सकता है। डूब प्रभावित गावो की लगतार निगरानी करते रहे ताकि समय पर राहत एवं बचाव के कार्य किया जा सके किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को घटित होने से रोका जा सके। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की देवेन्द द्विवेदी नंदन तिवारी सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के लिए दोषपूर्ण ई अटेंडेंस व्यवस्था तत्काल समाप्त की जाय

## आजाद अध्यापक संघ में मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा 12 सूत्रीय ज्ञापन



जागरण, बैढ़न। आजाद अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र रमण पंनाड़िया के नेतृत्व में आज अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लंबित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु 12 सूत्रीय मांग पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि संयुक्त कलेक्टर माइकल तिर्की को सौपा गया आजाद अध्यापक संघ ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि में कहा गया है कि शिक्षकों के लिए दोषपूर्ण ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू न की जाय। जिन जिलों में यह व्यवस्था लागू की गई है उसे तत्काल समाप्त कर जो अटेंडेंस व्यवस्था मध्यप्रदेश के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को लागू है वही अटेंडेंस व्यवस्था शिक्षकों पर भी लागू रखी जाय। अध्यापक शिक्षक संवर्ग को भी राज्य एवं केन्द्र के अन्य कर्मचारियो के समान प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करके पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाय। आई एफ एम एस पोर्टल में प्राथमिक माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों की जो नियुक्ति दिनांक दर्ज है उसे सुधार कर उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक अंकित की जाय। गुरुजी संवर्ग को उनकी नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ प्रदान किया जाय। अध्यापक शिक्षक संवर्ग के पदोन्नति और लंबित क्रमोन्नति के आदेश शीघ्र जारी कर एरियर्स राशि का भुगतान कराया जाय। जनजातीय कार्य विभाग में कार्यरत अध्यापक शिक्षक संवर्ग और विद्यालयों को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज किया अनुकम्पा नियुक्ति के नियमों को शिथिल कर शत.प्रतिशत दिवंगत अध्यापक शिक्षक संवर्ग के आश्रित परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जाग। अवकाश अवधि मानकर अध्यापक शिक्षक संवर्ग के रूके हुए हड़ताल अवधि चंदे वेतन का भुगतान किया जाय। अध्यापक शिक्षक संवर्ग को कैशलेश मेडिकल क्लेम की सुविधा प्रदान की जाय। अध्यापक शिक्षक संवर्ग से सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करके उनको ग्रेज्युटी का लाभ प्रदान किया जाय। स्कूल शिक्षा विभाग से जनजातीय कार्य विभाग में प्रतिनियुक्ति पर आए शिक्षकों को और जनजातीय कार्य विभाग रो स्कूल शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्ति पर आए शिक्षकों को उसी विभाग ने गर्ज कर उसी विभाग के द्वारा क्रमोन्नति समयमान वेतनमान पदोन्नति आदि के समस्त लाभ प्रदान किए जाय। शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखा जाय। अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लंबित मांगों और समस्याओं का निराकरण की जाय।

# 13 माह से फरार स्थाई वारंटी को नवानगर पुलिस ने किया गिरफ्तार



जागरण, बैढ़न। 13 माह से फरार स्थाई वारण्टी को नवानगर पुलिस ने किया गिरफ्तार किया मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पी.एस.परस्ते सीएसपी विन्ध्यनगर के मार्गदर्शन नवानगर पुलिस को कामयाबी मिली। न्यायालय वारीन्द्र कुमार तिवारी द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सिगरौली बैढ़न के न्यायालय के एसटी क्र. 15/2017 धारा 399,402 भादवि के आरोपी सुव्वेचन्द्र बैगा पिता गिरधारी बैगा 20 वर्ष निवासी ग्राम नंदगाव थाना नवानगर जिला सिगरौली लंबे अर्से से फरार चल रहा था जिसकी दस्तयाबी के कई प्रयास किये गये जो नही मिल रहा था जिसे मुखबिर की सूचना पर आज वारण्टी के घर ग्राम नंदगाव थाना नवानगर से गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उक्त आरोपी के परिजनो को दी जाकर उक्त आरोपी का मेडीकल परीक्षण जिला अस्पताल बैढन से कराकर न्यायालय बैढ़न भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक कपूर त्रिपाठी प्र.आर प्रवीण सिह आर अमृत राजपूत आर दिलीप धाकड आर संदीप पाण्डेय आर वीर वहादुर सिह का सराहनीय योगदान रहा।

# एक लायसेंस और दो परियोजनाओं के लिए डीजल सप्लाई कर रही कलिंगा

## नियम विरूद्ध की जा रही डीजल की सप्लाई और खपत से सरकार को लग रहा करोड़ों का चूना, जांच की मांग



जागरण, शक्तिनगर। एनसीएल में ओवी हटाने के लिए आउटसोर्सिंग कम्पनी कलिंगा को दो परियोजना में टेंडर मिला है जिनमें एक मध्यप्रदेश के झिंगुरदहा में और दूसरी उत्तर प्रदेश के खड़िया शक्तिनगर में संचालित है। जहां ओबी के कार्य के लिए टेंडर लेने वाली कलिंगा कंपनी नियमों को दरकिनार कर शासन को करोड़ों का चूना लगाने पर तुली हुई है। सूत्र बताते हैं कि पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन पीईएसओ के तहत खदान क्षेत्रों में आवश्यकताओं के मद्देनजर पेट्रोलियम पदार्थों के संग्रहण की अनुमति दी जाती है। जहां यह अनुमति मध्यप्रदेश के झिंगुरदहा में कार्य कर रही कलिंगा कंपनी के पास है। लेकिन एनसीएल खड़िया में ओबी का कार्य कर रही कलिंगा ने अभी यह परमीशन नही ली है और वह झिंगुरदहा के लायसेंस पर ही डीजल की आपूर्ति और खपत कर रही है। प्रश्न यह उठता है कि आई ओ सी से डीजल लेकर टैंकर एनसीएल झींगुरदह परियोजना के लिए चलता है तो वह खड़िया परियोजना में कैसे पहुँचता है दूसरी बात जब यहाँ पर भंडारण की व्यवस्था नही है तो यह टैंकर से टैंकर में अनलोड किया जाता है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है लेकिन जिम्मेदार मौन हैं वहीं सरकार को प्रतिदिन लाखों के राजस्व की क्षति पहुंच रही है। दरअसल यहां खड़िया परियोजना में प्रतिदिन लगभग 40 हजार लीटर डीजल की आवश्यकता होती है और यह डीजल पीईएसओ के नियमों के तहत भंडारण की अनुमति न ले पाने के कारण लोकल मार्केट अर्थात स्थानीय पेट्रोल पंपों से सप्लाई होना है जो कि निर्धारित लायसेंस कीमत से 5 रूपए ज्यादा है। ऐसे में 40 हजार लीटर प्रतिदिन की खपत के आधार पर 2 लाख रूपए दिन का राजस्व नुकसान उत्तर प्रदेश शासन को हो रहा है। इस मामले में अगर जांच कराई जाये तो कलिंगा कंपनी के द्वारा की जा रही लापरवाही का खुलासा होगा जहां डीजल के नाम पर अब तक करोड़ों रूपए के राजस्व की क्षति शासन को उठाना पड़ी है।

**यह है पीईएसओ के नियम :** बताया जाता है कि खदानों में प्रतिदिन भारी मात्रा में डीजल की खपत होती है और डीजल की सप्लाई नियमों के तहत खदान क्षेत्र में की जा सकती है। इसके लिए पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन से एनओसी प्राप्त करना होता है। जिसके मानक आधार पर कंपनी को लायसेंस मिलता है और वह खदान क्षेत्र में पेट्रोलियम पदार्थ ज्वलनशील डीजल को स्टॉक कर सकता है। जिसके लिए अलग.अलग बिंदु के तहत कंपनी द्वारा प्रपत्र में सुरक्षा नियमों का पालन करना होता है। लेकिन यहां खड़िया में कलिंगा कंपनी के द्वारा लायसेंस नहीं लिया गया और उसके लिए कलिंगा के दूसरे राज्य की परियोजना से एक ही लायसेंस पर डीजल की आपूर्ति हो रही है जो कि नियम विरूद्ध है।

**मुगलसराय से कटता है चालान :** बताया जाता है कि वर्तमान में एक लायसेंस के आधार पर दो कंपनियों को की जा रही आपूर्ति में डीजल के लिए चालान मुगलसराय डिपो से जारी होता है। जो कि एनसीएल कलिंगा झिंगुरदहा मध्यप्रदेश के नाम काटा जाता है। जानकारों का कहना है कि इस लायसेंस का दूरूपयोग कर झिंगुरदहा कंपनी कलिंगा खड़िया को डीजल प्रदान कर रही है। इस मामले में डीजल की खपत भी क्रास हो रही है। लेकिन संबंधित विभागीय अधिकारी आंखे बंद किए हुए हैं। सूत्र बताते हैं कि झिंगुरदहा परियोजना के लिए लगभग 70 हजार लीटर डीजल उपलब्ध कराये जाने की लिमिट है और दो गाड़ी अर्थात 40 हजार लीटर डीजल की आपूर्ति खड़िया स्थित प्रोजेक्ट पर खर्च हो रहा है। जो जांच का विषय है। बताया जाता है कि खड़िया में डीजल की खपत के लिए परमीशन जिला प्रशासन सोनभद्र से लेना होती है लेकिन अभी तक कलिंगा कंपनी ने कोई पत्र सोनभद्र प्रशासन को नहीं भेजा है।

**उच्चस्तरीय जांच पर दोनों कंपनियों पर कार्रवाई :** सूत्रों का कहना है कि पीईएसओ के नियमों के तहत जहां पेट्रोलियम पदार्थों की उपयोगिता निर्धारित है उसका उपयोग उसी स्थान पर होना चाहिए। लेकिन एक लायसेंस पर दो स्थानों जो कि अलग.अलग राज्यों में स्थित हैं के लिए होना नियमों की अव्हेलना है और ऐसे हालातों में दोनों स्थानों पर कार्यरत कंपनियों के लिए लायसेंस निरस्तीकरण और कार्रवाई का प्रावधान है। कहा जा रहा है कि ऐसे हालातों में शासन.प्रशासन हो रहे राजस्व नुकसान पर कलिंगा खड़िया पर क्या कार्रवाई करता है यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। बहरहाल इस पूरे मामले में चल रहे घालमेल से शासन को लाखों का चूना लग रहा है।

# भारत सरकार द्वारा दिशा समिति का किया गया गठन

जागरण बैढ़न। भारत सरकार द्वारा जिला स्तरीय समिति. जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा का गठन किया गया है। जिसके तहत समिति की अध्यक्षता सीधी सिंगरौली सांसद करेगे। तथा कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला समिति के सदस्य सचिव होंगे। भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत समिति में सदस्य के रूप में सुरेन्द्र प्रताप सिंह वैश्य पिता दयाराम सिंह वैश्य लालजी शाह पिता गोपाल शाह मोतीलाल प्रजापति पिता खेली प्रसाद प्रजापति को मनोनीत किया किया गया है। समिति में श्रीमती मधु झा पति मणिकुमार विद्या सागर तिवारी सुनीता साकेत मेघनाथ वैश्य बाबूराम जायसवाल, दुलमंती सिंह का सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है।

# एनटीपीसी तृतीय चरण विस्तार योजना के साथ पुनर्वास कॉलोनीयों का हो विकास

## उर्जांचल विस्थापित कल्याण समिति की साप्ताहिक योजना बैठक



जागरण शक्तिनगर। एनटीपीसी तृतीय चरण विस्तार परियोजना के अंतर्गत परियोजना में 800 मेगावाट की दो सुपर क्रिटिकल यूनिट का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में परियोजना के विस्थापित परिवारों में पुनर्वास कॉलोनीयों के विकास मूलभूत सुविधाओं की आस जगी है। सामाजिक नैगमिक दायित्व के तहत पुनर्वास बस्तियों में परियोजना द्वारा मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। उक्त विचार विस्थापित संगठन के उपाध्यक्ष जंग बहादुर चौबे एवं रामकरण चौबे ने द्वारा संयुक्त रूप से अवगत कराया गया कि पुनर्वास गांव में मूलभूत सुविधा विस्थापित परिवार को रोजगार एवं शिक्षा चिकित्सा प्रदूषण मुक्ति पर योजना के साथ कार्य कराए जाने की आवश्यकता है। विस्थापित बेरोजगारों को विस्तार योजना में रोजगार मैं समायोजन करने की आवश्यकता है। साप्ताहिक योजना बैठक में प्रमुख रूप से रामकरण चौबे जंग बहादुर चौबे शैलेंद्र चौबे अशोक पांडे बृज बिहारी यादव नंदलाल भारती चिंतामणि जायसवाल योगेंद्र सिंह अमरकेश पांडे पटेल शालिग्राम राजधारी कुशवाहा राम लल्लू नेता लालचंद गुप्ता पंकज शुक्ला गणेश मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष हेमंत मिश्र द्वारा किया गया।

# ग्राम पंचायत धौहनी में विधायक द्वारा किसानों को किया गया बीज वितरण




जागरण, निवास। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सिंगरौली का समस्त मैदानी अमला इन दिनों किसानों को आदान सामग्री से लेकर आधुनिक कृषि तकनीक का मार्गदर्शन देने में जुटा हुआ है। इसी क्रम में ब्लॉक देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत धौहनी में कृषि विभाग द्वारा खरीफमें बीज वितरण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम सम्मिलित हुए कार्यक्रम का सफल संचालन अंकित पाण्डेय क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी सर्कल.निवास द्वारा किया गया तथा अध्यक्षता सरपंच बिट्टी साकेत द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य हीराबाई सिंह गीडा सरपंच जगमोहन पनिका महुली पूर्व सरपंच छत्रपति सिंह प्रमोद दुबे अवनीश दुबे शंकर सिंह तिलकधारी सिंह समेत भारी संख्या में कृषक मौजूद रहे। कृषि विभाग की ओर से क्षेत्रीय कृषकों के लिए हर सीजन में उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने माननीय विधायक जी ने विभाग की सराहना करते हुए कृषकों को जागरूक होकर अन्य योजनाओं में पंजीकृत होकर लाभ प्राप्त करने की बात कही गई। समस्त कृषकों में अच्छी गुणवत्ता के कोदो अरहर आदि के नए बीज प्राप्त होने पर प्रसन्नता का भाव देखा गया।

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार में भक्तजनों ने की पूजा अर्चना



जागरण, बैढ़न। श्रावण मास के प्रथम सोमवार के उपलक्ष्य में शिवधाम मंदिर वैढ़न में मंदिर के महाप्रबंधक ज्योतिषविद् पं डॉ एन पी मिश्र के सानिध्य में अनेकानेक भक्तजनों द्वारा भूतभावन भोलेनाथ महामृत्युंजय भगवान की पूजा अर्चना एवं कई भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त किया गया। सायं काल महिला भक्तजनों द्वारा भजन कीर्तन किया गया। ज्योतिषविद् पं डॉ एन पी मिश्र के अनुसार श्रावण मास में गगन से झरते अमृत तुल्य जलकणों के संग.संग धरती पर शिव भक्ति की पावन धारा भी प्रवाहित होती है। यह मास स्वयं में भगवान शिव के करुणामय सौम्य और वात्सल्य से परिपूर्ण स्वरूप को सजीव कर देता है। श्रावण के सोमवार शिव आराधना के अमूल्य रत्न हैं जिन पर श्रद्धा का दीप प्रज्वलित कर व्यक्ति अपने जीवन की समस्त बाधाओं से मुक्ति का पथ प्रशस्त करता है। ज्योतिषविद् पं डॉ एन पी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर ने बताया पौराणिक आख्यानों में वर्णित है कि जब समुद्र मंथन में महाविष प्रकट हुआ तब समस्त संसार को उससे उत्पन्न विनाश से बचाने हेतु भगवान शिव ने उस विष का पान कर लिया और उसका प्रभाव उनके कंठ में स्थिर हो गया।

# एक स्वास्थ्य एवं नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु नशे से दूरी है जरूरी : कलेक्टर

## नशामुक्ति जन जागृति अभियान 15 से 30 जुलाई तक चलाया जायेगा



जागरण, बैढ़न। नशीले पदार्थो का सेवन एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो व्यक्ति और परिवारए समाज को गहरे स्तर तक प्रभावित करता है। यह न केवल व्यक्तियों के स्वास्थ्य को खतरे में डालता है बल्की अपराधो में वृद्धि का भी एक प्रमुख कारण है।इस गंभीर समस्या से समाधान और एक स्वास्थ्य एवं नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु नशे से दूरी आवश्यक है उक्त आशय का वक्तव्य कलेक्ट्रेट सभागार में 15 से 30 जुलाई तक जिले में चलाये जाने वाले नशामुक्ति जन जागृति अभियान के तैयारियो की समीक्षा करते हुयें कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने दिया। विदित हो कि कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के उपस्थित में अभियान को मूर्त रूप देने से संबंधित बैठक प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियो के उपस्थिति में आयोजित हुई। उपस्थित अधिकारियो को निर्देश देते हुये कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंशानुसार अभियान पूरे जिले में 15 से 20 जुलाई तक निरंतर चलाया जायेगा। अभियान के दौरान ग्राम पंचायतो के सरपंच सचिवो के साथ साथ महाविद्यालयो स्कूल शिक्षा विभाग समाजिक न्याय विभाग तकनीकी शिक्षा विभाग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग खेल एवं युवा कल्याण विभाग को निर्धारित गतिविधियो के साथ आम जन मानस को नशीले पदार्थ के सेवन से दूर रखने नशे से होने वाले दुसप्रभाव के बारे में जागरूक किया जायेगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अभियान के पहले दिन 15 जुलाई को स्कूलो कालेजो शिक्षण संस्थाओ ग्राम नगर सुरंक्षा समिति के सदस्य एनसीसी स्काउट गाईड एवं जन प्रतिनिधियो के साथ नशे के विरूद्ध जागरूकता रैली का आयोजन करे। उन्होने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि वाहनो में बैनर पोस्टर चस्पा कराकर नशे के विरूद्ध लोगो जागरूक करे। सामाजिक न्याय विभाग सर्वजनिक स्थलो पर नुक्कड नाटक का आयोजन करे। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियो को निर्देश देते हुयें कहा कि जिले अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभाग एवं पुलिस के अधिकारी आपस में समन्यन बनाकर सफल बनाये। उन्होने कहा कि विद्यालयो महाविद्यालयो में चित्रकाला निबंध पेटिंग स्लोगन रंगोली पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये। वही गणमान्य व्यक्ति खिलाड़ी और वरिष्ट अधिकारियो के नशे के विरूद्ध रिकार्ड किए जन जागरूकता संदेशो का सर्वजनिक स्थलो में प्रसारित कराये। साथ ही सोशल मीडिया पर भी नशे पिड़ित व्यक्ति द्वारा नशा छोडने के प्रेरक वक्तव्य को प्रसारित कराया जाये। उन्होने कहा कि अभियान के दौरान महिला बाल विकास विभाग के शौर्य दल के सदस्य आगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ग्राम नगर सुरंक्षा समिति के सदस्यो की भागीदारी सुनिश्चित कर अभियान को सफल बनाये। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की देवेन्द्र द्विवेदी नंदन तिवारी सीएसपी पीएस परस्ते जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी सिंह अंग्रणी महविद्यालय के प्राचार्य एम.यू सिंद्दीकी सीएमएचओ पंकज सिंह डीपीसी आर.एल शुक्ला महिला बाल विकास अधिकारी जीतेन्द्र गुप्ता सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लॉर्ड्स में जडेजा का पराक्रम भी नहीं आया काम

## तीसरा टेस्ट 22 रन से जीता इंग्लैंड, पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बनाई बढ़त, भारत के आखिरी तीन विकेटों ने 50 ओवर तक खींचा मैच

**जेएनएन, लंदन**

रविंद्र जडेजा (61 रन) के नाबाद जुझारू अर्धशतक के बावजूद भारत को लॉर्ड्स में तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को 22 रन से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ इंग्लैंड ने पांच मैच की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। 22 रनों की इंग्लैंड की यह जीत लॉर्ड्स में सबसे कम रनों की टेस्ट जीत है। जब लॉर्ड्स टेस्ट के चौथे दिन भारत के सामने 194 रन का लक्ष्य था और उनके तीन विकेट शाम के सत्र में ही गिर गए थे, तो ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड ने इस मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। हालांकि भारतीय टीम के पुछल्ले बल्लेबाज और खासकर जडेजा हार मानने को तैयार नहीं थी। उन्होंने पहले नीतीश कुमार रेड्डी, फिर जसप्रीत बुमराह और अंत में सिराज के साथ इस मैच को जीतने की पूरी कोशिश की, हालांकि अंत में किस्मत उनके साथ नहीं था। पांचवें दिन सुबह के सत्र में चार विकेट लेने के बाद इंग्लैंड को आखिरी तीन विकेट लेने में 50 ओवर लग गए और यह मैच आखिरी सत्र तक खींचा। एक समय जब बुमराह और जडेजा की साझेदारी बन रही थी, तो लग रहा था कि मैच भारत के नाम भी हो सकता है। यही जडेजा-सिराज के साझेदारी के समय भी था। लेकिन जब शोएब बशीर ने सिराज को प्लेड ऑन किया, तो पूरी इंग्लिश टीम उछल गई और सिराज व जडेजा दोनों छोर पर अपना बैट टिकाए बैठ गए। दिन की शुरुआत रिषभ पंत (9) के विकेट के साथ हुई, जब जोफ्रा आर्चर ने उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया। वह भारतीय टीम के एक प्रमुख उम्मीद थे, हालांकि चोटिल हथेली के साथ खेल रहे थे। इस तरह वह लगातार एक हाथ छोड़कर शॉट खेल रहे थे और कभी भी सहज नहीं दिखे। इसके बाद टिककर खेल रहे केएल राहुल (39) इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स की अंदर आती गेंद का शिकार हुए और विकेट के एकदम सामने पकड़े गए। अगले ही ओवर में वॉशिंगटन सुंदर भी शून्य के स्कोर पर आर्चर के एक बेहतरीन डाइव लगाती हुई कॉट एंड बोल्ड का शिकार हुए और अब भारतीय टीम 82 रन पर सात विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। हालांकि इसके बाद जडेजा ने रेड्डी के साथ मिलकर पारी को बढ़ाया और अगले 15 ओवरों में 30 रनों की साझेदारी की। हालांकि रेड्डी, क्रिस वोक्स की एक लहराती हुई गेंद पर अपना बल्ला अड़ा बैठे और विकेट के पीछे जेमी स्मिथ ने उनका एक बेहतरीन कैच लपका। आठ विकेट 112 रन पर गिरने के बाद लग रहा था कि यह मैच आसानी से इंग्लैंड जीत जाएगा, लेकिन यह इतना भी आसान नहीं था। बुमराह ने 54 और सिराज ने 30 गेंदों तक संघर्ष किया और जडेजा का बेहतरीन साथ दिया। जडेजा ने लगातार चौथी पारी में चौथा अर्धशतक लगाया और वह आखिरी समय तक टीम को जीत की तरफ ले जाने का प्रयास करते रहे। हालांकि किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।



**भारत की टेस्ट में सबसे कम रनों से हार**

| हार | विरुद्ध | स्थान | साल |
|---|---|---|---|
| 12 रन | पाकिस्तान | चेन्नई | 1999 |
| 16 रन | ऑस्ट्रेलिया | ब्रिसबेन | 1977 |
| 16 रन | पाकिस्तान | बेंगलुरु | 1987 |
| 22 रन | इंग्लैंड | लॉर्ड्स | 2025 |
| 25 रन | न्यूजीलैंड | वानखेड़े | 2024 |



■ बशीर की एक अंदर आती गेंद को सिराज ने बेहतरीन ढंग से डिफेंड कर लिया था, लेकिन गेंद क्रीज में ही गिरकर लुढ़कते-लुढ़कते, बैक स्पिन होते हुए लेग स्टंप पर लग गई और भारत की जीत की उम्मीदें धाराशायी हो गईं।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड पहली पारी : 387**
**भारत पहली पारी : 387**
**इंग्लैंड दूसरी पारी : 192**
**भारत दूसरी पारी : 170/10 (74.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का. स्मिथ बो. आर्चर | 0 | 7 | 0 | 0 |
| राहुल पगबाधा बो. स्टोक्स | 39 | 58 | 6 | 0 |
| नायर पगबाधा बो. कार्स | 14 | 33 | 1 | 0 |
| गिल पगबाधा बो. कार्स | 6 | 9 | 1 | 0 |
| आकाशदीप बो. स्टोक्स | 1 | 11 | 0 | 0 |
| रिषभ पंत बो. आर्चर | 9 | 12 | 2 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 61 | 181 | 4 | 1 |
| सुंदर का. एंड बो. आर्चर | 0 | 4 | 0 | 0 |
| नीतीश का. स्मिथ बो. वोक्स | 13 | 53 | 1 | 0 |
| बुमराह का. कुक बो. स्टोक्स | 5 | 54 | 1 | 0 |
| मोहम्मद सिराज बो. बशीर | 4 | 30 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 18, **कुल** : 74.5 ओवर में 170 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन** : 1-5, 2-41, 3-53, 4-58, 5-71, 6-81, 7-82, 8-112, 9-147, 10-170, **गेंदबाजी** : क्रिस वोक्स 12-5-21-1, जोफ्रा आर्चर 16-1-55-3, बेन स्टोक्स 24-4-48-3, ब्राइडन कार्स 16-2-30-2, जो रूट 1-0-1-0, शोएब बशीर 5.5-1-6-1.

### जश्न मनाने पर सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का विकेट लेने के बाद आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। सिराज ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में डकेट को 12 रन पर आउट करने के बाद उनके प्रति आक्रामक रवैया अपनाया तथा अपना कंधा उनके कंधे से भी टकराया। सिराज ने विकेट लेने के बाद फॉलो-थ्रू में बल्लेबाज के करीब जाकर जश्न मनाया और जब डकेट पवेलियन लौटने लगे तो उनके शरीर को स्पर्श भी किया।

**मैदान से हटकर**

## शादी के सात साल बाद अलग हुए साइना-कश्यप



भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने पति पारुपल्ली कश्यप से अलग होने की घोषणा की है। साइना ने इंस्टाग्राम पर अपने फैसले की घोषणा की। दोनों सहमति से अलग हुए हैं। साइना और पारुपल्ली लगभग 7 साल की शादी के बाद अलग हो गए हैं। साइना की ओर से इंस्टाग्राम पर जारी अपडेट ने खेल जगत को हैरान कर दिया है। दो बार की कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन साइना ने लिखा कि जिंदगी कभी-कभी हमें अलग-अलग दिशाओं में ले जाती है। बहुत सोच-विचार के बाद, कश्यप और मैंने अलग होने का फैसला किया है। हम अपने और एक-दूसरे के लिए शांति, विकास का रास्ता चुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती। इस दौरान हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद। साइना और कश्यप ने दिसंबर 2018 में शादी की थी। एक साथ प्रशिक्षण लिया दोनों ने शुरुआती दिनों से ही हैदराबाद स्थित पुलेला गोपीचंद अकादमी में साथ प्रशिक्षण लिया था। साइना ओलंपिक कांस्य पदक और विश्व में नंबर एक रैंकिंग के साथ ग्लोबल आइकन बन गईं, वहीं कश्यप विश्व के शीर्ष 10 में शामिल हुए और 2014 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता। (जेएनएन)

# चेल्सी दूसरी बार बनी क्लब वर्ल्ड कप चैंपियन



**जेएनएन, न्यू जर्सी**

कोल पाल्मर के दो और जोआओ पेड्रो के एक गोल की मदद से चेल्सी ने यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर फीफा क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। चेल्सी ने दूसरी बार क्लब ट्रॉफी अपने नाम की है। इससे पहले उसने साल 2021 में खिताब जीता था। फाइनल में पाल्मर ने शुरुआती हाफ में आठ मिनट के अंतराल में दो गोल किए। मुकाबले के 22वें मिनट मॉलो गुस्टो की मदद से पाल्मर ने पहला गोल दागा। इसके बाद 30वें मिनट पाल्मर ने एक बार फिर गोल करते हुए टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। पेड्रो ने मुकाबले के 43वें मिनट गोल दागते हुए टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। इस गोल ने चेल्सी की जीत को लगभग पक्का कर दिया। यह फाइनल मुकाबला किसी फिल्म से कम नहीं रहा, जिसमें रोमांच, ड्रामा और मारपीट सब देखने को मिला। मैच के दौरान पीएसजी और चेल्सी के खिलाड़ी और स्टाफ आपस में भिड़ गए। यह मुकाबला करीब 81 हजार दर्शकों से भरे स्टेडियम में खेला गया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे। ट्रंप ने विजेता टीम चेल्सी को ट्रॉफी तो सौंपी, लेकिन पोडियम से हटने को तैयार ही नहीं हुए। फिर फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो उन्हें पोडियम पर ही पीछे के हिस्से में ले गए।

**अवॉर्ड**

■ पाल्मर को गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया। पाल्मर ने तीन गोल के साथ दो असिस्ट भी किए। ■ चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज को गोल्डन ग्लव पुरस्कार मिला। ■ पीएसजी फॉरवर्ड डेसिरे डूए टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी रहे।

■ चेल्सी 17 गोल के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रही। पीएसजी की टीम इस खिताब को जीत नहीं सकी, लेकिन चैंपियंस लीग और फ्रेंच लीग कप डबल जीतना, उसके सीजन की बड़ी उपलब्धि रही है।

■ फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो का आयोजन किया गया, जिसने मुकाबले को सुपर बाउल जैसा अनुभव दिया। क्लब को इस जीत के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर (1070 करोड़ रुपए) की इनामी राशि भी मिली।


# दूसरे दिन गिरे कुल 15 विकेट ऑस्ट्रेलिया को 181 रन की बढ़त


### डे नाइट टेस्ट मैच : वेस्टइंडीज के गेंदबाजों का दमदार प्रदर्शन



**किंग्स्टन (जमैका), जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 के स्कोर पर समेटने के बाद 82 रनों की बढ़त हासिल कर ली। इस डे नाइट टेस्ट मैच में कंगारू टीम ने दूसरी पारी में स्टंप्स तक छह विकेट पर 99 रन बना लिए हैं और कुल 181 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। खेल समाप्त होने के समय कैमरन ग्रीन 42 रन खेल रहे थे। दूसरे छोर पर कप्तान पैट कमिंस पांच रन बनाकर खेल रहे थे। रविवार को तीनों सत्र में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और दोनों टीमों के कुल 15 विकेट गिरे। दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने एक विकेट पर 16 रन से आगे खेलना शुरु किया। वेस्टइंडीज के लिए जॉन कैम्पबेल ने सर्वाधिक 36 रन बनाए, जबकि शाई होप (23) 20 रन की संख्या पार करने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे। ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट बोलैंड ने तीन, जबकि कमिंस और जोश हेजलवुड ने दो-दो विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (तीन विकेट) और शेमार जोसेफ (दो विकेट) की चुनौती का सामना करना पड़ा। जोसेफ ने दूसरे ओवर में सैम कोंस्टास (00) को आउट कर दिया। 19 वर्षीय कोंस्टास ने छह पारियों में 50 रन बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा (14) और स्टीव स्मिथ (05) दोनों नहीं चल पाए और बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद जोसेफ ने 21वें ओवर में ब्यू वेबस्टर (13) और एलेक्स कैरी (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 69 रन कर दिया।

## एडेन मार्कराम व हेली मैथ्यूज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मैच





**दुबई, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मार्कराम को पुरुष वर्ग और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज को महिला वर्ग में आईसीसी जून 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है। मार्कराम ने साथी कैगिसो रबाडा और श्रीलंका के पाथुम निसांका को पछाड़कर पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में 30 वर्षीय सलामी बल्लेबाज मार्कराम ने 136 रनों की पारी खेली और कप्तान तेंबा बावुमा के साथ तीसरे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी कर 282 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। पांच विकेट की जीत ने दक्षिण अफ्रीका को 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहला आईसीसी खिताब जीतने में मदद की। महिला वर्ग में मैथ्यूज दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स और हमवतन एफी फ्लेचर को

## एशियाई चैंपियन याराजी के घुटने की हुई सफल सर्जरी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी 100 मीटर बाधा दौड़ की एथलीट ज्योति याराजी के घुटने की सर्जरी सफल रही है। इसके कारण वह सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो जाएंगी और मौजूदा सत्र का उनके लिए अंत हो जाएगा। 25 साल की याराजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि शुक्रवार को डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने मेरे दाएं घुटने के एसीएल की सर्जरी की जो सफल रही। पिछले कुछ हफ्ते मेरे लिए मुश्किल रहे हैं। एसीएल की सर्जरी से उबरने में आमतौर पर कम से कम छह महीने लगते हैं।

## सनराइजर्स के गेंदबाजी कोच बने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन



**हैदराबाद, जेएनएन।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2026 के आईपीएल सत्र के लिए सोमवार को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। आरोन न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। सनराइजर्स ने 'एक्स' पर लिखा, हमारे कोचिंग स्टाफ में एक शानदार इजाफा। आरोन का हमारे नए गेंदबाजी कोच के रूप में स्वागत है। आरोन ने 2011 और 2015 के बीच भारत के लिए नौ टेस्ट और उतने ही वनडे खेले थे। 35 साल के आरोन ने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच इसी साल पांच जनवरी को जयपुर में गोवा के खिलाफ झारखंड के लिए विजय हजारे ट्रॉफी का खेल था। झारखंड के इस 50 ओवर के घरेलू टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने में विफल रहने पर उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी। उन्होंने पिछले साल चेन्नई में एमआरएफ पेस फाउंडेशन में आस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्राथ के साथ एक कोच के रूप में कुछ समय के लिए काम किया था। आरोन करियर की शुरुआत में एक युवा तेज गेंदबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई थी जो 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को पार करने में सक्षम था।

**खेल एक नजर**

## महिला विश्व कप : दिव्या और हम्पी अंतिम-16 में





**बातुमी (जॉर्जिया), जेएनएन।** महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी, जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया, लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है, वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा।

## जापान ओपन टूर्नामेंट: भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें फॉर्म में वापसी पर



**टोक्यो, जेएनएन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखने और खिताबी सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगी। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी, लेकिन इस सत्र में अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। जापान ओपन में यह जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कोरिया के कांग मिन ह्युक और की डोंग जू के खिलाफ करेगी। एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू 950,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में फॉर्म फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगे। लक्ष्य इस सत्र में कई बार पहले दौर में ही बाहर हो गए हैं। यह 23 वर्षीय खिलाड़ी अपने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग का सामना करेगा। विश्व में 16वीं रैंकिंग वाली सिंधू के लिए जनवरी में इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना 2025 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पूर्व विश्व चैंपियन इस साल चार बार पहले दौर और तीन बार दूसरे दौर से बाहर हो चुकी हैं। वह कोरिया की सिम यू जिन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

## एमआई न्यूयॉर्क ने तीन साल में जीती दूसरी बार एमएलसी ट्रॉफी

**डलास (अमेरिका), जेएनएन।** एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को पांच रन से हराकर तीन साल में दूसरी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ट्रॉफी जीत ली। ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल में आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के स्वामित्व वाली एमआई न्यूयॉर्क ने 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बनाए। टीम के लिए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की 46 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों से 77 रन की पारी खेली। जवाब में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र के तेज तर्रार 70 रन (41 गेंद) और उनके हमवतन ग्लेन फिलिप्स के नाबाद 48 रन के बावजूद वाशिंगटन फ्रीडम की टीम चार विकेट पर 175 रन ही बना सकी।




■ यह मुंबई इंडियंस का विश्व स्तर पर 13वां और 2025 में तीसरा खिताब है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में एमआई केपटाउन की टीम एसए20 और मुंबई इंडियंस की महिला टीम महिला प्रीमियर लीग में चैंपियन बनी थी।

# किराना दुकान में फायरिंग का एक और आरोपी गिरफ्तार

जागरण सतना



महादेवा रोड स्थित किराना दुकान में 1 जुलाई को ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में फरार चल रहे आरोपी शुभम पांडेय को सिटी कोतवाली टीआई रावेन्द्र पाण्डेय ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को नागौद थाना क्षेत्र के जिगनहट गांव के पास से पकड़ा गया। शुभम मुख्य आरोपी अमित उर्फ दीपू उरमलिया का करीबी साथी है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। अब तक इस मामले में 6 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सिटी कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि आरोपी शुभम पांडेय फरारी के दौरान चित्रकूट और मथुरा के मंदिरों में रुका था। 3.4 जुलाई की रात वह एक दोस्त के साथ बांदा जिले के नरैनी इलाके में स्थित एक पेट्रोल पंप पर पहुंचा था।

850 रुपए के विवाद पर कर्मचारी को मारी गोली पेट्रोल भरवाने के बाद 850 रुपए का भुगतान नहीं किया गया। जब पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने विरोध किया तो आरोपियों ने गोली चला दी। एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे पहले बांदा जिला अस्पताल और फिर हालत बिगड़ने पर कानपुर रेफर किया गया। अब उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। इस वारदात में बांदा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश के तहत धारा 307 का प्रकरण दर्ज किया है। सतना पुलिस ने भी आरोपी को पकड़कर जांच में अहम प्रगति की है।

# गस्त के दौरान कोलगवां पुलिस ने तामील किये कई वारंट

**जागरण सतना।** कोलगवां पुलिस ने गस्त के दौरान कई वारंट तामील किये है। टीआई सुदीप सोनी ने बताया कि राजा चौधरी उर्फ योगेश पिता राजकुमार चौधरी उम्र 30 वर्ष नि0 कृपालपुर सतना महेश चौधरी पिता रामसजीवन चौधरी उम्र 55 वर्ष नि0 माधवगढ सतना दीपक वंशकार पिता महेश वंशकार उम्र 26 वर्ष नि0 गल्ला मंडी रोड आईटीआई बसोर बस्ती सतना बृजवाशी साकेत पिता विश्राम चौधरी उम्र 43 वर्ष नि0 संग्राम कालोनी सतना देवव्रत उर्फ गोलू सिंह पिता स्व0 धर्मेन्द्र सिंह परिहार उम्र 22 वर्ष नि0 घूरडांग सतना रोहित वर्मा पिता केशलाल वर्मा निवासी सिन्धी कैम्प सतना काली कुमार तीर्थवानी पिता हृदराज तीर्थवानी उम्र 38 वर्ष नि0 सिन्धी कैम्प सतना कृष्णगोपाल उर्फ कीटाणु भुजवा पिता चंद्रशेखर भुजवा उम्र 22 वर्ष नि0 गहरानाला सिन्धी कैम्प सतना पुष्पेन्द्र वर्मा उर्फ छोटू पिता नत्थूलाल वर्मा उम्र 29 वर्ष नि0 सिन्धी कैम्प सतना ।



तामील हुये ये स्थाई वारंट

कमलेश उर्फ अंग्रेज राजपाल पिता नानकराम राजपाल उम्र 31 वर्ष नि0 सिन्धी कैम्प सतना अजय उर्फ बुढई साकेत उर्फ बृजवाशी साकेत पिता विश्राम चौधरी उम्र 43 वर्ष नि0 संग्राम कालोनी सतना ललन सिंह पिता स्व0 पन्नीलाल सिंह निवासी बठिया कला बाबूपुर थाना कोलगवाँ सतना बलराम चौधरी पिता गोविन्द प्रसाद चौधरी उम्र 29 वर्ष नि0 कैमा कोलगवाँ सतना संजू रजक पिता गणेश रजक निवासी सगमनिया बाबूपुर कोलगवाँ सतना। उपरोक्त वारंटियो को विशेष अभियान के दौरान गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर केन्द्रीय जेल सतना दाखिल किया गया है।









# क्षेत्र में भ्रमण कर निर्माण कार्यों की सतत मॉनीटरिंग करें : कमिश्नर

## जलमग्न होने वाले पुल और रपटों में तत्काल बैरियर लगाएं : कमिश्नर



**जागरण सतना।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। क्षेत्र में भ्रमण करके निर्माण कार्यों की सतत मानीटरिंग करके उसे तय समय सीमा में पूरा कराएं। निर्माण कार्य में भू अर्जन अथवा अन्य किसी तरह की बाधा को समन्वय बनाकर तत्काल दूर करें। निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाली निर्माण एजेंसियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में गत तीन दिनों में भारी वर्षा हुई है। जिन सड़कों में पुल और रपटे जलमग्न हो जाते हैं उनमें तत्काल बैरियर लगाकर कर्मचारी तैनात करें। पुल में पानी आने पर दोनों ओर से आवागमन बंद कराएं। अधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों का सर्वे करके इनमें सुधार का कार्य शुरू करें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि निर्माण कार्य में यदि भू अर्जन की आवश्यकता है तो कार्य स्वीकृत होते ही भू अर्जन की कार्यवाही शुरू कर दें। निर्माण एजेंसी को वर्क आर्डर जारी करने के साथ ही कार्य के लिए आवश्यक भूमि भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। भू अर्जन के संबंध में कलेक्टर कार्यालय में आयोजित टीएल बैठक में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएं। नागौद, परसमनिया, मैहर मार्ग निर्माण के लिए वन विभाग से समन्वय बनाकर कार्य पूरा कराएं। सीतापुर से बदवार मांग में शेष बचे चार किलोमीटर का कार्य एक माह में पूरा करें। रीवा-प्रयागराज मार्ग में सोहागी घाट में सड़क में सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराएं। सभी फोरलेन सड़कों में डिवाइडर में पौधे रोपित कराएं। रोपित पौधों की सुरक्षा के भी उचित प्रबंध करें। विभागीय मद से 243 सड़कों का संभाग के विभिन्न जिलों में निर्माण किया जा रहा है। इनमें से अभी केवल 39 सड़कों का कार्य पूरा हुआ है। शेष 165 प्रगतिरत सड़कों का कार्य समय पर पूरा कराएं।

कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग पीआईयू की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम राइज स्कूल रामपुर बघेलान, उंचेहरा तथा मझगवां में समस्त औपचारिकताएं पूरी करके निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराएं। निर्माण कार्यों में जमीन के संबंध में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर कलेक्टर को अवगत कराएं। मैहर जिले में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 39 शासकीय आवास मंजूर हुए हैं। इनका निर्माण कार्य तत्काल शुरू करें। छात्रावास भवन के लिए भी उपयुक्त स्थल तय करके निर्माण कार्य शुरू कराएं।

# जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध की प्रभावी कार्यवाही करें : कलेक्टर

**जागरण सतना।** भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रदेश में 1 जुलाई 2022 से पॉलीस्टाइरिन और विस्तारित पौटलीस्टाइरिन वस्तुओं सहित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण आयत, भंडारण, वितरण, विक्रय और उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया गया है। इनमें प्लास्टिक स्टिक सहित ईयर बड्स, गुब्बारों के लिए उपयोग करने वाले प्लास्टिक डाडिया, प्लास्टिक के झंडे, कैडी स्टिक, आईसक्रीम की डंडियां, पोलीस्टाइरिन (थर्मोकोल) की सजावट सामग्री, प्लास्टिक प्लेटे, कूप, गिलास, कटे चम्मच, चाकू स्ट्रा ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बों के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट, 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक पीसीसी बैनर तथा प्लास्टिक स्ट्रीरर पर प्रतिबंध लगाया गया है।






# पीड़ित परिवार से मिले एसडीएम, दी सहायता राशि

**जागरण सतना।** पानी में डूबने से मृत हुई दो बालिकाओ के परिवार जनो से सोमवार को नागौद एसडीएम जितेन्द्र वर्मा ने मुलाकात की । इस दौरान उन्होने परिजनो को 5-5 हजार रूपये की अंतेष्टी सहायता राशि उपलब्ध कराई है। साथ ही दोनो बच्चियो के परिजनो को 4-4 लाख रूपये की सहायता राशि अतिशीघ्र उनके खाते में भेजने की बात एसडीएम द्वारा कही गई है।



## जांच करने पहुचा था तकनीकी अमला

नागौद एसडीएम श्री वर्मा के मुताबिक सोमवार को आरईएस विभाग की एक टीम जांच के लिए मौके पर पहुची थी। वहां पर 5 फिट गहरा गड्ढा होना पाया गया है। इस दौरान आरईएस विभाग के सहायक यंत्री ,उपयंत्री , राजस्व विभाग से तहसीलदार और आरआई पटवारी मौजूद रहे।

# धरती आबा उन्नत ग्राम का जिला स्तरीय कार्यक्रम मझगवां में आज

**सतना।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत धरती आबा उन्नत ग्राम का जिला स्तरीय कार्यक्रम 15 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे से जनपद पंचायत सभागार मझगवां में आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी विभागों के जिला अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## अपर कलेक्टर मैहर ने किया गौशाला का निरीक्षण

**सतना।** अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह ने सोमवार को विकासखण्ड रामनगर के भ्रमण के दौरान गुलवार गुजारा गांव में स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौवंश की संख्या, उनके चारा-पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर गौशाला में कार्यरत कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जैतवारा सीएमओ, मझगवां , कोटर, कोठी नागौद तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस

**सतना ।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढाने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की प्रगति ठीक नहीं है। इसके अलावा सभी विभाग इस सप्ताह सीएम हेल्पलाइन पर फोकस कर जिले की रैकिंग में सुधार लाये। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम आरएन खरे, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलानइन में सतना जिले की पोजीशन 14वीं है। सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में एल वन अधिकारी जिम्मेदारी पूर्वक निराकरण करे। राजस्व विभाग की संबंधित शिकायतों की मानीटरिंग एसडीएम खुद करें और रैंक में सुधार लाये। समाधान से संबंधित विषयों में राजस्व की सबसे अधिक शिकायतें लंबित है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की कमजोर प्रगति पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा राजस्व विभाग में एलवन अधिकारी विवेक सिंह बघेल, प्रज्ञा दुबे, सुजीत, शैलेन्द्र बिहारी शर्मा और सौरभ मिश्रा को अप्रसन्नता लेटर जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिला स्तर पर होने वाली पदोन्नतियों के लिए सीआर, पद क्रम सूची, आरक्षण रोस्टर आदि की कार्यवाही पूर्ण कर तैयारी रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा परामर्श दात्री समिति की बैठक सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में की जायेगी। तब तक विभागीय समितियों की बैठक संपन्न करा लेवें। वृक्षारोपण की समीक्षा में नोडल अधिकारी गौरव शर्मा ने बताया कि अब तक सीएसआर से 23 हजार 700 पौधे प्राप्त हुए थे। कलेक्टर ने समग्र ई-केवायसी, खाद्यान्न ई-केवायसी, आयुष्मान, नक्शा विहीन ग्राम, राजस्व प्रकरण, फार्मर रजिस्ट्री, खाद्यान्न वितरण की भी समीक्षा की। बताया गया कि नगर निगम सतना में डेढ लाख डुप्लीकेट समग्र आईडी का डिलीशन हुआ है। इसके अलावा मझगवां, रामपुर बघेलान में भी बेहतर कार्य हुआ है। नगर पंचायत जैतवारा में समग्र ई-केवायसी का काम नहीं होने पर सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। खाद्य अधिकारी ने बताया कि तीन माह के आवंटित खाद्यान्न में 94 प्रतिशत उठाव हो गया है।

















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com